फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 75 संख्याः 14 प्रभात जयपुर, बुधवार 14 अगस्त, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

ARBIT

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot



**Atrocities By Our Very Own...** The Commission concluded, obviously under pressure of the Maharawal, that it was a suicide and not a murder.

**Which Prime Minister has hoisted the National Flag most times?**

**Jaipur's Virasat Se Vikas Verve**

# प्र.मंत्री मोदी और अडानी के संबंधों का पर्दाफाश करने के लिये कांग्रेस राष्ट्रव्यापी आंदोलन चलायेगी

## कांग्रेस इस आंदोलन में सेबी की अध्यक्ष माधवी बुच को हटाने की भी मांग करेगी, कांग्रेस का यह मानना है कि सच्चाई तभी सामने आयेगी, जब इस पूरे प्रकरण की जांच जे.पी.सी. को सौंपी जायेगी

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 अगस्त। हिंडनबर्ग रिपोर्ट में अडानी और सेबी की चेयरमैन माधवी पुरी बुच पर लगाए गए आरोपों पर सीधे प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए कांग्रेस 22 अगस्त से राष्ट्रव्यापी आंदोलन शुरु करेगी जिसमें अडानी पर लगे आरोपों की जांच जॉइन्ट पार्लियामैंट्री कमेटी (जे.पी.सी.) से कराने की मांग की जाएगी।

- इस आंदोलन को 22 अगस्त से चलाने के लिये पार्टी अध्यक्ष खड़गे, राहुल गांधी ने मंगलवार को प्रदेशाध्यक्षों, ए.आई.सी.सी. के महासचिवों व प्रदेश के प्रभारियों की बैठक ली दिल्ली में।
- चार राज्यों में, महाराष्ट्र, हरियाणा, झारखंड व कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनाव की रणनीति भी तैयार की गयी।
- इन राज्यों के विधानसभा चुनाव में भी प्र.मंत्री व अडानी पर फोकस रहेगा। हालांकि, कांग्रेस जाति/जात आधारित जनगणना व एम.एस.पी. के दामों पर कृषि उत्पादों की खरीद के लिये कानून बनाने तथा रेलवे के इन्फ्रास्ट्रक्चर की दुर्दशा व इसके कारण लगातार हो रहे रेल एक्सिडैण्ट का मसला भी चुनाव के दौरान उठायेगी।

सूत्रों के अनुसार, यह तो स्पष्ट है कि गौतम अडानी के मुद्दे पर नरेन्द्र मोदी कभी भी जे.पी.सी. जांच के लिए तैयार नहीं होंगे क्योंकि जितना नजर आ रहा है मामला उससे कहीं बड़ा है।

कांग्रेस सूत्रों ने कहा कि, कांग्रेस देश भर में मोदी अडानी की सांठगांठ का करने का प्रयास करेगी।

सूत्रों ने बताया कि सेबी की अध्यक्ष के कृत्यों से पर्दा उठ चुका है, हर रोज नए खुलासे हो रहे है।

कांग्रेस अपने प्रदर्शन में जातिगत जनगणना का मुद्दा भी उठाएगी ताकि जरुरतमंदों को न्याय मिल सके।

कांग्रेस ने कहा कि केन्द्र सरकार रोज संविधान पर हमले कर रही है यह सब बंद होना चाहिए।

कांग्रेस चाहती है, किसानों को एम.एस.पी. की लीगल गारंटी दी जाए। कांग्रेस ने रेल के आए दिन पटरी से उतरने का मुद्दा भी उठाया है और कहा कि रेल्वे का इन्फ्रास्ट्रक्चर ठप्प हो रहा है।

पी.सी.सी. अध्यक्षों, ए.आई.सी.सी. महासचिव और प्रभारियों की कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने मंगलवार बैठक ली।

बैठक में हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखण्ड व जम्मु-कश्मीर के आगामी विधानसभा चुनावों पर चर्चा की गई।

सूत्रों ने कहा कि संभावना है कि हर सभा और हर सदन में अडानी व मोदी की सांठगांठ का मुद्दा उठाया जाएगा।

# जयपुर ग्रामीण लो.स. प्रत्याशी चोपड़ा की याचिका पर सुनवाई नहीं

जयपुर, 13 अगस्त। राजस्थान हाईकोर्ट के जस्टिस उमाशंकर व्यास ने जयपुर ग्रामीण लोकसभा चुनाव 2024 में पराजित कांग्रेस प्रत्याशी अनिल चौपड़ा की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने प्रकरण को किसी अन्य एकलपीठ में सूचीबद्ध करने के लिए प्रकरण चीफ जस्टिस के समक्ष भेजा है।

- राजस्थान हाई कोर्ट के जस्टिस उमाशंकर व्यास ने याचिका किसी अन्य एकलपीठ के पास सूचीबद्ध करने के लिए उसे चीफ जस्टिस के समक्ष भेज दिया है।

याचिका में चुनाव परिणाम को रद्द करने और ई.वी.एम. व पोस्टल बैलेट के मतों की पुनः गणना की अदालत से गुहार की गई है। इसमें जयपुर ग्रामीण लोकसभा सीट से जीते बीजेपी प्रत्याशी राव राजेन्द्र सिंह व रिटर्निंग ऑफिसर सहित अन्य को पक्षकार बनाया है। याचिका में कहा कि ई.वी.एम. और पोस्टल बैलेट से वोटों की गिनती में काफी अनियमितताएं हुई हैं। गौरतलब है कि हाल ही में हुए लोकसभा चुनावों

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'सिविक वॉलन्टियर स्कीम' क्या है पश्चिम बंगाल की?

## एक ''सिविक वॉलन्टियर'' ने एक युवा डॉक्टर जो अपनी एम.डी. की तैयारी कर रही थी, का बेरहमी से ''रेप'' किया तथा मार-पिटाई की, जिससे उस मृत मैडिकल स्टूडैन्ट के एक्सरे में कई हड्डियां, जिसमें गर्दन की हड्डी भी थी, टूटी हुई पाई गई थी

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 अगस्त। पश्चिम बंगाल के सबसे बड़े सरकारी अस्पतालों में से एक में एक युवा मैडिकल छात्रा के बलात्कार व हत्या ने राज्य की राजनीति को हिलाकर रख दिया है। यह केस दिल्ली में कुछ वर्षों पहले घटित निर्भया रेप केस जैसा वीभत्स है जिसके चलते सरकार ही बदलल गई थी।

- यह मैडिकल स्टूडैन्ट 36 घंटे की लगातार ड्यूटी करने के बाद, थक कर एक खाली कॉन्फ्रैंस रूम में सो गई थी तथा ''सिविक वॉलन्टियर'' ने इस कॉन्फ्रैंस हाल में प्रवेश करके ''रेप'' को अंजाम दिया था।
- ''सिविक वॉलन्टियर'', पुलिस महकमे के कर्मचारी नहीं हैं, ये राजनीतिक नियुक्तियां हैं तथा प्रत्येक वॉलन्टियर को बारह हजार रूपए का भुगतान मिलता है तथा उनकी ड्यूटी होती है विशेष परिस्थितियों में पुलिस प्रशासन की मदद करना।
- जिस ''सिविक वॉलन्टियर'' ने मैडिकल स्टूडैन्ट की रेप व हत्या की, वह तृणमूल कांग्रेस के पूर्व मंत्री का पुत्र बताया जाता है तथा गले में सोने की मोटी चैन पहने हुए पुलिस विभाग के बैच आदि लगाये रहता था तथा मैडिकल कॉलेज व अस्पताल में उन जगहों पर घूमता-फिरता था, जहाँ गैर मैडिको के लिये प्रवेश वर्जित है।

इस निर्दोष युवती पर किए गए हमले और फिर उसकी हत्या करने को लेकर जो डिटेल्स सामने आ रही हैं वे भयावह, व्यथित करने वाली एवं आक्रोश दिलाने वाली हैं। इस घटना से पता चल गया है कि राज्य में सामाय आदमी की सुरक्षा एवं सरकारी नीतियां किस हद तक गड़बड़ है।

जले पर और नमक छिड़कने वाली बात यह है कि कुकृत्यों की खबरें सार्वजनिक होने के बाद अपने पद से इस्तीफा दे चुके मैडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के प्रिंसीपल को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दोष मुक्त करते हुए ऐसे ही एक अन्य प्रतिष्ठित संस्थान में पुनर्नियुक्त कर दिया।

लेकिन कलकत्ता हाई कोर्ट ने इस प्रकरण में स्वतः प्रसंज्ञान लेते हुए सैन्ट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वैस्टिगैशन (सी.बी.आई.) से तुरन्त हस्तक्षेप कर घटना की जांच करने को कहा। ऐसे आरोप हैं कि तृणमूल सरकार के एक पूर्व मंत्री का पुत्र इस कांड में लिप्त था।

एम.डी. के लिए तैयारी कर रही एक होनहार मैडिकल छात्रा की राज्य

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# बांग्लादेश हिंसा से ठप्प पड़ गई है दोनों देशों की महत्वपूर्ण रेल लिंक परियोजना

## 12.24 किलोमीटर लम्बी अगरतला-अखोरा (बांग्लादेश) रेल लिंक योजना प्रधानमंत्री की ''लुक ईस्ट'' पॉलिसी का महत्वपूर्ण हिस्सा है

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 अगस्त। बांग्लादेश में इस माह हुये राजनैतिक महापरिवर्तन का एक प्रतिकूल परिणाम यह रहा है कि अगरतला (भारत) - अखोरा (बांग्लादेश) के बीच निर्माणाधीन 12.4 किमी. लम्बे रेल लिंक के पूरे होने की निश्चित तिथि अनिश्चितकाल के लिए आगे खिसका दी गई है। इस रेल-लिंक का उद्देश्य दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को बढ़ाना था।

- इस ट्रैक पर भारत के हिस्से का काम पूरा हो गया है और बांग्लादेश के हिस्से का काम भी 98 प्रतिशत पूरा हो गया है, पर शेष बचा काम कब पूरा होगा, इसे लेकर भारी अनिश्चितता का माहौल है।
- प्रधानमंत्री मोदी ने बांग्लादेश के साथ बेहतर संबंधों के दौरान दोनों देशों के बीच व्यापार व जन सम्पर्क बढ़ाने के लिए कई रेल योजनाएं शुरु की थीं।

रेल लाइन का भारत की तरफ का 5.46 किमी. के ट्रैक का काम पूरा हो गया है तथा बांग्लादेश की तरफ के ट्रैक का काम भी 98 प्रतिशत तैयार है। लेकिन इंडियन रेलवे (आई.आर.) के एक अधिकारी ने कहा, ''लेकिन अब इसके पूरे होने के समय को लेकर कोई निश्चितता नहीं है। काफी कुछ तो इस बात पर निर्भर करेगा कि बांग्लादेश की नई सरकार इस प्रोजैक्ट के काम को चलाना चाहती है अथवा नहीं, क्योंकि बांग्लादेश के राजनैतिक हलकों का एक मुखर वर्ग भारत-विरोधी सोच वाला है।''

बांग्लादेश के जन-आंदोलन एवं हिंसक गतिविधियों के चलते, आई.आर. ने पाँच यात्री सेवाएं 5 अगस्त को निलम्बित कर दी थीं, जिनमें ''मैत्री एक्सप्रेस'', ''बंधन एक्सप्रेस'' तथा ''मित्तल एक्सप्रेस'' शामिल थीं। उसी दिन मालगाड़ियाँ भी स्थगित कर दी गई थीं।

बहुप्रतीक्षित ''अगरतला-अखोरा'' लाइन को लेकर अनिश्चितता की नई स्थिति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिये एक धक्का साबित हुई है। उन्होंने एन.डी.ए. सरकार की ''लुक ईस्ट पॉलिसी'' के एक हिस्से के रूप में पूर्वोत्तर में इस रेल कनैक्टिविटी प्रोजैक्ट को बड़े उत्साह से आगे बढ़ाया था।

हाल ही के वर्षों में दोनों देशों के बीच कई यात्री रेलगाड़ियाँ एवं मालगाड़ियाँ चलाई गई हैं तथा रेल के जरिये द्विपक्षीय व्यापार बहुत तेजी से बढ़ा है। 2020-21 में 3,706,946 मीट्रिक माल भारत से बांग्लादेश गया था, जबकि 2019-20 में इसकी मात्रा 1,677,825 ही थी। भारत से बांग्लादेश का निर्यात, जो 2019-20 में 8,200 डॉलर का था, 2021-22 में बढ़कर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सिंघानिया युनिवर्सिटी केस में फैसला सुरक्षित

जयपुर, 13 अगस्त (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने नेशनल मेडिकल कौंसिल से मान्यता लिए बिना ही एमबीबीएस कराने वाले सिंघानिया विश्वविद्यालय से जुड़े मामले में सभी पक्षों की बहस सुनकर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। जस्टिस समीर जैन ने यह आदेश सिंघानिया यूनिवर्सिटी से एम.बी.बी.एस. करने वाली रंजना जांगड़ा व अन्य की याचिकाओं पर दिए। अदालती आदेश के पालन में ए.सी.एस. उच्च शिक्षा रिकार्ड सहित अदालत में पेश हुए, जिस पर अदालत ने रिकार्ड रजिस्ट्रार न्यायिक के पास भेजते हुए इसका परीक्षण करने की मंशा जताई।

- नैशनल मैडिकल काउन्सिल की मान्यता के बिना एम.बी.बी.एस. पाठ्यक्रम संचालित कर रही सिंघानिया युनिवर्सिटी पर हाई कोर्ट में बहस पूरी हो गई है और फैसला बाद में सुनाया जाएगा।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'बहिन सुप्रिया के खिलाफ पत्नी को चुनाव लड़ाना भारी गलती थी'

## महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजीत पवार के बयान को महाराष्ट्र की राजनीति में एक और उलटफेर का संकेत माना जा रहा है

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 अगस्त। आज महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने यह स्वीकार कर लिया कि बारामती लोकसभा सीट पर अपनी पत्नी सुनेत्रा को अपनी चचेरी बहिन तथा शरद पवार की पुत्री सुप्रिया सुले के खिलाफ चुनाव में उतारने का उनका निर्णय गलत था। क्या उनका यह स्वीकरण महाराष्ट्र की राजनीति में किसी बड़े उल्टफेर एवं बदलाव का संकेत है।

- महाराष्ट्र में आगामी तीन महीनों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इन हालात में अजीत पवार के इस बयान से ऐसा लग रहा है कि वे पुनः अपने चाचा शरद पवार के खेमे में लौट सकते है।
- राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को प्रमोट करने के लिए उप मुख्यमंत्री अजीत पवार इन दिनों महाराष्ट्र की ''जन सम्मान'' यात्रा पर हैं। यात्रा के दौरान पत्रकारों के सवाल के जवाब में अजीत पवार ने उक्त टिप्पणी की और यह भी कहा कि शरद पवार उनके परिवार के मुखिया हैं।
- ज्ञातव्य है कि गत वर्ष जुलाई में अजीत पवार एन.सी.पी. के कई विधायकों के साथ शरद पवार से अलग होकर एन.डी.ए. में शामिल हो गए थे, पर यहां उनकी पटरी नहीं बैठ रही है। अंदरूनी खबर है कि भाजपा महसूस कर रही है कि अजीत पवार को साथ लेना भारी भूल थी।

यह प्रश्न न केवल महाराष्ट्र बल्कि राष्ट्रीय राजधानी के राजनैतिक हलकों में भी तीखी बहस का मुद्दा बन गया है, क्योंकि यह प्रश्न चुनाव की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण राज्य महाराष्ट्र में भाजपा की चुनावी संभावनाओं के लिये एक धक्का साबित हो सकता है। ज्ञातव्य है कि विधानसभा चुनाव अगले तीन माह में ही होने हैं।

तीन बार सांसद रह चुकीं सुले ने सुनेत्रा को हाल ही के लोकसभा चुनावों में 1,58,000 वोटों के बड़े अन्तर से हराया था। अजित पवार की नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एन.सी.पी.) पश्चिमी महाराष्ट्र की दो लोकसभा सीटों पर शरद पवार की एन.सी.पी. (शरद पवार) के खिलाफ चुनाव लड़ी थी तथा इन दोनों ही हाई-प्रोफाइल सीटों -बारामती एवं शिरुर पर शरद पवार की ए.सी.पी. से हार गई थी।

अपने राज्यव्यापी दौरे के दौरान मराठी समाचार चैनल 'जय महाराष्ट्र' से बात करते हुये, अजित पवार ने पारिवारिक मामलों में राजनीति के प्रवेश पर दुख व्यक्त किया और कहा, ''राजनीति को घर-परिवार में प्रवेश नहीं करने देना चाहिये। मुझसे इस मामले में गलती हुई। मुझे अपनी बहिन के खिलाफ सुनेत्रा को खड़ा नहीं करना चाहिये था।''

अजित पवार ने स्पष्टीकरण देते हुये कहा कि यह निर्णय पार्टी के संसदीय बोर्ड ने लिया था। उन्होंने आगे कहा, ''कमान से तीर निकल जाने के बाद कुछ भी नहीं किया जा सकता। अब मैं यह मानता हूँ कि ऐसा नहीं होना चाहिये था।''

इस हार से अजित पवार की क्षमता पर प्रश्न खड़े हो गए हैं कि वे पश्चिमी महाराष्ट्र में एन.सी.पी. के परम्परागत मतदाताओं के समर्थन को बटोर नहीं सके। उनके अथक प्रयासों एवं प्रतिष्ठा के बावजूद, उनकी पत्नी का सुले से हार

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मु.मंत्री भजनलाल बड़ी चौपड़ पर झंडारोहण करेंगे

जयपुर, 13 अगस्त (का.सं.)। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बड़ी चौपड़ पर प्रातः 7.50 बजे झंडारोहण करेंगे। इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ उपस्थित रहेंगे।

- स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) को सुबह 7:50 बजे बड़ी चौपड़ पर झंडारोहण कार्यक्रम होगा।

भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक ने बताया कि प्रदेश भाजपा कार्यालय पर प्रातः 8.30 बजे भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ झंडारोहण करेंगे व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। इस दौरान, भाजपा प्रदेश पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

# केन्द्रीय सरकार व राज्य सरकार का झगड़ा चरम पर पहुंचा

## कर्नाटक की राज्य सरकार ने कभी देश की शान एच.एम.टी. फैक्टरी को नोटिस दिया कि वह फैक्टरी के क्षेत्रफल से 281 एकड़ कृषि भूमि राज्य सरकार को वापस लौटाये

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 अगस्त। कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार और जनता दल (एस) के नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री एच.डी. कुमारास्वामी के बीच सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी हिंदुस्तान मशीन टूल्स (एच.एम.टी.) को फिर से खड़ा करने को लेकर एक दिलचस्प संघर्ष चल रहा है। हाथ की घड़ियों के मार्केट पर कभी एच.एम.टी. का 90 प्रतिशत कब्जा हुआ करता था। उसे बैंगलोर की शान भी कहा जाता था। कुमारास्वामी केन्द्र में सत्तारूढ़ एन.डी.ए. सरकार में केन्द्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री हैं।

- दूसरी ओर कर्नाटक के पूर्व मु.मंत्री एच.डी. कुमारास्वामी, जो अब केन्द्रीय सरकार में स्टील व भारी उद्योग मंत्री हैं, एच.एम.टी. को पुनः ''जीवित'' करने के लिये सहायता पैकेज लाना चाह रहे हैं।
- इस पूरे प्रकरण में राजनीति स्पष्ट दिख रही है। राज्य सरकार किसी भी तरह केन्द्रीय सरकार को इस प्रकरण में वाहवाही नहीं लूटने देना चाहती।
- राज्य सरकार के वन मंत्री का तर्क है कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला है, एक बार जो भूमि वन घोषित हो जाती है, वह सदा वन भूमि ही रहती है तथा 11 जून 1896 से गज़ट नोटिफिकेशन में एच.एम.टी. को दी गई जमीन वन मानी गई थी।
- वन मंत्री का यह भी तर्क है कि पर्यावरण, सिविल राइट्स से ज्यादा महत्व रखता है।
- केन्द्रीय भारी उद्योग मंत्री कुमारास्वामी ने पूर्व प्र.मंत्री जवाहर लाल नेहरू व इंदिरा गांधी की एच.एम.टी. फैक्टरी के विजिट्स की फोटो दिखाई और कहा कि अब अचानक क्यों राज्य सरकार को एच.एम.टी. फैक्टरी के वन भूमि पर बने होने की याद आयी। वैसे भी केन्द्रीय मंत्री के अनुसार, एच.एम.टी. फैक्टरी ने पूरा पैसा, जो देय बनता था, जमा करवाया है। अतः अचानक एक दिन मनमाने तरीके से एच.एम.टी. से भूमि वापस नहीं ली जा सकती है।

कुमारास्वामी दावे से कहते हैं कि वह एच.एम.टी. को फिर से खड़ा करने की एक कार्ययोजना पर काम कर रहे हैं क्योंकि देश में हुए आर्थिक उदारीकरण के बाद सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों की हालत खस्ता और घड़ी उद्योग में प्राइवेट प्लेयर्स के आ जाने से एच.एम.टी. बंद होने की कगार पर है। कुमारास्वामी का आरोप है कि कर्नाटक सरकार एच.एम.टी. से हजारों एकड़ भूमि को रिकवर करने पर आमादा है। कर्नाटक सरकार दावा करती है कि भूमि वन विभाग की है और वन विभाग ने उसकी रिकवरी को लेकर एच.एम.टी. को एक नोटिस भी दिया था।

कुमारास्वामी ने प्रशासन के नोटिस को लेकर राज्य के वन मंत्री ईश्वर खाण्ड्रे की आलोचना की। नोटिस में वन विभाग से कहा गया था कि वह एच.एम.टी. लिमिटेड से 281 एकड़ भूमि रिकवर करने के प्रयास शुरु करे।

केन्द्रीय मंत्री कुमारास्वामी आज बैंगलोर में थे। मीडिया कर्मियों से बातचीत में उन्होंने कांग्रेस सरकार के इरादों पर सवाल उठाते हुए उसके रूख की निंदा करते हुए कहा कि उसका दृष्टिकोण सार्वजनिक क्षेत्र के इस उपक्रम की हत्या कर देगा जो पहले ही अंतिम सांसे गिन रहा है। उन्होंने राज्य के वन मंत्री से कहा कि वह कुछ दरियादिली दिखाएं और एच.एम.टी. के पुनर्निर्माण में सहयोग दें।

कर्नाटक के वन मंत्री खाण्ड्रे ने 11 जून 1896 के एक गज़ट अधिसूचना का हवाला देते हुए गत 9 अगस्त को एक प्रशासनिक नोट जारी किया था। अधिसूचना में बैंगलुरू शहर के पीन्या जालाहल्ली में सर्वे नम्बर 1 की 559 एकड़ भूमि को वन विभाग की भूमि के रूप में दर्शाया गया है। उन्होंने कहा कि यह दर्शाने वाला कोई रिकॉर्ड नहीं है कि यह भूमि एच.एम.टी. को कभी तोहफे

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**मैं ईश्वर से डरता हूँ और ईश्वर के बाद उससे डरता हूँ जो ईश्वर से नहीं डरता। -शेख सादी**

# स्वतंत्रता दिवस पर लोकतंत्र के भविष्य की चिंता

हम भारत के लोग कल देश का 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाएंगे। पिछले 77 सालों में देश ने प्रगति के अनेक सोपान चढ़े हैं। इन सोपानों पर हम सहज ही गर्व कर सकते हैं। तिजारत करने आए अंग्रेज, जो यहां के मालिक बन बैठे थे, जब वापस अपने वतन लौटे तब इस देश को कंगाल छोड़ कर गये थे। भारत ने अपने को फिर से बनाया। संविधान निर्माताओं ने न्याय और समता वाले समाज की रचना के वास्ते संसदीय लोकतंत्र वाले गणतांत्रिक राज्य की व्यवस्था दी। मगर तीन चौथाई सदी के बाद भी इस देश में लोकतन्त्र की वैसी इमारत खड़ी नहीं हो पाई है जिसमें न्याय, समानता और आपसी प्रेम का घर बसा हो। कैसी विडंबना है कि इतने लंबे समय तक, जब लोकतंत्र की जड़ें गहरी जम जानी चाहिए थी, उसके भविष्य की चिंता करनी पड़ रही है। अजीब बात यह है कि सबको अपने-अपने राजनैतिक विरोधियों से ही लोकतंत्र को खतरा नज़र आ रहा है। राज में आने की प्रतिस्पर्धा की राजनीति के लोग प्रेम और युद्ध में सब जायज के सिद्धांत पर चलते हुए नई डिजिटल तकनीकों के उपयोग से अपने-अपने कथाक्रम बना रहे हैं और आभासी दुनिया में प्रचार करके असली दुनिया में विभाजन रेखाएं खींच रहे हैं। लोकतान्त्रिक संस्थाओं को अयोग्य हाथों में सौंपना तथा लोकतंत्र की संविधानप्रदत्त शक्तियों को अपनी व्याख्या के अनुरूप काम में लेना अब सामान्य चलन बन गया है। लोक सेवा आयोगों के सदस्यों और विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्तियों तथा उनके कामकाज के हाल हम देख चुके हैं। लोकतंत्र की सर्वोच्च संस्था विधायिका में गंभीर चर्चाओं के स्थान पर हुड़दंग अधिक होता है। कार्यपालिका सामंती काल से चले आ रहे आकंठ भ्रष्टाचार की दलदल में और गहरे धंसी चली जा रही है। मुकदमों के भारी बोझ तले दबी न्यायपालिका तुरंत सुनवाई के लिए किस पर मेहरबान होगी कोई नहीं जानता। रियासतों के एकीकरण के बाद सामंती शासन से लोकतान्त्रिक व्यवस्था में पूर्ण बदलाव की मंज़िल अब भी दूर तक नज़र नहीं आती। वह इसलिये कि भारतीय समाज भौतिक रूप से भले ही आधुनिक हो गया हो, किन्तु वह शोषण, ऊंच-नीच और अधिनायकवाद के बोझ वाले सामंती सोच से मुक्त नहीं हो सका है। लोकतान्त्रिक राजनीति, जिसे सेवा का उद्यम होना थावह केवल राज करने का जरिया बन कर रह गई है। महात्मा गांधी ने राजनीति को पवित्र बनाने की कोशिश की थी। वे अपने सीने पर गोली खाने तक राजनीति में ही नहीं प्रत्येक मानव के जीवन में सत्य और अहिंसा की मर्यादा स्थापित करने में लगे रहे। उनके बाद किसी ने उस तरफ नहीं देखा। लोकतान्त्रिक व्यवस्था के केंद्र में मनुष्य होता है। सारी व्यवस्थाएं उसकी उन्नती और बहबूदी के लिए होती है। मगर आज़ादी का यह दिवस ऐसी लोकतान्त्रिक मर्यादाओं को तिरोहित होता देख रहा है।

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर याद आता है 25 नवंबर 1949 को संविधान सभा में दिया गया डॉ. भीमराव आंबेडकर का भाषण। उन्होंने कहा था: अगर हम लोकतंत्र को सिर्फ दिखावे में ही नहीं, बल्कि वास्तव में भी बनाए रखना चाहते हैं, तो हमें अपने सामाजिक और आर्थिक उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए संवैधानिक तरीकों को अपनाना चाहिए... इसका मतलब है कि हमें सविनय अवज्ञा, असहयोग और सत्याग्रह के तरीकों को छोड़ देना चाहिए... ये तरीके अराजकता के व्याकरण के अलावा और कुछ नहीं हैं और जितनी जल्दी इन्हें छोड़ दिया जाए, हमारे लिए उतना ही बेहतर है। उन्होंने दूसरी बात कही कि "अपनी स्वतंत्रता को किसी महान व्यक्ति के चरणों में न समर्पित करें, या उसे ऐसी शक्तियों को न सौंपें जो उसे उनकी संस्थाओं को नष्ट करने में सक्षम बनाती हैं..." यह सावधानी भारत के मामले में ... कहीं अधिक आवश्यक है क्योंकि यहां भक्ति या जिसे भक्ति का मार्ग या नायक-पूजा कहा जा सकता है, उसकी राजनीति में ... भूमिका कहीं अधिक है। धर्म में भक्ति आत्मा की मुक्ति का मार्ग हो सकती है, लेकिन राजनीति में भक्ति या नायक-पूजा निश्चित रूप से पतन और अंततः तानाशाही का मार्ग होती है। उन्होंने यह भी कहा कि हमें केवल राजनीतिक लोकतंत्र से संतुष्ट नहीं होना है बल्कि हमें अपने राजनीतिक लोकतंत्र को सामाजिक लोकतंत्र भी बनाना चाहिए। राजनीतिक लोकतंत्र तब तक नहीं टिक सकता जब तक उसके आधार में सामाजिक लोकतंत्र न हो। सामाजिक लोकतंत्र का अर्थ उन्होंने बताया कि एक ऐसी जीवन पद्धति जो स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को जीवन के सिद्धांतों के रूप में मान्यता दे। आजादी के इस दिवस पर हम पाते हैं कि महात्मा गांधी और आंबेडकर की विरासत लेकर चलने का दावा करने के बावजूद यह देश ऐसा नहीं कर सका है। संसदीय लोकतंत्र में सामूहिकता पहली शर्त होती है जिसमें अल्पमत को सम्मान देने की मर्यादा होती है। मगर अब निर्वाचित प्रतिनिधि चाहे वे किसी भी वैचारिक रंग के हों मैं के अहंकार में बात करते हैं, सामूहिक हम की भाषा में नहीं। कैसी अनोखी बात है कि आंबेडकर ने जो बात 1949 में संविधान सभा में कही उस पर लोकतंत्र के इन 80 वर्षों में केवल, एक छोटे काल खंड में उभरी, एक राजनैतिक पार्टी ने अमल करने की ईमानदार कोशिश की। वह थी स्वतंत्र पार्टी। सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी के सामने एक गैर-वामपंथी विपक्ष खड़ा करने के लिए 1959 में इस पार्टी का गठन किया गया था। इसके दो प्रमुख नेताओं सी. राजगोपालाचारी, जो राजाजी के नाम से अधिक जाने जाते हैं, और मीनू मसानी ने इस पार्टी के जरिए पहली बार देश में कांग्रेस के व्यावहारिक विकल्प का रोडमैप बनाया। दोनों नेताओं के बीच जबरदस्त तालमेल था। दस में से नौ मौकों पर घटनाओं की उनकी व्याख्या एक समान हुई और उनकी बनाई नीतियों और रणनीतियों से उनकी पार्टी को जबरदस्त शुरुआती सफलता मिली। राजाजी अपनी पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी और पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठकों में दोहराते रहते थे कि "हमें सत्ता के पीछे नहीं भागना चाहिए, सत्ता को हमारा पीछा करना चाहिए।" लोगों को शिक्षित करके सत्ता की तलाश करने को उन्होंने पार्टी का उद्देश्य बताया।ट्रेड यूनियनों को मोर्चों के रूप में चलाने की कोशिश नहीं करना और न ही छात्र संघों में हस्तक्षेप करना इस पार्टी की नीति थी। उसका मानना था कि क्योंकि ट्रेड यूनियनों को श्रमिकों के हितों की देखभाल के लिए बनाया गया है और राजनीतिक दलों द्वारा इनका शोषण नहीं किया जाना चाहिए। इसी प्रकार छात्रों को राजनीति में आने से पहले अपनी पढ़ाई पूरी करनी चाहिए। संसद और राज्य विधानसभाओं और परिषदों में पार्टी के निर्वाचित विधायकों को वॉक-आउट करने की अनुमति यह पार्टी नहीं देती थी। अपने 15 वर्षों के अस्तित्व के दौरान, पार्टी के सांसदों ने केवल एक बार लोकसभा में वाकआउट किया और वह भी तब जब संविधान के 17वें संशोधन पर बहस हुई थी जिसमें किसानों की जमीन के अधिग्रहण की व्यवस्था थी और पार्टी के प्रस्ताव पर अध्यक्ष द्वारा दिया गया निर्णय उन्हें स्पष्ट रूप से अनुचित लगा। एक बार तो ऐसा अवसर भी आया जब पार्टी के विधायक आंध्र विधानसभा से बहिर्गमन कर सदन के बाहर प्रदर्शन करने लगे तो पार्टी के केंद्रीय संसदीय बोर्ड ने ऐसा करने वाले विधायकों के समूह के नेता, जो राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य भी थे, को ताड़ना देते हुए ऐसा दोबारा ऐसा न करने की चेतावनी दी। उस संसदीय बोर्ड ने अपना यह निर्णय दर्ज किया: जब विधानसभा का सत्र चल रहा हो, तब स्वतंत्र पार्टी के सभी विधायकों को विधानसभा के अंदर होना चाहिए, न कि बाहर। उन्हें बाहर खड़े होकर विरोध करने के लिए नहीं चुना गया है। वे सदन में रहने के लिए चुने गए हैं और अगर चर्चा के तहत मुद्दे पर पार्टी की स्थिति विरोध की है तो उसे वहां दर्ज कराते हैं।

> **धर्म में भक्ति आत्मा की मुक्ति का मार्ग हो सकती है, लेकिन राजनीति में भक्ति या नायक-पूजा निश्चित रूप से पतन और अंततः तानाशाही का मार्ग होती है। उन्होंने यह भी कहा कि हमें केवल राजनीतिक लोकतंत्र से संतुष्ट नहीं होना है बल्कि हमें अपने राजनीतिक लोकतंत्र को सामाजिक लोकतंत्र भी बनाना चाहिए। राजनीतिक लोकतंत्र तब तक नहीं टिक सकता जब तक उसके आधार में सामाजिक लोकतंत्र न हो।**

स्वतंत्र पार्टी विरोध के लिए विरोध करने में विश्वास नहीं रखती थी। उसका मानना था कि ऐसे मौके भी आ सकते हैं जब पार्टी को एक सरकारी प्रस्ताव का समर्थन करना पड़े, यदि यह राष्ट्रीय हित में हो और भले ही इसका मतलब विपक्ष में अन्य दलों के साथ रैंक तोड़ना हो। एक अवसर पर श्रीमती इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस पार्टी ने रुपये के अवमूल्यन के लिए विपक्षी दलों का समर्थन मांगा। अर्थव्यवस्था बुरी तरह से संकट में थी और विदेशी व्यापार के अधिक होने से बड़े पैमाने पर मार पड़ रही थी। पार्टी ने कांग्रेस का समर्थन करने का फैसला किया, भले ही अन्य विपक्षी दलों ने अवमूल्यन का विरोध किया और उससे नाराज हुए, लेकिन पार्टी अपनी जमीन पर डटी रही। 1962 और 1971 के बीच कई मौकों पर ऐसा भी हुआ जब पार्टी ने अविश्वानस प्रस्ताव्वों में भाग लेने से मना कर दिया। पार्टी ने यह स्पष्ट कर किया कि अविश्वास प्रस्ताव गंभीर संसदीय हथियार होता है जिसका कम से कम इस्तेमाल किया जाना चाहिए, उसे तुच्छ नहीं बनाया जाना चाहिए। पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र को स्वीकार करने और पार्टी की एकता के नाम पर अपने सदस्यों को बांधे नहीं रखने का सिद्धांत भी इस पार्टी ने दिया। उसकी नीति थी कि पार्टी व्हिप का उपयोग इतना दमनकारी नहीं हो कि पार्टी के विधायक केवल वोटिंग मशीन बन कर रह जाएं। मगर आजाद भारत की दलीय राजनीति भटकती चली गई और लोकतान्त्रिक मूल्यों को मजबूती देने के बजाय इनके नेता सामंती व्यवहार में रस लेते हुए उसे आज ऐसे मुकाम पर ली आए हैं जहां सभी को लोकतंत्र के भविष्य की चिंता होने लगी हैं।

**-अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# कार्बन उत्सर्जन : दुनिया खतरे में है



**अविनाश जोशी**

कार्बन व्यापार में चीन, अमेरिका, रूस, जर्मनी, दक्षिण कोरिया बड़े निर्यातक हैं। इन देशों में जिन कंपनियों का कार्बन उत्सर्जन देश के सालाना कार्बन उत्सर्जन का साठ फीसद से ज्यादा है, वे अपने उत्सर्जन की भरपाई 'कार्बन क्रेडिट' खरीद कर करना आसान मानती हैं। प्रति इकाई 'कार्बन क्रेडिट' के बाजार भाव में मांग के अनुसार उतार-चढ़ाव आता रहता है। मसलन, चीन में सरकार की कार्बन उत्सर्जन रोकने पर सख्ती की नीति के कारण उद्योग 'कार्बन क्रेडिट' खरीदने की होड़ में हैं। एक रिपोर्ट से पता चलता है कि साल 2021 में कुल कार्बन उत्सर्जन के आधे हिस्से में चीन, अमेरिका और यूरोपीय संघ के देश शामिल थे। इस मामले में भारत का योगदान महज सात फीसद है, जबकि चीन इकतीस फीसद कार्बन उत्सर्जन करता है जो अपने आप में सर्वाधिक है

विश्व के सभी देशों में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार से ठीन हाउस गैसों का उत्सर्जन काफी तेज गति से बढ़ रहा है, जिसके कारण पृथ्वी के तापमान में निरंतर वृद्धि होती जा रही है। तापमान में होनें वाली इस वृद्धि में सबसे अधिक योगदान कार्बन डाई ऑक्साइड गैस का है। जिन देशों में औद्योगिक गतिविधियाँ ज्यादा होतीं है, वहां कार्बन का उत्सर्जन अधिक होता है। क्योटो प्रोटोकोल एक ऐसी ही संधि है, जो कि ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने के लिए विश्व के विकसित और विकासशील देशों को बाध्य करती है।

अमेरिका जैसे देश अमेरिका प्रथम की नीति पर चलते हैं, जबकि भारत जैसे देश 'वसुधैव कुटुम्बकम' के सिद्धांत को अपनाते हैं।यही कारण है कि सर्वाधिक कार्बन उत्सर्जन करने वाले अमेरिका जैसे देश औद्योगिकीकरण और विकास को सर्वोपरि लक्ष्य बनाए हुए हैं। जब कभी विकास की ओर नई प्रगति होती है तो उसका सीधा असर पर्यावरण पर पड़ता है और यही असर एक आदत का रूप ले ले, तो दुष्प्रभाव की पूरी संभावना बन जाती है। ऐसे दुष्प्रभाव से समय रहते निपटा न जाए तो पृथ्वी और उसके जीव अस्तित्व को लेकर एक नई चुनौती से गुजरने लगते हैं।

भारत में कार्बन उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए कई नीतियाँ और उपायों की प्राथमिकता दी जा रही है भारत सरकार ने वायु प्रदूषण और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए 'निगेलेशन स्ट्रेटेजी 2030' जैसी पहलों को प्रोत्साहित किया है, जो विद्युत, वायुमार्गों, हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रयोग को बढ़ावा देते हैं। भारत ने नवाचारी और स्वच्छ ऊर्जा स्त्रोतों के प्रति विशेष ध्यान दिया है, जैसे कि सौर ऊर्जा और जल परियोजनाएँ, जो कार्बन नकरात्मक योगदान को बढ़ावा देती हैं। वनस्पति संरक्षण और वन्यजीव सुरक्षा के उपायों का पे भी ध्यान दिया जा रहा है, क्योंकि वनस्पतियों और वन्यजीवों का संरक्षण भी कार्बन संकेत को संभावित रूप से कम कर सकता है। भारत सरकार ने कार्बन कैचर और स्टोरेज (ण्ण्ए) प्रौद्योगिकियों के प्रयोग को बढ़ावा देने की दिशा में कदम उठाया है, जिससे कार्बन उत्सर्जन को अवरुद्ध किया जा सकता है। प्रदूषण को नियंत्रित करने के उपायों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जो कार्बन उत्सर्जन को कम करने में मदद कर सकते हैं।

कार्बन उत्सर्जन से यहा तात्पर्य कार्बन डाइऑक्साइड, मेथेन, और अन्य प्रकार के कार्बन का वायुमंडल में उत्सर्जन से है। ये उत्सर्जन मुख्य रूप से वाहनों की इंधन जलाने, उर्जा उत्पादन, और औद्योगिक गतिविधियों से होता है, जिसके परिणामस्वरूप वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों का स्तर बढ़ता है और जलवायु परिवर्तन के प्रमुख कारकों में से एक बनता है मानव द्वारा किये जा रहे उत्सर्जन के कारण औद्योगिक क्रांति से लेकर अब तक पृथ्वी की सतह का औसत तापमान पहले ही 1 डिग्री सेल्सियस बढ़ चुका है और कार्बन उत्सर्जन में निरंतर वृद्धि से हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए पृथ्वी और अधिक खतरनाक जगह साबित होगी।

हम अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में छोटे-छोटे बदलाव करके कार्बन उत्सर्जन में कमी कर सकते है, जैसे सौर, पवन ऊर्जा के इस्तेमाल और पौधारोपण आदि से कार्बन उत्सर्जन में कमी की जा सकती है। कार्बन उत्सर्जन और अन्य ग्रीनहाउस गैसों का वातावरण में ईंधन, कच्चे तेल और कोयले के जलने से होता है। घर में बिजली के अधिक प्रयोग से और फ्लोरेसेंट बल्बों के इस्तेमाल से कर्मी की जा सकती है। ग्लास, धातुओं, प्लास्टिक और कागज को एक से अधिक बार उपयोग में ला कर भी हम कमी कर सकते हैं, इसके साथ ही निरंतर चलनें वाले रेफ्रिजरेटर की स्पीड धीमी रख कर या घर की दीवारों पर हल्के रंग का पेंट भी इसमें काफी मददगार होते है। वैसे तो इंडिकेटर और स्टैंडबाय मोड पर रहनें वाले गैजेट्स भी कई किलो कार्बन डाइऑक्साइड उत्पन्न करते हैं। कुछ छोटी छोटी बाते एवम आदते भी सहायक हो सकती है जैसे उचित मात्रा में कपड़े एकत्र होनें पर ही वाशिंग मशीन का उपयोग करे, गाड़ी के टायरों में हवा सही रखकर लगभग तीन प्रतिशत ईंधन की बचत कर सकते हैं, अधिक से अधिक वृक्ष लगानें का प्रयास करे, क्योंकि एक अकेला वृक्ष अपनी जिन्दगी में एक टन कार्बन डाइऑक्साइड सोखता है,भोजन को बर्बाद करनें से बचे, क्योंकि इसे तैयार करने में काफी ऊर्जा का उपयोग होता है इस तरह हम प्रकृति एवम पर्यावरण के प्रति जागरूक समाज के निर्माण में सहायक हो सकते है।

दुनिया भर में जलवायु परिवर्तन और बढ़ते तापमान को लेकर लंबे समय से चिंता जताई जाती रही है। इस मसले पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन होते रहते हैं और उनमें वैश्विक स्तर पर तापमान में बढ़ोतरी के कारणों और उसके समाधान पर विचार किया जाता है। लेकिन जमीनी स्तर पर इस सबका हासिल क्या रहा है, यह छिपा नहीं है। हालत यह है कि तापमान में बढ़ोतरी की समस्या अब ऐसी शक्ल अख्तियार करती जा रही है,जिसमें ऐसा लगता है मानो बहुत कुछ हाथ से छूट रहा हो। पिछले कुछ समय से मौसम के अति कठोर होते जाने की वजहें तापमान के इसी उतार-चढ़ाव में छिपी हैं। अमेरिका के दक्षिण-पश्चिम और मेक्सिको में जानलेवा गर्म हवाएं चल रही हैं तो यह बेवजह नहीं हैं। अब अगर दुनिया के दूसरे हिस्सों में भी बढ़ते तापमान की वजह से बिगड़ते हालात की खबरें आ रही हैं, तो यह एक तरह से गहराती समस्या की ही कड़ियां हैं। विडंबना यह है कि आए दिन होने वाली बैठकों में वैज्ञानिक और पर्यावरणविद जलवायु में आती विकृति के लिए कोयला, तेल और प्राकृतिक जीवाश्म ईंधन के उपयोग से जलवायु की निरंतरता में होने वाले बदलाव को जिम्मेदार ठहराते हैं। तात्कालिक स्तर पर इस मसले के हल के लिए कुछ बिंदुओं पर सहमति भी बनती है। लेकिन फिर कुछ समय बाद सब कुछ पहले की तरह चलने लगता है।

कोरोना महामारी के दौरान जब दुनिया के ज्यादातर देशों में पूर्णबंदी लगी थी, तब कार्बन उत्सर्जन में न केवल गिरावट आई थी, बल्कि आसमान कहीं अधिक साफ और प्रदूषण मुक्त देखने को मिला था। दरअसल कार्बन उत्सर्जन को लेकर दुनिया के देशों में कभी एकजुटता देखने को मिली ही नहीं। विकसित और विकासशील देशों में इसे लेकर आरोप-प्रत्यारोप भी व्यापक पैमाने पर रहे हैं। इतना ही नहीं, कार्बन उत्सर्जन को लेकर सभी देश बढ़-चढ़ कर अंकुश लगाने की बात करते रहे और हकीकत में नतीजे इसके विपरीत बने रहे। पृथ्वी साढ़े चार अरब साल पुरानी है और कई कालखंडों से गुजरते हुए मौजूदा पर्यावरण में है। यदि इससे वाकई बचना है तो वैश्विक उत्सर्जन में हर साल औसतन एक सौ चालीस करोड़ टन की कटौती करनी होगी तब कहीं जाकर 2070 तक कार्बन उत्सर्जन के मामले में शून्य तक पहुंचा जा सकेगा। कार्बन उत्सर्जन से उत्पन्न समस्या निजी नहीं है और दुनिया के देश भले ही आर्थिक संपन्नता और सभ्यता के चरम पर हों, मगर पृथ्वी को उसी की भांति बनाए रखने में यदि सफल नहीं होते हैं तो दुनिया को इसकी बड़ी कीमत चुकाने के लिए तैयार रहना होगा।

भारत की अपनी चिंताएं हैं। एक तरफ जहां करोड़ों लोगों को भुखमरी और गरीबी से बाहर निकालना है जिसके लिए आर्थिक विकास अपरिहार्य है, तो दूसरी ओर ग्रीन हाउस गैस के उत्सर्जन में भी कमी लाना है। ये दोनों दृष्टिकोण एक-दूसरे के अंतर्विरोधी हैं। यही कारण है कि भारत सौर और पवन ऊर्जा के विस्तार से अपनी अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने का रास्ता भी खोज रहा है। वास्तव में कार्बन उत्सर्जन में कटौती को लेकर सम्मेलनों में साहस दिखाने वाले देशों की कमी नहीं है, मगर देश के भीतर आर्थिक विकास की आपा-धापी के चलते वायदों पर भी खरे नहीं उतर पाते हैं।

**-अविनाश जोशी,**
**स्वंतत्र पत्रकार एवं लेखक**

# जालोर के सरकारी स्कूल ने प्रतिभाओं के होर्डिंग्स और पोस्टर लगाने की पहल की

## रेवत ग्राम के विद्यालय में विविध क्षेत्र की प्रतिभाओं का भी परिचय दिया है

> ■ **विद्यालय की इस पहल को अभिभावकों और शिक्षकों सहित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के शिक्षाविद्‌ों ने अनुकरणीय बताया है**

**जालोर, (कासं)।** प्रदेश में नामी-गिरामी शिक्षण संस्थानों के बीच जहां हर वर्ष नए शैक्षणिक सत्र में एडमिशन के लिए लुभाने के लिए उच्च प्राप्तांकों वाली मार्कशीट को दर्शाते होर्डिंग-पोस्टर का वार दिखाई देता है, वहीं जालोर के एक सरकारी स्कूल ने बच्चों पर प्राप्तांकों के मानसिक तनाव को कम करने वाली अभिनव पहल की है जो अभिभावकों और शिक्षा क्षेत्र में बहुत सराही जा रही है।

असल में प्रतिभाएं आमतौर पर सिर्फ प्राप्तांकों (प्रतिशत) के आधार पर ही तय होती है, लेकिन जालोर जिले के रेवत ग्राम स्थित इस विद्यालय में प्राप्तांकों के अलावा विविध क्षेत्र की अपनी प्रतिभाओं का भी परिचय दिया है। नतीजे इस स्कूल के भी बहुत अच्छे हैं लेकिन साथ-साथ विद्यालय ने अपने प्रवेशोत्सव पोस्टर नृत्य प्रतिभाएं, खेल प्रतिभाएं, सुंदर लेखन प्रतिभाएं, चित्रकला प्रतिभाएं, गायन कला प्रतिभा, सिलाई कला प्रतिभा, काव्य प्रतिभा और काफ्ट प्रतिभा के अलावा सोशल मीडिया प्रतिभा तक का परिचय दिया है। इस सरकारी विद्यालय ने श्रेष्ठ अंकों वाले विद्यार्थियों के साथ ही विभिन्न बहुआयामी प्रतिभाओं के होर्डिंग और पोस्टर लगाकर नई मार्केटिंग और ब्रांडिंग करने की पहल की है, जिसमें अंकों की मेरिट के साथ ही स्पोर्ट्स, डांस, सिंगिंग, पेंटिंग्स, बेस्ट राईटिंग, पॉइम्म, स्पीच आदि गतिविधियों को भी शामिल कर विविध टेलेंटेड प्रतिभाओं के होर्डिंग्स और पोस्टर लगवाकर सर्वांगीण विकास का मैसेज दिया है।

विद्यालय के प्राचार्य छगनपुरी गोस्वामी ने बताया कि व्याख्याता संदीप जोशी ने साथी शिक्षकों के साथ मिलकर रेवत स्कूल में यह नई पहल की है। शिक्षक जोशी के मुताबिक कोचिंग एवं ट्यूशन के दबाव, अंकों की जानलेवा प्रतिस्पर्धा, सफलता का प्रेशर और असफलता का डर आदि से बच्चे और अभिभावक भारी तनाव में जी रहे हैं। परीक्षा में अंक प्राप्त करने की होड के समानांतर एक लाइन बहुआयामी प्रतिभाओं की भी खड़ी करनी होगी। ज्यादा अच्छा है कि यह दूसरी लाइन और भी बड़ी हो। रेवत के सरकारी स्कूल ने इस दिशा में एक कदम बढ़ाया है, समस्या से समाधान की ओर।

इस बार प्रवेश उत्सव के दौरान 12वीं बोर्ड कक्षा में सर्वोच्च 95.20 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली विद्यार्थी के साथ-साथ विद्यालय की अन्य विभिन्न प्रकार की प्रतिभाओं के भी चित्र होर्डिंग्स, पोस्टर इत्यादि पर लगाए है। जिनमें खेल प्रतिभा, पेंटिंग प्रतिभा, नृत्य प्रतिभा, सुंदर हैंड राइटिंग वाले विद्यार्थी, अच्छा क्राफ्ट करने वाले विद्यार्थी, गायन प्रतिभा, सुंदर कविता पाठ करने वाले विद्यार्थी के भी नाम और फोटो प्रकाशित किए हैं। विद्यालय की इस पहल की अभिभावकों और शिक्षकों द्वारा सराहना हुई ही, साथ ही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के शिक्षाविद्‌ों ने भी इस पहल को अत्यंत महत्वपूर्ण एवं अनुकरणीय बताया है। एनसीईआरटी के संयुक्त निदेशक प्रो. श्रीधर श्रीवास्तव ने विद्यालय को शुभकामनाएं देते हुए लिखा कि यह बहुत सुंदर विचार है। हर तरह की प्रतिभाओं को स्थान एवं सम्मान मिलना चाहिए। यह हृश्वक्क 2०2० के प्रथम सिद्धांत का परिपालन है। विद्यालय को बधाई।

इसी प्रकार एनसीईआरटी के पूर्व निदेशक प्रोफेसर जेएस राजपूत, विख्यात प्रबंध गुरु एन रघुरामन, देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार से जुड़े गुजरात निवासी एवं वर्तमान में अमेरिका निवासी शिक्षाविद् चेलाराम जोशी सहित अनेक शिक्षाविद्‌ों, प्रशासनिक अधिकारियों ने इस पहल की सराहना की है। अमरीका में कार्यरत भारतीय मूल के वैज्ञानिक डॉ. तेज पारीक ने विद्यालय के इस नवाचार की प्रशंसा की है।

# डिग्गी कल्याणजी का लक्खी मेला परवान पर, तीसरे दिन उमड़े श्रद्धालु



**डिग्गी लक्खी मेले में श्रीजी के दर्शन के लिये आस्था का सैलाब उमड़ा।**

> ■ **श्याम मित्र मंडल व श्रीजी भंडारा में कल्याण भक्तों की सेवा-चाकरी की होड़ लगी**

**मालपुरा, (निसं)।** तीर्थ स्थल डिग्गी में चल रहे डिग्गी कल्याण महाराज का 59वां लक्खी मेला तीसरे दिन मंगलवार को परवान पर रहा। भगवान विष्णु के स्वरूप कल्याणधणी की मनमोहक झांकी के दर्शन कर चरणों में शीश झुकाने के लिये कल्याण भक्त अनवरत डिग्गी की ओर बढ़ रहे हैं।

कल्याण भक्तों की सेवा-चाकरी की लोगों में होड़ सी मची हुई है। जयपुर रोड बजरी नांके के पास लगे श्रीजी भंडारा व डिग्गी मोड़ से आगे लगे श्याम मित्र मंडल के भंडारे में अपनी सेवाऐं दे रहे सेवक पदयात्रियों में कल्याणधणी का वास मानकर उनके चरण धोने व भंडारे में तैयार किये गये कई प्रकार के व्यंजन भक्तों को परोसकर स्वयं को श्रीजी के समीप होने का अहसास कर रहे हैं। डिग्गी तीर्थ की और आने वाले छोटे से बड़े हर एक मार्गों पर श्रीजी भक्तों की टोलियां कल्याणधणी के जयकारे लगाते हुये हाथों में केसरिया ध्वज लिये केसरिया कल्याण मान भूल मत जाज्यों सा, उंची पेड़ी कलां धणी की मोसू चढ चो न उतरयो जाऐ किजो मारा कलाधणी ने मारो हाथ पकड़ ले जाये, जैसे भजनो पर नाचते-गाते झूमते श्रीजी भक्त डिग्गी की और बढ़ रहे हैं। छोटी-छोटी पगडंडियों पर लगी भक्तों की लम्बी कतारें दूर से ही भक्तों को अपनी और आकर्षित कर रही है। कई शारीरिक कष्टों से छुटकारा पाने की मन में अरदास लिये श्रद्धालु हाथ में श्रीफल लेकर कनक दण्डवत करते श्रीजी के दरबार मे पहुंच रहे है। 11 अगस्त को जयपुर से रवाना हुई लक्खी पदयात्रा के साथ ही शुरू हुआ मेले के आज तीसरे दिन मंगलवार को डिग्गी पहुंचे कल्याण भक्तों का आंकड़ा एक लाख की संख्या को पार कर गया।

यात्रा मार्ग में जगह-जगह लगे भंडारों के अतिरिक्त पदयात्रियों की सेवा के लिये सेवादार दूर-दराज से पहुंच डिग्गी पहुंच भक्तों को केला, सेव, काजू, वनस्पति सहित नींबू, सिकंजी ईत्यादि परोस सेवा में जुटे हुये हैं। प्रदेशभर से डिग्गीधाम के लिये रवाना हुई पदयात्राऐं डिग्गी पहुंचने का क्रम लगातार बढ़ रहा है। श्रीजी भक्तों की सुरक्षा के लिये मंदिर ट्रस्ट की और से चौपड़ चौराहे से महिला व पुरूष की अलग-अलग रैलिंग लगाई गई है तो सात सौ से अधिक पुलिस के अधिकारी व जवान चप्पे-चप्पे पर तैनात है। टोंक व वैशाली डीपो की ओर से दर्शनों के पश्चात कल्याण भक्तों को गंतव्य स्थान पर पहुंचाने के लिये अतिरिक्त बसें लगाकर यात्रियों को किराये में 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। एसडीएम कपिल शर्मा, तहसीलदार राहुल पारीक, एएसपी रामकुमार कस्वा, डीएसपी महेन्द्र मीणा, विकास अधिकारी सतपाल कुमावत, डिग्गी थानाधिकारी कप्तान सिंह, मैला कन्ट्रोल रूम से मेला व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं। चिकित्सा विभाग की टीमें तो एनसीसी व स्काउट कैडेट्स मेले में अपनी सेवायें दे रहे हैं।

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

**बुधवार 14 अगस्त, 2024**

सावन मास, शुक्ल पक्ष, नवमी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2081, अनुराधा नक्षत्र दिन 12:13 तक, ऐन्द्रयन योग सांय 4:05 तक, कौलव करण दिन 10:24 तक, चन्द्रमा आज वृश्चिक राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कर्क, चन्द्रमा-वृश्चिक, मंगल-वृष, बुध-सिंह, गुरू-वृष, शुक्र-सिंह, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग सूर्योदय से दिन 12:13 तक है। रवियोग सम्पूर्ण दिन-रात है। आज श्री हरि जयन्ती है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:17 तक, शुभ 10:54 से 12:31 तक, चर 3:46 से 5:24 तक, लाभ 5:24 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 6:02, सूर्यास्त 7:01

**मेष**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**मिथुन**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। किसी भी कारण से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा।

**कर्क**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में सोच-विचार हो सकता है और उचित परामर्श मिल सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**सिंह**
घर-परिवार के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी और मन में असंतोष बना रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तिय मामलों में परिचितों से सहयोग मिल सकता है। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

**तुला**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृश्चिक**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

**धनु**
अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। अनावश्यक धन खर्च होगा।

**मकर**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ बनी रहेगी।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

# देश की एकता के लिए घर-घर तिरंगा अभियान में सभी को सहभागी बनना है : भजनलाल शर्मा

**जयपुर**, (का.सं.)। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत भाजपा की ओर से घर-घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ आज तिरंगा यात्रा से किया गया। एमआई रोड स्थित रामलीला मैदान में आयोजित तिरंगा यात्रा का शुभारंभ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, भाजपा प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर ने हरी झंडी दिखाकर किया।

तिरंगा यात्रा के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि

- **तिरंगा यात्रा देशवासियों में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करने का बेहतर माध्यम : मदन राठौड़**
- **प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश तीव्र गति से बढ़ने के साथ नए आयाम कर रहा है स्थापित : विजया राहटकर**

देश की एकता और अखंडता के लिए घर-घर तिरंगा अभियान में हम सभी को सहभागी बनना है। यह तिरंगा हमारा स्वाभिमान, अभिमान और राष्ट्र का गौरव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के अमृतकाल के दौरान घर-घर तिरंगा अभियान शुरू किया था और आज हमें इस अभियान में शामिल होकर घर घर तिरंगा फहराना है। तिरंगा फहराने के साथ हमें राष्ट्र के गौरव को आगे बढ़ाना है।

तिरंगा यात्रा के शुभारंभ अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि घर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली जा रही तिरंगा यात्रा का उद्देश्य देशवासियों में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत करना, राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सद्भाव एवं स्वाधीनता के आंदोलन से जुड़े सेनानियों को याद करना है। तिरंगा देशवासियों की आन-बान और शान है। इसे हमें सदैव बरकरार रखना है। यात्रा का लक्ष्य और उत्सव तभी ही पूर्ण होगा जब देश का प्रत्येक नागरिक देश को आगे बढ़ाते हुए 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लेगा।

राठौड़ ने कहा कि आजादी दिलाने वाले स्वतंत्रता सैनानियों के योगदान को सदैव याद रखना चाहिए और आज की युवा पीढी को आजाद हिंद देश की उपलब्धियों पर चर्चा करनी चाहिए। आज देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की ओर अग्रसर है। देश को विकसित भारत बनाने में समाज के सभी वर्गों को अपना योगदान देना चाहिए।

भाजपा प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर ने बताया कि ''हर घर तिरंगा अभियान'' के तहत प्रदेशभर में तिरंगा यात्रा एवं तिरंगा बाईक रैली का आयोजन किया जाएगा। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है और नए आयाम छू रहा है। देश विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने एकजुट होकर चल पड़ा है।

तिरंगा यात्रा में सांसद घनश्याम तिवाडी, सांसद मंजू शर्मा, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, तिरंगा अभियान के संयोजक एवं पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, विधायक एवं भाजपा महामंत्री जितेंद्र गोठवाल, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, नाहर सिंह जोधा, विधायक कालीचरण सराफ, गोपाल शर्मा, बाल मुकुंदाचार्य, कल्पना देवी, किसान आयोग के अध्यक्ष सीआर चौधरी, भाजपा प्रदेश मंत्री पिंकेश पोरवाल, भूपेंद्र सैनी, युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष अंकित गुर्जर चेची, महापौर सौम्या गुर्जर, जिलाध्यक्ष राघव शर्मा, जयपुर देहात जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर, श्याम शर्मा सहित भाजपा के नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे।



**भाजपा की ओर से घर-घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ मंगलवार को तिरंगा यात्रा से किया गया। एमआई रोड स्थित रामलीला मैदान में आयोजित तिरंगा यात्रा का शुभारंभ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, भाजपा प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर ने हरी झंडी दिखाकर किया।**

# जयपुर के लिए ड्रेनेज तथा सीवरेज का मास्टर प्लान बनाएं : मुख्यमंत्री

- **'भारी बारिश से उत्पन्न हुई स्थिति के समाधान के लिए संबंधित अधिकारी करें मौका-मुआयना'**
- **शहर की साफ-सफाई, ड्रेनेज, जल भराव, बिजली के खुले तारों सहित अनेक पहलुओं पर की समीक्षा**

**जयपुर**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को गत कुछ दिनों में जयपुर में हुई भारी बारिश से उत्पन्न स्थिति के संबंध में मुख्यमंत्री निवास पर उच्चाधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि भारी बारिश से जयपुर शहर की साफ-सफाई, ड्रेनेज, सीवरेज, क्षतिग्रस्त सड़कों सहित विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी जयपुर शहर का दौरा करें तथा मुख्यमंत्री कार्यालय में इसकी प्रगति रिपोर्ट भिजवायें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रभावित इलाकों में लोगों को तत्काल राहत पहुंचाई जाये तथा बचाव एवं राहत कार्यों में संवेदनशीलता के साथ काम करें। शर्मा ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर के सभी नालों एवं ड्रेनेज सिस्टम की नियमित सफाई की जाए ताकि बारिश के समय उनमें अवरोध ना उत्पन्न हो। साथ ही, यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कहीं पर भी जलभराव जैसी स्थिति उत्पन्न ना हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नालों पर हो रहे अतिक्रमण को सख्ती से हटाया जाए। उन्होंने बैठक में स्पष्ट कहा कि अपनी जिम्मेदारी से कोताही बरतने वाले प्रत्येक कार्मिक पर सख्ती से कार्यवाही की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने जयपुर विकास प्राधिकरण एवं नगर निगम विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आपस में समन्वय के साथ काम कर टूटी हुई सड़कों की मरम्मत तथा सड़क के गड्डों को भरने पर विशेष ध्यान दें, जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन परिस्थितियों में अलर्ट मोड पर काम करते हुए किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए सभी प्रकार की तैयारियां रखें। उन्होंने कहा कि जयपुर शहर की साफ-सफाई, ड्रेनेज, सीवरेज, जलभराव सहित विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए हर 10 दिन में संबंधित विभाग बैठक लें।

शर्मा ने शहर में ट्रांसफार्मरों के खुले तारों पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को आज ही मौका मुआयना कर सभी ट्रांसफार्मर के रख-रखाव के निर्देश दिये जिससे किसी भी तरह की दुर्घटना ना हो। उन्होंने कहा कि एक ऐसा सिस्टम विकसित किया जाये जिससे प्लेटफार्म बनाकर उस पर ट्रांसफार्मर लगाया जाये। उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि दुर्घटना के खतरे वाले क्षेत्रों में साइन बोर्ड लगाकर पुलिसकर्मी तैनात किए जाएं। उन्होंने संबंधित विभागों को 247 कंट्रोल रूम संचालित करने के निर्देश दिए। साथ ही, वहां आ रही प्रत्येक समस्या पर हुई कार्यवाही की जानकारी मुख्यमंत्री कार्यालय में भी भेजने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जयपुर में पानी निकासी की व्यवस्था को प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के लिए भविष्य को देखते हुए कार्ययोजना बनायी जाये। उन्होंने कहा कि इस तरह कि समस्याओं के समाधान के लिए शहर का डेनेज एवं सीवरेज का मास्टर प्लान बनाया जाए, जिससे दीर्घकालीन समय में जलभराव जैसी चुनौतियों का बेहतर तरीके से निपटान किया जा सके। मुख्यमंत्री ने बाधित पेयजल की सप्लाई को समय पर दुरूस्त करने, जलभराव के खतरों के बारे में जनता को जागरूक करने, आपातकालीन सेवाओं को मजबूत करने सहित विभिन्न पहलुओं पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव सार्वजनिक निर्माण प्रवीण गुप्ता, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय आलोक गुप्ता, प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास टी. रविकान्त, आयुक्त जयपुर विकास प्राधिकरण मंजू राजपाल, जयपुर कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित, हाउसिंग बोर्ड के आयुक्त इन्द्रजीत सिंह, जयपुर ग्रेटर नगर निगम आयुक्त रूकमणि रियार सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री ने तिरंगा मैराथन को रवाना किया

**जयपुर**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार सुबह 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत तिरंगा मैराथन को अल्बर्ट हॉल से रवाना किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आसमान में गुब्बारे छोड़कर 'हर घर में तिरंगा' फहराने का संदेश दिया। शर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज थामे स्वयं भी धावकों के साथ मैराथन में हिस्सा लिया। जयपुर ग्रेटर नगर निगम द्वारा आयोजित इस रैली में हजारों धावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शर्मा ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऐसी अभिनव पहल है, जो देश के प्रत्येक नागरिक में राष्ट्रीय स्वाभिमान और गौरव की भावना जाग्रत करती है। आजादी के अमृत महोत्सव के तत्वाधान में शुरू किया गया यह अभियान अब एक जन आंदोलन बन गया है। इस अभियान के तहत घर में ध्वज फहराना ना केवल तिरंगे से व्यक्तिगत जुड़ाव का अहसास करवाता है, बल्कि राष्ट्र निर्माण में हम सभी नागरिकों की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि तिरंगा हमारे राष्ट्रीय स्वाभिमान, एकता तथा अखण्डता का प्रतीक है तथा इस तिरंगा मैराथन के माध्यम से हम सभी राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के सम्मान में देश के प्रति कृतज्ञता व्यक्त कर रहे हैं। इस अवसर पर सांसद मंजू शर्मा, जयपुर नगर निगम ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर, जयपुर कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित सहित नगर निगम ग्रेटर के अधिकारी मौजूद रहे।

# हत्या के आरोपी बरी

**जयपुर**, (का.सं.)। अतिरिक्त सत्र न्यायालय महानगर द्वितीय ने वैशाली नगर में एनएचएआई कंसल्टेंट कंपनी के सलाहकार की हत्या के आधा दर्जन आरोपियों को बरी कर दिया है। अदालत ने ठेका कंपनी के मालिक करणदीप श्योराण, नवीन बिसला, विकास देवंदा, अमित नेहरा, रामधिया और धर्मेंद्र को बरी करते हुए पुलिस जांच पर सवाल खडे किए हैं। मामले के अनुसार एनएचएआई कंसल्टेंट कंपनी के सलाहकार राजिंदर कुमार चावला 26 अगस्त, 2021 को मीटिंग के लिए वैशाली नगर, जयपुर आए थे। यहां मीटिंग के बाद बाहर निकले तो उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। अभियोजन पक्ष के अनुसार जयपुर-गुडगांव हाईवे पर ओवरब्रिज की डिजाइन को लेकर दोनों पक्षों में विवाद था। आरोपी ओवरब्रिज की डिजाइन में बदलाव कराना चाहते थे, लेकिन चावला ने इसके लिए मना कर दिया था। ऐसे में हत्या के लिए शूटर्स को सुपारी देकर हत्या कराई गई। वहीं बचाव पक्ष की ओर से कहा गया कि अभियोजन पक्ष अपराध की कडी से कडी नहीं जोड पाया है और आरोपियों के खिलाफ अभियोजन पक्ष के पास ठोस साक्ष्य भी नहीं है।

# राजस्व मंडल के रजिस्ट्रार को हाईकोर्ट ने तलब किया

- **बिना नोटिस दिए रिवीजन याचिका का निस्तारण करने का मामला**

**जयपुर**। हाईकोर्ट ने भूमि विवाद से जुड़े मामले में राजस्व अपील अधिकारी के आदेश के खिलाफ दायर रिवीजन याचिका में राजस्व मंडल की ओर से विपक्षी पक्षकार को नोटिस दिए बिना उसका निस्तारण करने को गंभीरता से लिया है। अदालत ने मामले में राजस्व मंडल के रजिस्ट्रार को बीस अगस्त को व्यक्तिगत या वीसी के जरिए पेश होने के आदेश दिए हैं। अदालत ने राज्य सरकार के वकील को कहा है कि वह इस बिंदु पर जवाब पेश करने के लिए सरकार से निर्देश प्राप्त कर करे। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश रमेश की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में कहा गया कि अलवर में स्थित भूमि से जुड़े विवाद में उपखंड अधिकारी ने दावा डिक्री किया था। इस आदेश के खिलाफ याचिकाकर्ता ने राजस्व अपील अधिकारी के समक्ष अपील पेश की थी। जिसमें आरएए ने उपखंड अधिकारी के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी थी। इस अंतरिम आदेश के खिलाफ विपक्षी पक्षकार ने राजस्व मंडल में रिवीजन याचिका पेश की। यह याचिका तय मियाद से एक साल की देरी पेश की गई। वहीं राजस्व मंडल ने इस पर सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता को नोटिस जारी किए बिना ही आरएए के आदेश पर रोक लगा दी। याचिका में कहा गया कि राजस्व मंडल ने 4 अगस्त, 2022 को इस संबंध में परिपत्र जारी कर रखा है, लेकिन इस परिपत्र के प्रावधानों की भी पालना नहीं की गई और याचिकाकर्ता का पक्ष सुने बिना ही उसके खिलाफ आदेश पारित कर दिए गए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने राजस्व मंडल के रजिस्ट्रार को पेश होने के आदेश दिए हैं।




# जोधपुर में आधे घंटे की बारिश से ही कई इलाकों में पानी भरा

## जोधपुर सहित फलोदी, लोहावट, ओसिया, तिंवरी, नागाना सहित कई क्षेत्रों में बारिश हुई



जोधपुर में हुई तेज बरसात के बाद कई जगहों पर सड़कें पानी से लबालब हो गई।

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर में पिछले चार-पांच दिन से मौसम साफ रहने के बाद मंगलवार को बादल जमकर बरसे। दिनभर जहां लोगों को तेज धूप व उमस ने परेशान किया, वहीं शाम को पांच बजे के बाद अचानक बादलों को शहर में अपना डेरा डालना शुरू कर दिया। इसके बाद कई इलाकों में तेज बारिश शुरू हो गई। आधे घंटे की बारिश से ही कई इलाकों में पानी भर गया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह मौसम पूरी तरह से खुला हुआ था। दोपहर बाद धीरे-धीरे बादल जोधपुर शहर में छाने लगे और शाम होते-होते तेज बारिश शुरु हो गई। इधर, जोधपुर से पहले फलोदी, लोहावट, ओसिया, तिंवरी, नागाना सहित कई क्षेत्रों में दोपहर से बारिश शुरू हो गई थी। जोधपुर में शाम को पांच बजे शुरू हुई बारिश के चलते एमडीएम हॉस्पिटल रोड पर बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गये। यहां से गुजरने वाली सड़क पर करीब डेढ़ फीट तक बारिश का पानी भर गया। ऐसे में इस रोड पर दुकानों व घरों में सड़क का पानी घुसना शुरू हो गया। मौसम विभाग के अनुसार जोधपुर में अगले 24 घंटे तक बारिश होने की संभावना है। कई इलाकों में तेज और कई में बूंदाबांदी होने के आसार है। बारिश के बाद एक बार फिर से तापमान में गिरावट महसूस की गई है।

■ **बारिश के चलते एमडीएम हॉस्पिटल रोड पर बाढ़ जैसे हालात हो गये**

# जल भराव से राहत देने के लिए प्रशासन जुटा रहा



गंगापुर सिटी में बारिश के बाद जल भराव क्षेत्रों में राहत कार्य शुरू किए।

**गंगापुर सिटी।** यहां सोमवार रात भर से रुक-रुक कर बारिश का दौर शुरू हुआ जो दूसरे दिन मंगलवार को 12 बजे तक जारी रहा। बारिश से शहर में और गांवों में जगह-जगह जलभराव की समस्या खडी हो गई है। मंगलवार को कलेक्टर डॉक्टर गौरव सैनी ने एसपी सुजीत शंकर के साथ गंगापुर-जयपुर रोड स्थित भाई का नाला और बामनवास में मोरा सागर बांध का जायजा लिया। एसडीएम के नेतृत्व में दूसरी टीम ने पीलोदा के लहकोड तालाब सहित आस पास के तालाबों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने गिरदावर, ग्राम सेवक, पटवारी और टेक्निकल टीम को सुरक्षा के एहतियात बरतने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही पानी निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करवाई। पिछले 24 घंटे में गंगापुर सिटी में करीब 3 इंच (73 मिमी) बारिश दर्ज की जा चुकी है।

अतिवृष्टि को देखते हुए जिला कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी ने बामनवास क्षेत्र में जलभराव वाले इलाकों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मोरा सागर बांध और भाई का नाला क्षेत्र का जायजा लिया। जिला कलेक्टर ने बताया कि जल प्रवाह क्षेत्र के दोनों ओर पुलिस टीम तैनात की गई है। जल संसाधन विभाग के अधिकारी और कार्मिक भी नजर बनाए हुए हैं। कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग, राजस्व विभाग और पुलिस टीम के अधिकारिओं को चाक चौबंद रहकर निगरानी बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान बामनवास के उपखण्ड अधिकारी अंशुल सिंह, जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता नरेश मीना, मनराज मीना, तहसीलदार बनवारी शर्मा सहित पुलिस और प्रशासन के अन्य अधिकारी और कार्मिक मौजूद थे।

बारिश के कारण वजीरपुर में भी नगर पालिका क्षेत्र में काफी मात्रा में पानी जमा हो गया। इसके बाद नगर पालिका वजीरपुर के कर्मचारियों के द्वारा ड्रेनेज सिस्टम और जेसीबी से अवरोधकों को हटाकर पानी की निकासी की गई। पीलोदा के लहकोड तालाब में जलभराव की स्थिति का गंगापुर सिटी एसडीएम अनूप सिंह ने मौके पर जाकर अधिकारियों के साथ जायजा लिया। इस दौरान एसडीएम ने पानी निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करवाई। इस दौरान पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिशासी अभियंता बदन सिंह गुर्जर, विकास अधिकारी गुलाब सिंह गुर्जर सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी और पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

■ **कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी ने बामनवास क्षेत्र में जलभराव वाले इलाकों का निरीक्षण किया**

# उत्पात मचाते 6 युवक गिरफ्तार

**बाड़ी, (निसं)।** धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड के सदर थाना क्षेत्र के रामसागर बांध की रपट पर उत्पात मचाते आधा दर्जन युवाओं को सदर पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

गिरफ्त में आए युवाओं पर आरोप है कि वे बांध की रपट पर पुलिस की एडवाइजरी जारी करने के बावजूद भी उत्पात मचा रहे थे। इससे कोई भी दुर्घटना या हादसा हो सकता था। बाड़ी सदर थाना अधिकारी विनोद कुमार ने यह जानकारी दी।


**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सवाईमाधोपुर एवं सदस्य सचिव, जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति, एनएचएम, सवाईमाधोपुर स्वास्थ्य भवन सवाईमाधोपुर (राज.)**

फोन नं. 07462-235011, Email: dhs_swm@rediffmail.com

क्रमांकःएनएचएम/लेखा/निविदा/2024-25/437 दिनांक-8/8/2024

**निविदा सूचना**

सदस्य सचिव, जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति (मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सवाईमाधोपुर (राज0) में अनुभवी इच्छुक एवं पंजीकृत निविदादाता से निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य हेतु निविदा संबंधी समस्त विवरण, सम्बन्धित नियम व शर्ते, निविदा प्रारूप, निविदा प्रस्तुत करने एवं खोलने की तिथि आदि पूर्ण विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in and www.sppp.rajasthan.gov.in/ पर देखी/पढी/डाउनलोड की जा सकतीहै।

| क्र.स. | कार्य का नाम | NIB No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | मानव संसाधन कार्य हेतु निविदा सूचना (2/2024-25) | MHS2425 A1532 | MHS2425 SLOB02188 |
| 2 | मानव संसाधन कार्य हेतु निविदा सूचना (2/2024-25) | MHS2425 A1532 | MHS2425 SLOB02190 |
| 3 | प्रशिक्षण में आवास व्यवस्था हेतु निविदा सूचना (2/2024-25) | MHS2425 A1532 | MHS2425 SLOB02191 |
| 4 | प्रशिक्षण में भोजन व्यवस्था हेतु निविदा सूचना (2/2024-25) | MHS2425 A1532 | MHS2425 SLOB02192 |
| 5 | फ्लेक्स / बैनर / मुद्रण कार्य हेतु निविदा सूचना (2/2024-25) | MHS2425 A1532 | MHS2425 SLOB02193 |
| 6 | लैव आयटम एवं केमीकल आदि सामग्री उपापन हेतु निविदा सूचना (2/2024-25) | MHS2425 A1532 | MHS2425 SLOB02194 |

(डॉ. धर्म सिंह मीना)
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
सवाई माधोपुर (राज.)

DIPR/C/7282/2024



**कार्यालय नगर पालिका केशवराय पाटन जिला बून्दी (राज.)**

क्रमांक :- न0पा0के0पा0/2024-25/2049-2051 दिनांक :- 08/08/2024

**निविदा सूचना संख्या 04/2024-25**

नगर पालिका के0पाटन द्वारा उक्त कार्य से सम्बन्धित संवेदको से द्वि लिफाफा पद्धति/ई-निविदा पद्धति से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। कार्य की निविदा बेचे जाने की दिनांक 09.08.2024 से तथा अपलोड़ करने की दिनांक 20.08.2024 सांय 06.00 बजे तक निविदा शर्तें आदि सम्पूर्ण विवरण http://sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

Tender cost – 24.99 Lac
UBN No. : DLB2425WSOB05251

अध्यक्ष, नगर पालिका के.पाटन
अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका के.पाटन

राज.संवाद/सी/24/3686



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड निवाई**

क्रमांक : 1542-51 दिनांक : 07/08/2024

**निविदा सूचना संख्या 02/2024-25 खण्ड निवाई**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खण्ड निवाई में सडक/भवन निर्माण हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान एवं राज्य सरकार के अन्य विभागों तथा केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के ए एवं "एए" "बी, सी, डी श्रेणी के सवेदनने के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण बेवसाईट साईट www.dipronline.org व www.epro.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

NIB Code No. - PWD2425A1073
UBN No. - PWD2425WSOB03983, PWD2425WSOB03984
DIPR/C/7241/2024

अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड निवाई



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, WATER RESOURCES DIVISION KARAULI**

NO:-1667 **E-NIT NO.02/2024-25** Date:-01/08/2024

**Notice Inviting Bid**

Bids for 10 no s of warks estimated cost of rs.186.13 lacs under M.J.S.A.2.0(1st phase) are invited from interested bidders up to 6:00 pm of 19.08.2024 other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in) of the state and water resources departmental website.

1. www.eproc.rajasthan.gov.in
2. www.sppp.rajasthan.gov.in
3. www.water.rajasthan.gov.in/wrd

UBN: (1) WRD2425WS0B00497, (2) WRD2425WS0B00498, (3) WRD2425WS0B00499, (4) WRD2425WS0B00500, (5) WRD2425WS0B00501, (6) WRD2425WS0B00502, (7) WRD2425WS0B00503, (8) WRD2425WS0B00504, (9) WRD2425WS0B00505, (10) WRD2425WS0B00506

(Susheel Kumar Gupta)
Executive Engineer
Water Resources Division Karauli

DIPR/C/7096/2024



# डॉक्टर किरोडी सोशल मीडिया पर सुबह बने मंत्री, दोपहर में हटाया मंत्री का पद

**जयपुर, (का.सं.)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता सवाई माधोपुर विधायक किरोड़ीलाल मीणा जो सुबह तो कैबिनेट मिनिस्टर थे और दोपहर होते-होते विधायक बन गए। किरोड़ी का सोशल मीडिया प्रोफाइल बार-बार बदल रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के बोलने के बावजूद अपने ट्विटर पेज पर खुद को विधायक बता किरोड़ी लाल मीणा ने ये संकेत दे दिए कि अब भी सब कुछ उतना सामान्य नहीं है, जितना बताया जा रहा है। वही मंगलवार को किरोड़ी लाल मीणा सड़क मार्ग से दौरा किया।

किरोड़ी लाल मीणा ने आज अपने सोशल मीडिया एक्स पर सुबह एक बार फिर खुद को कैबिनेट मिनिस्टर बताया था। इसके बाद ये अटकलें लगाई जाने लगी कि नए प्रदेश अध्यक्ष की समझाइश के बाद मीणा अब मान गए हैं और अपना इस्तीफा वापस ले लेंगे, लेकिन कुछ घंटों बाद फिर किरोड़ी ने प्रोफाइल से वापस कैबिनेट मिनिस्टर हटा लिया।

अब प्रोफाइल से वापस कैबिनेट मिनिस्टर हटा लिया। अब प्रोफाइल पर केवल विधायक सवाई माधोपुर लिखा हुआ है। सोमवार को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के किरोड़ी के जल्द कामकाज संभालने के बयान के बाद इस सियासी चर्चा को बल मिला था कि किरोड़ी इस्तीफा वापस लेंगे। मदन राठौड ने कहा था कि "किरोड़ीलाल मीणा जल्द ही मंत्री पद का कामकाज संभालेंगे। मेरी उनसे बात हुई है। उन्होंने भावनात्मक रूप से मंत्री पद से इस्तीफा दिया था, इसे स्वीकार नहीं किया गया है, ना ही इसे स्वीकार किया जाएगा।

किरोड़ी ने आपदा प्रबंधन के अतिरिक्त मुख्य सचिव सहित अन्य अधिकारियों से प्रदेश की स्थिति के बारे में बात की थी। वहीं, आज वे पूर्वी राजस्थान के कई जिलों मे जलभराव की स्थिति का जायजा लेने के लिए भी निकले हुए हैं। किरोड़ी लाल महवा (दौसा), वैर (भरतपुर), श्रीनगर (बूंदी), बयाना (भरतपुर), हिण्डौन (करौली), करौली, गंगापुर सिटी (सवाई माधोपुर), सवाई माधोपुर में अतिवृष्टि के कारण जलभराव वाले इलाकों में सड़क मार्ग से दौरा किया। जबकि इन्ही क्षेत्रों में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी हवाई सर्वे के जरिए जलभराव वाले क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं। बाढ़ के हालातों के बीच किरोड़ी लाल मीणा प्रभावित गांवों का दौरा करने भरतपुर पहुंचे। नगला हौंता पहुंचकर 7 मृतकों के परिजनों से मिलकर उन्हें ढ ांढ स बंधाया। मृतकों के परिजनों को चार चार लाख के चेक दिए। इस दौरान मीडिया से बातचीत में किरोड़ी ने कहा कि "मैं आपदा मंत्री हूं" ऐसे में उन्होंने पहले ही बारिश में सावधानी को लेकर दिशा-निर्देश दिए थे।



डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने भरतपुर, बयाना, हिण्डौन में जलभराव क्षेत्रों का दौरा किया।

■ **बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा**


**राजस्थान सरकार**
**कार्यालय अधीक्षक एवं सदस्य सचिव राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी महिला चिकित्सालय सांगानेरी गेट जयपुर**

क्रमांक-म.चि.सां.गे/रामेरीसो/2024-25/173 दिनांक-06/08/2024

**ई-निविदा सूचना**

इस चिकित्सालय में सफाई कराने हेतु पनीकृत एवं अनुभवी सेवाप्रदाता एजेंसी से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया के तहत www.eproc.rajasthan.gov.in पर ऑन-लाईन निविदा के माध्यम से निम्न विवरणानुसार निविदा आमत्रित की जाती हैः-

| क्र.स. | विवरण | विस्तृत विवरण |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का विवरण | चिकित्सालय में सफाई कार्य कराने हेतु। |
| 2 | निविदा की वार्षिक अनुमानित लागत | 120.00 लाख |
| 3 | अमानत राशि | 240000/- |
| 4 | MSME रजिस्ट्रर्ड संस्थानों हेतु अमानत राशि 0.50% | 60000/- |
| 5 | निविदा प्रपत्र शुल्क | 1000/- |
| 6 | RISL प्रोसेसिंग शुल्क | 2000/- प्रबंध निदेशक, RISL जयपुर के नाम से डिमांड ड्राफ्ट बना हुआ हो |
| 7 | निविदा आमंत्रितकर्ता | सदस्य सचिव, राज, मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी, महिला चिकित्सालय, सांगानेरी गेट, जयपुर |
| 8 | निविदा प्रपत्र अपलोड करने की तिथि एवं समय | 09.08.2024, 12.00 PM |
| 9 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि एवं समय | 09.08.2024, 12.00 PM |
| 10 | निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय | 20.08.2024, 05.00 PM |
| 11 | निविदा प्रपत्र शुल्क, प्रोसेसिंग शुल्क एवं निविदा अमानत राशि के डिमांड ड्राफ्ट प्रस्तुत करने की तिथि व समय | 20.08.2024, 04.00 PM |
| 12 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय | 21.08.2024, 1.00 PM |
| 13 | वित्तय विविदा खोलने की तिथि व समय | तकनीकी रूप से योग्य निविदादाताओं को अलग से सूचित कर दिया जावेगा। |
| 14 | अनुबंध की अवधि | मूल अनुबंध एक वर्ष (आदेश दिनांक से एक वर्ष की होगी) तदापि आपसी सहमति से राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के नियम 73 के अनुसार बढाई जा सकेगी। |
| 15 | कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि (Performance Security) | अनुमोदित निविदा की 5 प्रतिशत। |

NIB NO-SMS2425A0113
BID NO.- SMS2425SLOB00135
DIPR/C/7210/2024



**उदयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान**

No. :- F-2(01)Acct/Contract/2024-25/70 - 72 Date : 08/08/2024

**ई-निविदा सूचना संख्या : 19/2024-25**

उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| | | |
|---|---|---|
| निविदा कार्यो की कुल लागत | : | रूपये 72.68 लाख (05 कार्य) |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड करने की अवधि | : | 09.08.2024 को प्रातः 10.00 बजे से 20.08.2024 को सांयः 6.00 बजे तक |
| Online EMD, Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी | : | 09.08.2024 को प्रातः 10.00 बजे से 20.08.2024 को सांयः 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी | : | 21.08.2024 को प्रातः 11.00 बजे |

विस्तृत विवरण वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN No. : ITU2425WSOB00163 To ITU2425WSOB00167


अधिशाषी अभियन्ता - चतुर्थ
उदयपुर विकास प्राधिकरण

राज.संवाद/सी/24/3669


# वरिष्ठ कांग्रेस नेता वैद्य सुरेशचंद्र जोशी का निधन

**उदयपुर/कुचामनसिटी, (कासं)।** वैद्य सुरेशचन्द्र जोशी का निधन रविवार रात को दिल का दौरा पड़ने से हो गया। जोशी अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

जोशी बीते बीस सालों से दिल की बीमारी से पीडित थे तथा जयपुर के कृष्णा हार्ट हॉस्पीटल के कॉर्डियोलोजिस्ट डॉ. पुष्पेन्द्र गर्ग के निर्देशन में उनका उपचार चल रहा था। रविवार रात को रात्रि 1.15 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। सोमवार को दिन में 1 बजे उनका अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। नियमित बैठक कुचामणसिटी के आथुणा दरवाजा स्थित उनके निवास स्थान पर रखी गई है। आत्मशांति के लिए 21 अगस्त को रात्रि जागरण (हरि कीर्तन) एवं 22 अगस्त को द्वारदशा गंगा सीसी पूजन उनके निवास स्थान पर रखा गया है। वैद्य सुरेशचंद्र जोशी 1994 से 2016 तक नागौर जिले के कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष रहे। उसके बाद 2021 तक प्रदेश कांठोस के संगठन मंत्री के रूप में सेवाएं दी। इसके बाद वे वर्तमान में आयुर्वेदाचार्य के रूप में सेवाएं दे रहे थे। उनके निधन से उनके परिचतों व शुभचिन्तकों ने संवेदना व्यक्त की है।



वैद्य सुरेश चन्द्र जोशी।




**The Constitution Club of Rajasthan**
(Reg. No.- COOP/2023//Jaipur/206275)
Jyoti Nagar, Jaipur (Rajasthan) INDIA - 302005 Website: www.assembly.rajasthan.gov.in/ConstitutionClub/index.html
eMail ID: rajassembly@nic.in

No: F13(145)(3)R&R/RLA/2024/23310 Date: 08 August, 2024

**EoI Notice**
RFPNO: RLA 2425 RFP0002

The Constitution Club of Rajasthan invites Expression of Interest (EOI) from reputed Organizations/ Firm/Agency/Institution/Companies for Facility Management and operation Services of The Constitution Club of Rajasthan for a period of three years.

| S. N. | Name of Work | RISL Processing Fee (Rs.) | EoI Document Fee | Last Date of Submission of EOI Applications |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Inviting Expression of Interest for Facility Management and operation Services Of The Constitution Club of Rajasthan | 1500 | 1000 | 21-08-2024 (upto 4:00 PM) |

Detailed EoI Document can be downloaded from www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in and www.assembly.rajasthan.gov.in Last Date of submission of EoI Applications is 21-08-2024 up to 4:00 PM.

Demand Draft of RISL Processing Fee shall be in favour of "Managing Director, RISL" payable at Jaipur and Demand Draft of EOI Document Fee shall be in favour of "Member Secretary, The Constitution Club of Rajasthan" payable at Jaipur. Scanned copy of Demand Drafts shall be submitted along with the submission of EoI Application on 21-08-2024 upto 4:00 PM. Original Demand Draft shall be submitted to the office of The Constitution Club of Rajasthan, Jaipur on 21-08-2024 upto 4:00 PM. EoI Application will be opened on 21-08-2024 at 5:00 PM.

Member Secretary of Governing Council, The Constitution Club of Rajasthan reserves the right to cancel/ reject the any/all EoI Application or EoI process without assigning any reason.

Member Secretary of Governing Council
The Constitution Club of Rajasthan

DIPR/C/7279/2024


# ढाई लाख रुपए की शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

■ **आरोपियों ने शराब को उदयपुर से भरकर गुजरात तस्करी करना बताया**

■ **उदयपुर से ले जा रहे थे गुजरात, आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज**

**डूंगरपुर, (निसं)।** चौरासी थाना पुलिस ने झौथरी तिराहे पर शराब से भरी एक कार को जब्त किया है। पुलिस ने कार से ढाई लाख की शराब बरामद करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस तस्करों से पूछताछ कर रही है।

चौरासी थाने के थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान खान ने बताया कि मुखबिर के जरिए डूंगरपुर से झोथरी होकर शराब तस्करी की सूचना मिली थी। जिस पर पुलिस की ओर से झोथरी तिराहे पर नाकेबंदी की गई। इस दौरान एक गुजरात पासिंग कार को रुकवाकर तलाशी ली गई। तो कार की डिक्की में कपड़ों के बैग्स में शराब की बोतलें भरी हुई थी। जिस पर पुलिस ने कार को जब्त किया और कार सवार उदयपुर निवासी विपुल पुत्र देवीलाल पुजारी और सेमारी निवासी ईश्वर पुत्र गौतमनाथ को हिरासत में लेकर थाने लेकर आए। पुलिस ने कार से अंग्रेजी शराब की 194 बोतल और बियर के 66 कैन बरामद किए हैं। वहीं आबकारी अधिनियम में पुलिस ने शराब तस्कर विपुल और ईश्वर को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी ने बताया कि जब्त शराब की कीमत करीब ढाई लाख रुपए है।


**कार्यालय-सदस्य सचिव एवं प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी, सामान्य चिकित्सालय, करौली**

क्रमांकः- रामेरिसो/निविदा/2024-25/212 दिनांक :- 06.08.2024

**ई-निविदा सूचना संख्या 20/2024-25**

कार्यालय सामान्य चिकित्सालय करौली में उपयोग हेतु सर्विस प्रदाता ऐजेन्सी से एक वर्ष के लिए मुहरबंद ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा के नियम एवं शर्तें, स्पेसिफिकेशन, विवरण निविदा प्रपत्र में अंकित हैं। निविदा प्रपत्र एवं संबंधित दस्तावेज Sppp portal एवं Eproc portal पर देंखे एवं प्राप्त किए जा सकेंगे। एवं Eproc portal पर ही ऑनलाईन अपलॉड किये जाने है।

| निविदा संख्या | सामान/कार्य का विवरण | अनु. लागत (लाखों में) | निविदा प्रपत्र शुल्क | निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय | निविदा जमा कराने की अंतिम तिथि एवं समय | निविदा खोलने की तिथी एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01/ 2024-25 | सुरक्षा गॉर्ड, हैल्पर, सफाईकर्मी, स्वास्थ्य मार्गदर्शक, कम्प्युटर ऑपरेटर्स मशीन विद मैन, फार्मासिस्ट, ब्लड बैंक काउन्सलर, इलेक्ट्रीशियन, वाहन चालक एवं प्लम्बर आदि UBN- MHS2425SLOB02089 | 110 | 1000 | 27.08.2024 12.00 P.M. | 27.08.2024 12.00 P.M. | 27.08.2024 1.00 P.M. |

नोट :- उक्त निविदा दिनांकों में यदि कोई राजकीय अवकाश / अन्य अवकाश, आकस्मिक रूप से घोषित होता है तो उक्त दिवस से सम्बन्धित निविदा कार्यवाही आगामी कार्य दिवस को सम्पन्न की जायेगी।

सदस्य सचिव एवं प्रमुख चिकित्सा अधिकारी
सामान्य चिकित्सालय, करौली

DIPR/C/7164/2024



**कार्यालय-सदस्य सचिव एवं प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी, सामान्य चिकित्सालय, करौली**

क्रमांकः- रामेरिसो/निविदा/2024-25/214 दिनांक :- 06.08.2024

**ई-निविदा सूचना संख्या 20/2024-25**

कार्यालय सामान्य चिकित्सालय करौली में उपयोग हेतु सर्विस प्रदाता ऐजेन्सी से एक वर्ष के लिए मुहरबंद ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा के नियम एवं शर्तें, स्पेसिफिकेशन, विवरण निविदा प्रपत्र में अंकित है। निविदा प्रपत्र एवं संबंधित दस्तावेज वेबसाईट eproc.rajasthan.gov.in एवं sppp.rajasthan.gov.in पर देखे एवं प्राप्त किए जा सकेंगे।

| निविदा संख्या | सामान/कार्य का विवरण | अनु. लागत (लाखों में) | निविदा प्रपत्र शुल्क | निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय | निविदा जमा कराने की अंतिम तिथि एवं समय | निविदा खोलने की तिथी एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 18/ 2024-25 | प्रयोगशाला, सामग्री कैमिकल एवं जाँच किट्स एवं ब्लड बैंक सामग्री UBN- MHS2425SLOB02090 | 20.00 | 500 | 16.08.2024 3 P.M. | 16.08.2024 4.30 P.M. | 17.08.2024 12 P.M. |

नोट :- उक्त निविदा दिनांकों में यदि कोई राजकीय अवकाश / अन्य अवकाश, आकस्मिक रूप से घोषित होता है तो उक्त दिवस से सम्बन्धित निविदा कार्यवाही आगामी कार्य दिवस को सम्पन्न की जायेगी।

सदस्य सचिव एवं प्रमुख चिकित्सा अधिकारी
सामान्य चिकित्सालय, करौली

DIPR/C/7165/2024

# पिछड़े और आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करें : हरिभाऊ बागड़े

## राज्यपाल ने चिकित्सा विभाग को रिक्त पदों पर जल्द से जल्द भर्ती करने को कहा



राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने मंगलवार को राजभवन में चिकित्सा विभाग की समीक्षा बैठक ली। उनके साथ मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर और विभाग के आला-अधिकारी मौजूद थे।

**जयपुर** (कासं)। राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने कहा है कि राज्य के प्रत्येक नागरिक का स्वास्थ्य ठीक रखने के लिए चिकित्सा विभाग जवाबदेही रखते हुए कार्य करे। जिस राज्य में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर होती है, वही तेजी से विकास करता है। उन्होंने पिछड़े और आदिवासी जिलों में स्वास्थ्य सेवाओं पर ज्यादा ध्यान देने, वहां डॉक्टर की उपलब्धता रहे, इसकी मॉनिटरिंग रखते हुए प्रभावी कार्य किए जाने पर जोर दिया है।

उन्होंने विभाग के रिक्त पदों को भरने के लिए

- **'प्रत्येक नागरिक का स्वास्थ्य ठीक रखने की जवाबदेही से कार्य करें चिकित्सा विभाग'**
- **'टी.बी. मुक्त राजस्थान के लिए तेजी से कार्य हों, प्रयास करें कि अगले 3 साल में प्रदेश टीबी मुक्त हो जाए'**

तुरंत कार्यवाही करने और पदोन्नितयां भी यथासमय करवाने के निर्देश दिए हैं। राज्यपाल ने टीबी मुक्त राजस्थान के लिए अभियान चलाकर कार्यवाही किए जाने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने तहसील, गांव और जिला स्तर पर इस संबंध में विशेष कार्य करने और अगले तीन साल में राजस्थान को पूरी तरह से टीबी मुक्त करने के लिए सबको मिलकर प्रयास करने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने प्रदेश के जनजातीय और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभावी चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने का आव्हान किया। उन्होंने चिकित्सकों से गांव, तहसील में अनिवार्य रूप से पहुंचने और सेवा भाव से कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाने के लिए सामुदायिक और उप सामुदायिक चिकित्सालयों का आकस्मिक और प्रभावी निरीक्षण किए जाने की आवश्यकता जताई।

बागडे ने मंगलवार को राजभवन में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में संबोधित कर रहे थे। बैठक में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में राजस्थान को अग्रणी बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ यह सुनिश्चित किया जा रहा है की प्रत्येक नागरिक को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाए।

इससे पहले राज्यपाल ने राजस्थान में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री आयुष्मान में लाभान्वित रोगियों के बारे में जानकारी लेते हुए राज्य में प्रारंभ ''रामाश्रय'' योजना की सराहना की। उन्होंने अनीमिया और टीबी मुक्त राजस्थान के लिए प्रभावी कार्य किए जाने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने चिकित्सा शिक्षा के अंतर्गत प्रदेश में चिकित्सा शिक्षण में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने और चिकित्सा शिक्षा का पाठ्यक्रम हिंदी में भी प्रारंभ किए जाने की कार्ययोजना पर कार्य करने की आवश्यकता जताई। उन्होनें राज्य में चिकित्सा सुविधाओं में सुधार के लिए निरंतर सेवा भाव से कार्य किए जाने का आव्हान किया। बैठक में विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह, राज्य स्वास्थ्य मिशन के निदेशक जितेन्द्र कुमार सोनी ने विभाग की गतिविधियों के बारे में विस्तार से प्रस्तुतिकरण दिया। राज्यपाल के सचिव गौरव गोयल ने राजस्थान की चिकित्सा सेवाओं के बारे में विषय प्रवर्तन किया। राज्यपाल बागडे ने रेडक्रॉस सोसायटी की समीक्षा बैठक में उसकी गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस के तहत पीड़ित जनों की सेवा के साथ चिकित्सा सेवाओं में सहयोग, जागरूकता लिए सतत प्रयास किए जाएं। उन्होंने टीबी मुक्त राजस्थान, अंगदान, रक्तदान आदि की जागरूकता के लिए विशेष कार्य किए जाने पर जोर दिया। बैठक में रेडक्रॉस सोसायटी के राज्य अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिड़ला ने आरंभ में राज्यपाल का अभिनंदन किया।

# जौहरी ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दी, सुसाइड नोट भी मिला

## 14 करोड़ रुपए की उधारी नहीं मिलने से था परेशान

**जयपुर** । राजधानी के जवाहर सर्किल इलाके में एक ज्वैलर (जौहरी) के ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि मृतक की जेब में मिले सुसाइड नोट में 14 करोड़ रुपए की उधारी नहीं मिलने से परेशान होना सामने आया है। इस पूरे मामले को लेकर मृतक के भाई ने आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

जांच अधिकारी एसआई रेणु मालाकार ने बताया कि जाट के कुएं का रास्ता चांदपोल बाजार निवासी विनोद शर्मा (49) ने मालवीय नगर पुलिया के नीचे ट्रेन के आगे छलांग लगा दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल अवस्था में उसे जयपुरिया हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां हालत बिगड़ने पर एसएमएस अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां पर डॉक्टर्स ने इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक विनोद शर्मा का चांदपोल बाजार और सांगानेर में ज्वैलरी का शोरुम है।

पुलिस को मृतक विनोद की जेब में परिजनों को सुसाइड नोट रखा मिला। सुसाइड नोट में लिखा था कि ट्यूबवेल कंपनी के मालिक हनुमान प्रसाद, उसके बेटे रमेश शर्मा, आनंद शर्मा, अशोक शर्मा और रामकांत शर्मा ने 13 साल पहले 14 करोड़ रुपए लिए थे। बार-बार कहने के बाद भी ये रुपए नहीं लौटा रहे हैं। इससे वह मानसिक रूप से बहुत परेशान हो चुका है। साथ ही रुपए वापस देने में आनाकानी करने और आर्थिक मंदी के कारण परेशान है। वह इनके कारण ही आत्महत्या कर रहा है। उसके आत्महत्या के बाद इनसे रुपए लेकर उसके परिवार को दिए जाए। इससे परिवार को गुजारा हो सके।

मृतक के भाई सुधीर ने बताया कि 13 साल पहले 14 करोड़ रुपए बड़े भाई विनोद ने कुछ लोगों को दिए थे। जरूरत पूरी होने के बाद भी बार-बार तकाजा करने पर भी रुपए नहीं लौटाए गए। प्रॉपर्टी सेल, सेविंग, बैंक और मार्केट से पैसा लेकर दिया गया था। खुद का पैसा नहीं मिलने के कारण वह परेशान रहते थे। मार्केट व लोन पर लिया पैसा लौटाने के साथ आर्थिक मंदी के चलते वह अंदर से पूरी तरह टूट चुके थे। बड़े भाई विनोद के दो बेटियां और एक बेटा है। करीब डेढ़ साल पहले ही सांगानेर स्थित ज्वेलर शोरुम की ऑपनिंग की थी। इसके बाद से बड़े भाई विनोद सांगानेर स्थित ज्वेलरी शोरुम में बैठते थे।

## मस्कुलोस्केलेटल सोसाइटी कॉन्फ्रेंस 16 से जयपुर में

**जयपुर**,(कासं)। मस्कुलोस्केलेटल सोसाइटी कॉन्फ्रेंस का बारहवां संस्करण 16 से 18 अगस्त तक जयपुर में आयोजित किया जायेगा। इसके आयोजन अध्यक्ष डॉ एम. पी. गोयल और आयोजन सचिव एवं जयपुर इंस्टीट्यूट ऑफ पेन एंड स्पोर्ट्स इन्जुरीज़ के निदेशक डॉ. गौरव कान्त शर्मा ने मंगलवार को यहां प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी। डॉ. गोयल ने बताया कि इसका आयोजन जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में होगा जो अपनी तरह का यह देश का सबसे बड़ा सम्मेलन होगा। इसमें भारत, अमरीका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया सहित 21 देशों के 700 से अधिक मस्कुलोस्केलेटल इंटरवेंशनल एक्सपर्ट डॉक्टर हिस्सा लेंगे। डॉ. शर्मा ने बताया कि इनमें 28 से अधिक इंटरनेशनल लेवल फैकल्टी शामिल हैं। कॉन्फ्रेंस में लेक्चर और वर्कशॉप के जरिए स्पोर्ट्स इंजरी, ज्वाइंट पेन, नर्व पेन आदि मस्कुलोस्केलेटल संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं के निदान पर प्रकाश डाला जाएगा। उन्होंने बताया कि इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि एवं नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स साइंसेस नई दिल्ली के निदेशक डॉ. भीभू कल्याण नायक और विशिष्ट अतिथि एवं रेडियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ एमिरेट्स (दुबई) के अध्यक्ष डॉ. अब्दुल्ला अलरेमैथी करेंगे।

## जेकेलोन अस्पताल के आसपास 12 ढाबों का निरीक्षण

**जयपुर** । खाद्य सुरक्षा अधिकारी जयपुर प्रथम की टीम ने मंगलवार को सवाई मानसिंह अस्पताल में बांगड़ परिसर, जेके लोन हॉस्पिटल के आसपास स्थित 12 ढाबो पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत निरीक्षण करते हुए। निरीक्षण में पाई गई कमियों के क्रम में नोटिस जारी कर संदेह के आधार पर कई भोजनालय के यहां से खाद्य सामग्री के नमूने लिए गए। नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भिजवाया जा रहा है। जिनकी जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. विजय सिंह फौजदार ने बताया कि अस्पताल परिसर के आसपास स्थित सभी थड़ी, ढाबो व भोजनालय पर नियमित अंतराल से पुनः निरीक्षण की कार्यवाही की जाएगी।

# एल.आई.सी. ने वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही के वित्तीय परिणाम जारी किए

**जयपुर** (कासं)। भारतीय जीवन बीमा निगम (एल.आई.सी.) के निदेशक मंडल ने 30 जून को समाप्त तिमाही के लिए एकल और समेकित वित्तीय परिणामों को स्वीकृति दी और अंगीकृत किया। एल.आई.सी. के सीईओ व प्रबंध निदेशक सिद्धार्थ महांति ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष 2024-25 में अप्रैल से जून की तिमाही में कर पश्चात लाभ 9.61 प्रतिशत से बढ़कर 10461 करोड़ रु. हो गया। जबकि गत 30 जून 2023 को समाप्त तिमाही में यह 9544 करोड़ रु. था।

- **अप्रैल से जून की तिमाही में कर पश्चात लाभ 9.61 प्रतिशत से बढ़कर 10461 करोड़ रु. हो गया, जबकि गत 30 जून 2023 को समाप्त तिमाही में यह 9544 करोड़ रु. था : सिद्धार्थ महांति**

प्रथम वर्ष प्रीमियम आय से समग्र बाजार हिस्सेदारी वर्ष दर वर्ष आधार पर 61.42 प्रतिशत से बढ़कर 64.02 प्रतिशत हो गयी है। कुल प्रीमियम आय 15.66 प्रतिशत से बढ़कर 1 लाख 13 हजार 770 करोड़ रु. हो गयी, जबकि नव व्यवसाय प्रीमियम आय (व्यक्तिगत) 13.67 प्रतिश से बढ़कर 11 हजार 892 करोड़ रु. पहुंच गयी।

सिद्धार्थ महांति ने बताया कि समग्र वार्षिक प्रीमियम समतुल्य (एपीई) 21.28 प्रतिशत बढ़ोतरी के साथ 11560 करोड़ रु., व्यक्तिगत व्यवसाय नॉन पार एपीई 165.63 प्रतिशत बढ़कर 1615 करोड़ रु. हो गया है। उन्होंने बताया कि व्यक्तिगत व्यवसाय के भीतर नॉन पार एपीई हिस्सेदारी वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही के लिए 23.94 फीसदी पर है, जबकि गत वित्तीय वर्ष की प्रथम तिमाही में यह 10.22 प्रतिशत थी। महांति ने बताया कि नए व्यवसाय का मूल्य (बी.एन.बी.) 23.66 फीसदी से बढ़कर 1610 करोड़ रु. हो गया। वीएनबी मार्जिन (शुद्ध) 20 बीपीएस से बढ़कर 13.9 प्रतिशत हो गया है।

उन्होंने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष के दौश्रान उत्पाद मिश्रण, चैनल मिश्रण और मार्जिन सुधार में परिवर्तनों को समेकित करने पर ध्यान केन्द्रित करने के बाद भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) बाजार हिस्सेदारी हासिल करने के अपने निर्धारित उद्देश्य की ओर बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि भारत के बीमा उद्योग में अग्रणी के रूप में एल.आई.सी. अपनी पैठ बढ़ाने की अपनी जिम्मेदारी के प्रति सचेत हैं। हम ग्राहकों, शेयरधारकों, वितरण भागीदारों और कर्मचारियों का धन्यवाद करते हैं, जिनके निरंतर समर्थन से हम अपनी यात्रा के अगले चरण में आगे बढ़ते हुए बेहत्तर संधारणीय मूल्य बनाने में समक्ष होते हैं।

## सार-समाचार

### पीएमश्री विद्यालयों के 100 बच्चे नई दिल्ली स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशिष्ट अतिथि



**जयपुर** । भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय द्वारा पूरे भारत से पीएमश्री विद्यालयों के 100 बच्चों को उनके अभिभावकों व अध्यापकों के साथ लाल किले पर आयोजित होने वाले ''स्वतंत्रता दिवस समारोह'' का साक्षी बनने के लिए बतौर 'विशिष्ट अतिथि' आमंत्रित किया है। केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार समारोह में भाग लेने के लिए राजस्थान से 6 विद्यार्थियों व 6 शिक्षकों के दल को 13 अगस्त को शासन सचिव, स्कूल शिक्षा कृष्ण कुणाल तथा राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त अविचल चतुर्वेदी ने दल के प्रत्येक सदस्य को तिरंगा झण्डा प्रदान कर शिक्षा संकुल से रवाना किया। कुणाल तथा चतुर्वेदी ने कहा कि दल के सदस्य भारत के स्वतंत्रता प्राप्ति की यात्रा और इसके महत्व को अद्वितीय दृष्टिकोण से जान पाएंगे। राज्य का दल राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् की सहायक निदेशक डॉ नीरू पोटलिया के नेतृत्व में 14 व 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होगा।

### जेसीबी की टक्कर से महिला की मौत

**जयपुर** । एसएमएस अस्पताल के पास मंगलवार सुबह जेसीबी की टक्कर से एक महिला की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह पति के साथ घर जाने के लिए पैदल निकली थी। पुलिस ने शव को एसएमएस अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया। हेड कांस्टेबल दिलीप ने बताया कि हादसे में वंदना (35) पत्नी राकेश निवासी पड़ासोली दूदू की मौत हो गई। जो सुबह वह अपने पति राकेश के साथ जयपुर आई थी और पति के साथ एसएमएस हॉस्पिटल के सामने वापस घर जाने के लिए पैदल जा रही थी। इसी दौरान एसएमएस हॉस्पिटल में निर्माणाधीन बिल्डिंग के काम में लगी जेसीबी पीओपी कट्टे लेकर गेट नंबर-6 से बाहर निकल रही थी। इस दौरान पैदल जा रही वंदना जेसीबी की चपेट में आ गई। टक्कर लगने से वह लहूलुहान हालत में रोड पर गिर गई। जिसे देखकर पति राकेश बेहोश हो गया। लोगों ने तुरंत दोनों पति-पत्नी को अस्पताल में भर्ती करवाया। डॉक्टर ने इलाज के दौरान वंदना को मृत घोषित कर दिया। पति राकेश को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। एक्सीडेंट थाना पूर्व पुलिस सूचना पर मौके पर पहुंची। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने जेसीबी को जब्त कर चालक मोहम्मद शमशाद को डिटेन किया है।

### बदमाश ने पिस्टल से खुद को गोली मारी

**जयपुर** । झोटवाड़ा में एक बदमाश ने सोमवार देर रात खुद को पिस्टल से गोली मार कर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर अस्पताल में रखवाया। पुलिस ने मौके से एक देसी पिस्टल भी बरामद कर ली है। मंगलवार सुबह मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने बताया कि सोमवार देर रात पुलिस कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के बाद पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया। मृतक की पहचान देवेन्द्र सिंह (29) के रूप में हुई हैं। उसने अपने घर में ही खुद को देसी पिस्टल से गोली मार कर आत्महत्या कर ली। देवेन्द्र के खिलाफ आधा दर्जन आपराधिक मामले उदयपुर, झोटवाड़ा, वैशाली नगर, ज्योति नगर में दर्ज है। मृतक पांच माह पहले मारपीट के मामले में जमानत पर छूट कर जेल से बाहर आया था।

### सोनाक्षी वशिष्ठ बनीं प्रदेशाध्यक्ष



**जयपुर** । विप्र फाउंडेशन जोन-1 के प्रदेशाध्यक्ष राजेश कर्नल एडवोकेट की अनुशंषा एवं राजस्थान जोन-1 के प्रभारी पंकज जोशी के अनुमोदन पर वित्तीय वर्ष 2024-2026 के लिए सोनाक्षी वशिष्ठ को विप्र फाउण्डेशन राजस्थान जोन-1 की महिला प्रकोष्ठ की प्रदेशाध्यक्षा के पद पर नियुक्त किया गया है।

### राज्यसभा उपचुनाव की तैयारियों पर चर्चा

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने 3 सितम्बर को राज्य सभा की एक रिक्त सीट के लिए होने वाले उप चुनाव के सम्बन्ध में रिटर्निंग अधिकारी एवं विधान सभा के प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा सहित निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों के साथ मंगलवार को बैठक की। राजस्थान विधान सभा में हुई इस बैठक में राज्यसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की गई। निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्वाचन सम्बन्धी प्रक्रियाओं से अवगत करवाया गया। महाजन ने बताया कि 14 अगस्त बुधवार को राज्य सभा उप निर्वाचन के लिए अधिसूचना प्रकाशित होने के साथ ही नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि इस दौरान रिटर्निंग अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की अक्षरशः पालना करवाते हुए चुनाव प्रक्रिया संपन्न करवाएंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि रिटर्निंगअधिकारी राज्य सभा उप निर्वाचन के लिए नामांकन, संवीक्षा, नाम वापसी तथा मतदान एवं मतगणना आदि के दौरान आयोग के साथ-साथ माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समय-समय पर निर्देशों और आदेशों की पालना भी सुनिश्चित करवाएं। बैठक में बताया गया कि चुनाव के लिए निर्वाचन विभाग की ओर से रिटर्निंग अधिकारी को सभी आवश्यक सामग्री उपलब्ध करवा दी गई है। समस्त चुनाव प्रक्रिया, विशेषकर मतदान एवं मतगणना के दौरान, सुरक्षा व्यवस्था तथा कानून-व्यवस्था सम्बन्धी जरूरी कार्यवाही के लिएराजस्थानपुलिस के साथ समन्वय किया जा रहा है।बैठक से पूर्व भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य सभा उप निर्वाचन केलिए समस्त 9 राज्यों के रिटर्निंग अधिकारियों, सहायक रिटर्निंग अधिकारियों एवं चुनाव कार्य के लिए नियोजित अन्य अधिकारियों को राज्य सभा निर्वाचन संबंधी नामांकन प्रक्रिया, संवीक्षा और नाम वापसी से जुड़े बिन्दुओं पर प्रशिक्षण दिया गया।

# बाल सुधार गृह से अपचारियों ने फिर किया भागने का प्रयास

**जयपुर** । ट्रांसपोर्ट नगर सेठी कॉलोनी स्थित बाल सुधार गृह से बाल अपचारियों ने भागने को लेकर योजना बनाई। लेकिन वहां पर तैनात पुलिसकर्मियों ने उनकी योजना को विफल कर दिया। बालअपचारियों ने भागने के लिए मिलकर एक मीटिंग रखी थी और सीसीटीवी कैमरों के तार तोड़कर दीवार में बड़ा छेद कर दिया था। लेकिन पुलिसकर्मियों की सजगता के कारण उनके इरादें धरे रह गए। ट्रांसपोर्ट नगर थाने में बालसुधार गृह से भागने की योजना करने वाले चार मुख्य बाल अपचारियों के खिलाफ बाल सुधार गृह के अधीक्षक की ओर से मामला दर्ज करवाया गया है।

- **मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों ने उनकी योजना को विफल कर दिया**
- **सीसीटीवी कैमरों के तार तोड़कर दीवार में बड़ा छेद कर दिया था।**

जांच अधिकारी एसआई हबीब खां ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर के सेठी कॉलोनी स्थित बाल सुधार गृह के अधीक्षक सुनील भार्गव ने मामला दर्ज करवाया है। उन्होंने बताया कि बाल सुधार गृह की ड्यूटी पर केयर टेकर कन्हैयालाल, होमगार्ड इंचार्ज समय सिंह, सीसीटीवी फुटेज निगरानी पर प्रमोद कुमार बैरवा, पुलिस गार्ड कुलदीप, महिपाल, मनोज, सूरज और भवानी तैनात थे। जांच में सामने आया कि बालसुधार गृह में बंद चार बालअपचारियों ने भागने की योजना बनाई और देर रात चारों आरोपित बालअपचारियों ने बालसुधार गृह में बच्चों की एक साथ मीटिंग रखी थी।

बालसुधार गृह से भागने के लिए मीटिंग में पूरा प्लान बनाया गया। प्री-प्लान के तहत देर रात डढ़ बजे बच्चों ने सीसीटीवी के तार तोड़कर बंद कर दिए। मेडिकल रुम का लॉक तोड़कर अंदर घुस गए। रुम के अंदर की दीवार को तोड़कर भागने के लिए बड़ा छेद तक कर डाला। बालसुधार गृह में तैनात पुलिसकर्मियों को समय रहते पता चला गया। बाल सुधार गृह में तैनात पुलिसकर्मियों ने समय रहते पुलिस जाब्ता बुला लिया। सतर्कता के चलते बाल अपचारियों के बाल सुधार गृह से भागने की कोशिश नाकाम हो गई।

# प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर 23 अगस्त को होगा सम्मेलन

**जयपुर** । चंद्रमा की दक्षिणी ध्रुवीय सतह पर चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग 23 अगस्त, 2023 को हुई थी। इस उपलक्ष में भारत सरकार ने प्रतिवर्ष 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया है। इसी क्रम में जल संसाधन विभाग, राजस्थान और जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 14 अगस्त, बुधवार को रन अप कार्यक्रम के तहत एकदिवसीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है।

सम्मेलन की थीम 'टचिंग लाइव्स वाइल टचिंग द मूनः इंडियाज स्पेस सागा' रखी गई है। जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में आयोजित होने वाले इस सेमिनार में जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत मुख्य अतिथि एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार विशिष्ट अतिथि होंगे। इससे पूर्व 13 अगस्त को जयपुर के विभिन्न विद्यालयों में प्रश्नोत्तरी एवं ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इन प्रतियोगिताओं में प्रत्येक विद्यालय के प्रथम तीन विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा और पुरस्कृत ड्राइंग को आरआईसी में आयोजित होने वाली प्रदर्शनी में भी प्रदर्शित किया जाएगा। अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य समाज, विद्यार्थियों और राजकीय विभागों में अंतरिक्ष कार्यक्रम और

- **गत वर्ष 23 अगस्त को चंद्रयान-3 की हुई थी सफल लैंडिंग, इसी उपलक्ष्य में भारत सरकार ने प्रतिवर्ष 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' मनाना तय किया था**

उससे जुड़े लाभों के बारे में जागरूकता का प्रचार-प्रसार करना है। इस सम्मेलन में राज्य सरकार और भारत सरकार के विभिन्न विभागों के लगभग 100 से अधिक प्रतिनिधि, वैज्ञानिक, इंजीनियर, उद्योग प्रतिनिधि, विद्यार्थी और किसान सम्मिलित होंगे। अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम में पार्वती बांध, धौलपुर के कमांड क्षेत्र के काश्तकारों के लिए तैयार किए गए किसान साथी मोबाइल एप का लोकार्पण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस एप को जल संसाधन विभाग, राजस्थान और राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान, रूड़की द्वारा विकसित किया है। कार्यक्रम में उद्योगों, विभिन्न विभागों, अकादमिक संस्थानों, विद्यार्थियों व किसानों के साथ अंतरिक्ष में भारत के बढ़ते कदम और इससे जल संरक्षण आदि क्षेत्र में होने वाले लाभ और भविष्य के लिए बेहतर टूल विकसित के उपायों पर चर्चा की जाएगी।

# एस.एम.एस. अस्पताल में रेजीडेंट डॉक्टर्स की हड़ताल

## कोलकाता में महिला रेजीडेंट से रेप व हत्या के विरोध में जयपुर में डॉक्टर्स ने कैंडल मार्च निकाला

**जयपुर** । कोलकाता में महिला रेजीडेंट के साथ रेप व हत्या का मामला गरमाता जा रहा है। जयपुर में रेजीडेंट डॉक्टरों के कार्य बहिष्कार साथ ही विभिन्न चिकित्सक संगठन भी लामबंद होने लगे है। इससे एसएमएस सहित अन्य अस्पतालों में हालात बिगड़ने लगे है। 2200 से ज्यादा रेजीडेंट्स स्ट्राइक पर चले गए है। वहीं एसएमएस मेडिकल कॉलेज से घटना के विरोध में कैंडल मार्च निकाला गया।

हड़ताल के कारण ओपीडी, आईपीडी, ओटी सेवाएं प्रभावित हो रही है। केवल इमरजेंसी में आने वाले गंभीर मरीजों का इलाज किया जा रहा और जरूरत पड़ने पर ही उनका ऑपरेशन भी किया जा रहा है। सभी रूटिन ऑपरेशन टाल दिए गए है।

- **जयपुर में रेजीडेंट डॉक्टरों के कार्य बहिष्कार साथ ही विभिन्न चिकित्सक संगठन भी लामबंद होने लगे**
- **आईएमए राजस्थान स्टेट घटना की भर्त्सना कर चिकित्सकों की सुरक्षा के लिये सेंट्रल प्रोटेक्शन एक्ट की माँग की।**

रेजिडेंट हड़ताल को देखते हुए चिकित्सा विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है। विभाग ने एसएमएस अस्पताल में वैकल्पिक व्यवस्था के तहत 50 चिकित्सा अधिकारियों को भेजा है। मेडिकल शुभ्रा सिंह के निर्देश पर आदेश जारी किए गए है। ये चिकित्सक पिछले लम्बे समय से निदेशालय में एपीओ चल रहे थे। इनका विधिवत पदस्थापन होने तक एसएमएस अस्पताल में सेवाएं देंगे।

वहीं जयपुर एसोसिएशन ऑफ रेजीडेंट्स डॉक्टर्स के अध्यक्ष डॉ. मनोहर सियोल ने बताया कि मांगे पूरी होने तक रेजीडेंट डॉक्टर्स की हड़ताल जारी रहेगी।


एसएमएस अस्पताल, जनाना अस्पताल, जेके लोन, गणगौरी अस्पताल, जयपुरिया व मेडिकल कॉलेज से संबंधित अन्य अस्पतालों में रेजीडेंट्स की स्ट्राइक का असर देखा जा रहा है। सीनियर डॉक्टर्स की ओर से मरीजों का इलाज किया जा रहा है। लेकिन मरीजों की संख्या ज्यादा होने के कारण अस्पतालों में व्यवस्थाएं गड़बड़ाती दिख रही है।

उधर एसएमएस अस्पताल प्रशासन का कहना है कि अभी बारिश के कारण ओपीडी में ज्यादा मरीज नहीं है। सीनियर डॉक्टर्स मरीजों को संभाल रहे है। रेजीडेंट्स भी इमरजेंसी में काम संभाल रहें है। इसलिए ज्यादा हालात खराब नही है। वहीं दूससरी ओर आईएमए राजस्थान स्टेट के तत्वावधान में मामले को लेकर जेएमए प्रांगण में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की गई। आईएमए राजस्थान अध्यक्ष डॉ. रजनीश शर्मा ने कोलकत्ता में हुई महिला चिकित्सक से बलात्कार और उनकी नृशंस हत्या की भत्सरना की। साथ ही चिकित्सकों के लिये सेंट्रल प्रोटेक्शन एक्ट की माँग की। जेएमए अध्यक्ष डॉ. तरुण ओझा और सचिव डॉ. अनुराग शर्मा ने प्रकरण में दोषियों की गिरफ़्तारी और उनके ऊपर त्वरित कड़ी सज़ा के प्रावधान की माँग की। उन्होंने बताया आज शाम को विरोध स्वरूप कैंडल मार्च निकाला गया। आईएमए के पदाधिकारी डॉ संजीव गुप्ता और डॉ नरेश सोनी ने राष्ट्रीय स्तर पर चिकित्सकों के रोष पर सरकार को आगाह किया।

इससे पहले डॉक्टरों ने सोमवार को काली पट्टी बांधकर विरोध जताते हुए काम किया था। उन्होंने बताया कि कलकता में जो घटना हुई वह निंदनीय है और उसके आरोपियों को फांसी की सजा मिले। इसके साथ ही हम राज्य सरकार से भी राजस्थान खासकर जयपुर में रेजीडेंट्स डॉक्टरों के सुरक्षा की मांग करते है।

## कांग्रेस पार्षदों ने निगम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**जयपुर** । राजधानी जयपुर में नालों में कचरा-मलबा जाम होने के कारण सड़कों पर बारिश का पानी भरने, टूटी सड़कों को दुरुस्त करने तथा पार्कों में खुले पड़े बिजली के तारों को ठीक करने की मांग को लेकर ग्रेटर निगम के नेता प्रतिपक्ष राजीव चौधरी मंगलवार को आयुक्त रूकमणि रियाड़ के पास पहुंचे। उनके साथ कई कांग्रेस पार्षद भी मौजूद थे। राजीव चौधरी ने कहा कि भारी वर्षा के कारण ग्रेटर निगम क्षेत्र में ''वाटर लॉगिंग'' और नालों की सफाई की समस्या उत्पन्न हो गयी है। नालों में कचरा व मलबा फंसने के कारण मुख्य सड़कों पर बारिश का पानी भरा हुआ है। इस कारण कहीं रोड़ क्षतिग्रस्त हो रही है तो कहीं सीवरेज की लाइन धंस रही है। मुख्य सड़कों पर बारिश का पानी भरे रहने के कारण लोगों को आवाजाही में भारी परेशानियां हो रहीं है। अगर जल्द ही नगर निगम प्रशासन ने हालात नहीं सुधारे तो लोगों को विरोध प्रदर्शन करना पड़ेगा।



## World Calligraphy Day

Calligraphy is more than just writing, it's an art form that combines visual beauty with the written word. By celebrating this day, we are reminded of the unique charm and elegance that handwritten words can bring to our lives. It's a call to grab a pen and experience the joy of creating something beautiful by hand. Moreover, *World Calligraphy Day* is about bringing people together. Whether you're an expert with years of experience, or someone who's just starting out, this day is for you.



#INDEPENDENCE DAY SPECIAL

# Which Prime Minister has hoisted the National Flag most times?

India's first Prime Minister, Jawahar Lal Nehru, holds the record of hoisting the tricolour maximum times, while Gulzarilal Nanda and Chandra Shekhar could not get an opportunity to unfurl the national flag at the Red Fort during their tenures as the Prime Minister.



India's biggest national festival, *Independence Day,* is approaching. From villages to big cities, from the government and non-government organisations to individuals, everyone is plunged into the preparation for the upcoming *I-Day celebration,* set to be held on August 15. The mood of festivity has started prevailing all around as patriotism and love of the nation is spiralling out through the heart of every citizen in our beloved country. Independence Day is a time when we recall the sacrifice of our freedom fighters and leaders, who shaped up today's India, the country we are living in and cheering for.

Campaigns like '*Har Ghar Tiranga*' and '*Tiranga Yatra*' got momentum across the country. *Har Ghar Tiranga* campaign became the latest buzz of the town following Prime Minister Narendra Modi's call for organising the event ahead of Independence Day.


In order to remember the incredible contribution of our successive prime ministers (PMs), let's take a look at the PMs, who hoisted the national flag most times.

- *Congress Stalwart Jawahar Lal Nehru*, who was the first Prime Minister of India, hoisted the national flag at the Red Fort maximum times. He unfurled the Indian flag for a continuous 17 years from August 15, 1947 to 1964.
- *Indira Gandhi*, known as the Iron Lady of India, hoisted the flag 16 times during her two regimes, from 1966 to 1977 and again, from 1980 until her assassination in 1984.
- *Narendra Modi*, India's current Prime Minister, who recently created history after taking oath for his record third term, hoisted the national flag straight 10 times from 2014 to 2023, equalling his immediate predecessor Manmohan Singh's record. PM Modi is set to break Singh's record on upcoming August 15.



- *Manmohan Singh*, the face of the liberalisation of the Indian economy, unfurled the national flag 10 times in a row after coming to power in 2004.
- *Atal Bihari Vajpayee*, Bharatiya Janata Party (BJP) icon, hoisted the tricolour six times during his regime from 1998 to 2004.
- Congress leader *Rajiv Gandhi* hoisted the national flag 5 times at the Red Fort from 1984 to 1989.
- Congress leader *Narasimha Rao*, who is credited for setting the stage for liberal economic policy, also hoisted the national flag 5 times at the Red Fort during his tenure 1991-96.
- *Lal Bahadur Shastri* (1964-66) and *Morarji Desai* (1977-79) hoisted the national flag two times each.
- There have been four Prime Ministers, *Chaudhary Charan Singh* (1979-80), *Vishwanath Pratap Singh* (1989-90), *H. D. Deve Gowda* (1996-97) and *Inder Kumar Gujral* (1997-98) who unfurled the flag just once throughout their term.
- Meanwhile, there have been two Prime Ministers, *Gulzarilal Nanda* and *Chandra Shekhar*, who never got the opportunity to hoist the national flag at the Red Fort during their tenure.





# Atrocities By Our Very Own...

PART:2

On 3rd April 1946, kerosene was sprinkled on Gopa and he was burnt alive. He was not taken to the hospital even after seven hours. None of his near relations were allowed to meet him. His leg cuffs were not opened. At 11 P. M., his dying declaration was recorded but changed later. On 4th April 1946, Gopa was dead at 10 A. M. It was spread in the town that Gopa had committed suicide. The death of Gopa led to a big law and order situation in the town. The funeral procession saw lots of public anger against the Maharawal and Guman Singh. People shouted, "Long Live Amar Shahid Sagarmal Gopa" and denounced the Maharawal and Guman Singh.





Hemu Kalani Statue in Durg, Chhattisgarh.

#HISTORY



Dr. Sudhir Varma, IAS (Retd.)
*(Former Collector, Jaisalmer)*

In November 1930, Pandit Jawahar Lal Nehru fell ill in Naini jail. To wish him an early recovery, at the behest of his father, Pt. Motilal Nehru, prayers, meetings and demonstrations were held all over the country including Jaisalmer.

With the help of Aidan Singh, Purohit and Roopnarain Mehta, Gopa, who was in Jaisalmer at that time, issued a pamphlet exhorting the public for action. In retaliation, the *Maharawal* put them behind bars. A case was lodged against them and they were produced in a court. A number of influential people of the town had to intervene to release them.

In a way, it was the beginning of political activities in the state. The Maharawal also began looking for opportunities to harass Gopa. He had become a headache for his father also, who was an official in the state. Efforts were made to involve Roopnarain Mehta also for rebel activities because he was heading the *Maheshwari Yuvak Mandal*. The Maharawal considered it also as a political organization. After some time, the organization was ordered to be closed down and all its assets were seized by the state. Mehta was arrested and a false case of treason was lodged against him. He was jailed for a month. A close friend of the Maharawal, Karan Singh Mehta, had to intervene before he was set free, unconditionally. The *Maheshwari society* did not do any work during the detention of Roopnarain Mehta. Collecting all the facts of the case, Gopa published a book on that issue which was seized by the state.

For a few years, there was no activity for freedom. Gopa continued by writing articles in the press from outside during this period. Shiv Shankar Gopa, father of Sagarmal, was running a *Sarva Hitkarini Library* in Jaisalmer. There were a number of newspapers and books which continued to spread the message for local awareness. He also trained a couple of friends for the work, like Jeetmal Jagani, Madanlal Purohit, Girdharilal, Mohanlal Jagani and Chiranjilal Vyas.

### The Act of 1935

In that year, the Congress party was able to extract a large measure of autonomy from the British India, ending the system of direct diarchy, introduced by the 1919 Reforms. It provided a Federation of India, consisting of both, British India and some or all Princely States. The proposal suggested that the Princely States would continue to be governed by the states themselves. The Congress party opposed it. Shiv Shankar Gopa met Jainarain Vyas, Secretary, *Akhil Bhartiya Deshi Rajya Parishad* in Beawar and also opposed the proposal. Vyas was impressed by Gopa and asked him to set up a branch of the *Lok Parishad* in *Jaisalmer,* which he did in 1937, with the help of five friends and started a *four anna* membership drive.

This was again totally disliked by the Maharawal. He made efforts to prevent it. He started spreading false rumours against the members and made efforts to prevent marriages in their families and societies. He also sent rough elements to fight with them. He then started threatening them with government action like searching their shops and keeping guards in front of them. The guards were to inform him about the names of persons visiting the shops and to stop them. A number of intelligence officers were spread over the town. Gopa's shop and offices were searched and all the documents related to the *Parishad* were seized by the police inspector, Guman Singh Bhati. After seizing the register with names of the members of the *Parishad*, the Maharawal started calling them individually and threatening them. They were also pressurized through their relatives.

He succeeded to a certain extent. Each was asked to sign an apology letter. However, some of them, even after signing the letter, continued to help Shiv Shankar Gopa. In the meanwhile, two important persons, Jeevan Lal Kothari and Lalchand Joshi left government job. As neither of them had signed the apology letter, false cases were registered against them. Both of them were imprisoned for a year and six months, respectively. Both of them were pressurized to join the government again while imprisoned, but they declined.

In 1932, under Raghunath Singh Mehta, a *Maheshwari Yuva Mandal* was established in Jaisalmer, but was promptly declared as 'illegal' by the Maharawal. This action again led to public unrest. Sagarmal Gopa had written a book called '*Jaisalmer ka Gundaraj*,' which was banned and Sagarmal was thrown out of Jaisalmer. He went to Nagpur to settle.



Hemu Kalani commemorated in 2014.

Earlier, in 1925, Bhatia collected Rs. 200 to support Ganesh Shankar Vidyarthi but the State created such an adverse situation that he had to leave Jaisalmer.

Gopa, in the meantime, continued his tirade against the Maharawal from Nagpur and writing letters against his atrocities to the Political Agent, the AGG and the Viceroy.

In 1937-1938, Shiv Shankar Gopa, elder brother of Sagarmal, Madanlal Purohit and Lalchand Bhati tried to set up a *Lok Parishad*. This was again crushed. The founders of the Parishad were ordered to leave Jaisalmer. Gopa went to Nagpur to be with his younger brother, Sagarmal and continued to fight for freedom from there.

People, originally belonging to Jaisalmer, started local *Praja Mandals* in Nagpur, Hyderabad Sindh, etc. Sagarmal Gopa, Ramchand Kewaliya and Keshdan Vyas kept on sending memoranda to the Maharawal from outside. The Maharawal also kept on abusing Nehru, Gandhi and Subhash Bose, publicly. His utterances were duly published by Madanlal Purohit, Girdharilal Vyas, and Mohanlal in the newspapers like Vijay Singh Pathik's *Nav Sandesh*, *Nav Rajasthan* and *Navjyoti*. The conditions in Jaisalmer were then known to other parts of Rajasthan also.

In 1938, Sarang Dar Das, Secretary to Nehru, visited Jaisalmer. He was put up at the residence of Chiranjilal Vyas. He was badly treated by the local officials, especially by Guman Singh Bhati. Two officials of the *Harijan Sevak Samaj* also visited Jaisalmer during this period. Shiv Shankar Gopa took them around the town and apprised them of the terrible conditions of the local *Harijans*. Both of them were also treated badly by the local officials and were searched personally.

### Quit India Movement

Because of the stubborn attitude of the Maharawal, nothing much could be done for the Movement. The Maharawal had, of course, ordered the arrest of important leaders in view of the Movement. It was a time of relief for him.

### Atrocities on Sagarmal and his Incarceration

In 1941, on the death of his father, Sagarmal sought permission of the Resident for Jaisalmer for going to Jaisalmer to meet his mother for mourning his father's death. The permission was given. It was promised that the government would not act against him. But after two days, on 22nd May 1941, while urinating in front of his home, the police arrested him and kept him in prison for one year without any charges. He was not released for the Simla Conference in 1945, when all others were. His father tried through his relatives also to get him released, but to no avail.

On 10th June 1942, Gopa was sentenced to six years in jail, where he was badly beaten, especially by the seniormost officer of the kingdom, Guman Singh Bhati. Gopa wrote about this atrocity to Jainarain Vyas and Sheikh Abdullah. A *Jaisalmer Seva Sangh* was then established in Nagpur, and its members,

> At the same time, the tragedy created a new awakening. The *Desi Rajya Lok Parishad* decided to take up the issue at the national level. The Jodhpur Centre was reactivated fully. All the documents about Gopa were put up in public, including his jail diary and were also published. The editor of *Praja Sevak*, Achleshwar Prasad Sharma, went to Jaisalmer and for the first time, a condolence meeting was held for Gopa. However, a police officer stopped the meeting.

Tarachand Jagani, J. V. Pania, Aidan Jhinjhiani, and Tulsidas Sanwal, started holding meetings and sending telegrams to the Maharawal to release Gopa. Meethalal Vyas from Jodhpur was also involved in the campaign.

### Nehru's Visit to Jodhpur

Nehru visited Jodhpur in December 1945. He was also apprised about the situation of Gopa by Jainarain Vyas. Nehru advised to set up a *Praja Mandal* in Jaisalmer as soon as possible. A *Praja Mandal branch* was then set up in Jaisalmer, with the efforts of Mithalal Vyas, Shiv Shanker Gopa, Jeetmal Jagani, Tarachand, Madanlal, Jethmal Vyas, etc. Jethmal was elected as President. Mithalal was made Secretary and Jeetmal Treasurer. As the environment created by the Maharawal was not favourable, the Branch was kept at Jodhpur. Tarachand was secretly carrying out its activities in Jaisalmer. At that time, the only agenda before the *Mandal* was the release of Sagarmal Gopa. The participation of Jainarain Vyas gave strength to the movement. In the Lok Parishad's Conference in Udaipur, Mithalal represented Jaisalmer. In 1946, the Parishad, especially, Jainarain Vyas, was able to convince the Political Agent to visit Jaisalmer and enquire about Gopa, who had also kept the leaders informed about the conditions in the jail, atrocities against him and his deteriorating health.

The Political Agent decided to go there on 5th April 1946, much against the wishes of the Maharawal, who asked Guman Singh to persuade the Political Agent not to visit, as it was likely to create a serious law and order problem. On 3rd April 1946, kerosene was sprinkled on Gopa and he was burnt alive. He was not taken to the hospital even after seven hours. None of his near relations were allowed to meet him. His leg cuffs were not opened. At 11 P. M., his dying declaration was recorded but changed later. On 4th April 1946, Gopa was dead at 10 A. M. It was spread in the town that Gopa had committed suicide.

The death of Gopa led to a big law and order situation in the town. The funeral procession saw lots of public anger against the Maharawal and Guman Singh. People shouted, "Long Live Amar Shahid Sagarmal Gopa" and denounced the Maharawal and Guman Singh.

At the same time, the tragedy created a new awakening. The *Desi Rajya Lok Parishad* decided to take up the issue at the national level. The Jodhpur Centre was reactivated fully. All the documents about Gopa were put up in public, including his jail diary and were also published. The editor of *Praja Sevak*, Achleshwar Prasad Sharma, went to Jaisalmer and for the first time, a condolence meeting was held for Gopa. In the middle of the meeting, when Sharma was speaking, a police officer came and stopped the meeting.

On 4th May 1946, an *All India Gopa Divas* was held. Everyone, including Nehru, criticised the murder in Jaisalmer and demanded an enquiry. This was ultimately accepted and a retired judge of Allahabad High Court, Gopal Swaroop Pathak, was appointed to hold it. He held his Court in Jawahar Niwas. In the beginning itself, members of the *Rajputana Regional Council*, Heeralal Shastri, Raghubir Dayal, etc. raised some issues for clarification which were not accepted. The Council, thereafter, boycotted the proceedings of the court.

The Commission concluded, obviously under pressure of the Maharawal, that it was a suicide and not a murder. There was no answer to the question as from where kerosene and a matchbox found their way into a closely guarded jail.

Whatever it was, the event had triggered the fire of *nationalism* in far off Jaisalmer. Before Gopa's death, on 15th December 1945, Meethalal Vyas had set up a Jaisalmer Praja Mandal in Jodhpur, surprisingly not in Jaisalmer, and the only one outside the Princely state showing the cruel attitude of the Maharawal towards any attempt to raise public voice against him. But the setting up itself gave further impetus to the struggle in Jaisalmer, which demanded, again, a government responsible to the public.

On 26th May 1946, Jainarain Vyas and Akhileshwar Prasad, along with their followers, reached Jaisalmer, took out a procession shouting *Pro-Gopa* slogans. Thousands of people, including women and children participated in it. They held a public meeting also, which was attended by 4000 people. Vyas spoke about the general conditions in other Princely States, in the country and abroad, about the freedom struggle in the country against the British in those areas, which further boosted the morale of the people in Jaisalmer for the freedom struggle both, against the Maharawal and the British.

The Maharawal had tried earlier, through his messengers, to prevent people from joining the meeting, but had failed. He also invited Vyas to the Palace to explain his views but failed to convince him.

There was a renewed vigour in people and there was a rush to become a member of the Praja Mandal. Another freedom fighter of national importance, who was a morale booster in Jaisalmer, was Heeralal Shastri, who had met the Maharawal on the day judicial enquiry began, and had also spoken at the condolence meeting of Gopa. Bhanwarlal Acharya, a resident of Mewar, who presided over the condolence meeting, was asked by Meethalal to stay on in Jaisalmer, as he himself lived in Jodhpur, to help him organize the Mandal there. He began his work in great earnest and showed results, although, he was threatened by the Maharawal's musclemen, but with growing popularity of the Mandal, he had to withdraw. The Mandal demanded full autonomy for the state.

Even after independence, the attitude of the Maharawal did not change and in August 1947, the then Prince of Jaisalmer, Girdhar Singh, met the *Maharaja of Jodhpur* and suggested the merger of Jaisalmer with Pakistan. But this plan was rejected by Sardar Patel. On 2nd October 1947, *Gandhi Jayanti* was celebrated in the town and people took out a procession, which was *lathi-charged* by the police. There was an attempt by Kishorilal Purohit to unfurl the national flag on the Pokaran Fort but was not allowed. In the midst of this pro-Rajasthan environment, *Jaisalmer ultimately merged with Rajasthan on 30th March 1949.*

**Concluded.**

*rajeshsharma1049@gmail.com*

#EXHIBITION

# Jaipur's *Virasat Se Vikas* Verve

*Kota Doria saree*, with 356 motifs and a Mughal court scene in one part and *Pabuji ji Phad* in the other, is a star attraction.



Sadhana Garg
*Journalist & Social Entrepreneur*




"It's a fabulous display," said Professor Malashri Lal on her visit to the "*Virasat se Vikas*" show, currently on at Jawahar Kala Kendra (JKK). For the uninitiated Raghukul Trust has curated a multi-dimensional arts five day festival for JKK. Timeless Textile Traditions, a display of heritage textiles, loaned by Jaipur's who's who, turns out to be everybody's fav. On display are 250-year-old *Jamawar*, 150-year old *zardosi sherwani* of a young adolescent. The embroidery done by a single strand of pure gold thread or '*Sucha Tilla*' work, as it is called in Punjab, the state of its origin, is so fine that you begin to wonder whether human fingers are actually capable of such finery. The 150-year-old velvet *pankha with gold zardosi,* the three inch pure *Lappa on magenta pink kurta* and gold embroidery, that seems printed, are amongst many other items part of the Charu & Swarn Singh Khanuja private collection.

Cut to *banarsi* weaves, there is *gold jaal* in a tissue with *Minakari motifs* woven in the ancient *kadhwa technique*. The pure metallic yarn, derived from silver and gold, now a rarity, is also visible in the opulent magenta silk with booty motif in cut work, all over, and an exquisite huge paisley or '*Konia,*' as it is termed in the *Benarasi* tradition. Sourced from Sudhir Kasliwal, a famous jeweler, known more for his Gem Palace and less for his textile collections.

*Madhulika of the House of Pachewer* loaned 250-year-old jutiees with pure silver inlay work, and her great-grandmother's pure *gold dabka kurti kanchli*, that must have been customized even then, about 200 year ago in Udaipur, a city known to date for this age-old heritage craft.

To Vijendra Bansal Collection goes the credit of loaning original *Raja Ravi Varma lithographs*. One depicting *Kartikey* and the other *Lord Vishnu* have pulled crowds to say the least! The star of the collection is '*Nahargarh ki Laxmi*,' a 250-year old painting on cloth, done by natural paints, derived from real gem stones. It images the entire Nahargarh fort and its hills. Bansal, a veteran in miniature painting, and founder of the ICA gallery, one of the oldest in the country, is also the proud owner of *Chickankari white tableware*, that looks straight out of Wajid Ali's household. His rich organic *malmal* and *rai bandhej* collectibles are not to be seen anymore!





The *Kota Doria saree,* with 356 motifs and a Mughal court scene in one part and *Pabuji ji Phad* in the other, is also a star attraction.

The *Phulkari* collection and half the sarees, showcased from different parts of the country, are Rupi Minhas's valuable contribution to the show. Any textile show, without the treasure of late Brij Bhushan Basin, an IPS of Gujarat cadre, and a man credited of having founded 'Gujari,' the Gujarat State Handicrafts Corporation, as we know it today, would be incomplete. His collection of domestic embroideries, whether it is the *Chamba Rumal* or the *Rabari* tradition, defies description. The *Lanka Dahen* or *Mahishasur Mardani,* in *Kantha* stitch from Bengal, proudly owned by Devika Nagpal, is so lucid and detailed that one mistakes it for a painting.

Raghushree Poddar, Anuja Bajoria, Surbhi Soni, Shilpi Bhargav, Manisha Khandwa, Soumya Pande, Nandita Shekhawat and Nita Shivhare, Bhuvanesh Kumar are some of the others, who willingly parted with their family heirlooms. The moot question is why would anyone willingly risk loaning their family treasures? Curated by yours truly, a simple answer would be they trust and believe that their priceless belongings are in safe hands.

But that would be an oversimplification of a very complex and rare phenomena! As I see it, the life and soul of a city is in its people. If one is aware, then cities have voices, which one can listen to and a character that one can see.


Jaipur, a young city is peopled by humans, that have nothing small or indifferent about them. World-renowned performing artistes have, one after the other, gone on record to say that culturally, it has a very evolved audience.

So, the Timeless Textile Traditions Show is also a physical embodiment of its collective character, of the city's maturity, its culture, its myth and its magic. Long Live Jaipur's Timeless Traditions!





## THE WALL





## BABY BLUES


By Rick Kirkman & Jerry Scott





## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# बजट घोषणाओं को समय पर पूरा करने में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी : कन्हैयालाल



जलदाय मंत्री कन्हैयालाल ने मंगलवार को अधिकारियों की बैठक लेकर बजट घोषणाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

- जलदाय मंत्री ने की विभागीय बजट घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा
- 'जल जीवन मिशन के तहत कार्य नहीं करने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध हो प्रभावी कार्यवाही'

**जयपुर।** जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल ने मंगलवार को शासन सचिवालय में विभागीय बजट घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आमजन के लिए विभाग से संबंधित की गई बजट घोषणाओं को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से धरातल पर उतारा जाए। उन्होंने कहा कि काम की गुणवत्ता से कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इस दौरान जलदाय मंत्री ने खराब एवं बंद पड़े ट्यूबवेल, हैंडपंप, समर कंटीन्जेंसी वर्क्स,अमृत 2.0 मिशन, रिक्त पद, विभागीय पदोन्नित सहित विभिन्न कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने खराब एवं बंद पड़े ट्ययूबवेल एवं हैंडपंपों की तत्काल मेंटेनेंस कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन जिलों में समर कंटीन्जेंसी वर्क्स की प्रगति अत्यधिक कम है, वहां कार्यों में उल्लेखनीय प्रगति लाना सुनिश्चित करें। साथ ही अमृत 2.0 मिशन के तहत विभिन्न कार्यों से संबंधित टेंडर शीघ्र लगाए जाएं, जिससे मिशन के कार्यों में प्रगति आ सके। उन्होंने विभाग में रिक्त तकनीकी पदों को भरने की प्रक्रिया को भी शीघ्र ही प्रारंभ करने एवं विभागीय अधिकारियों की पदोन्नित के लिए डीपीसी करवाने के निर्देश दिए।

जलदाय मंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत जिन ठेकेदारों द्वारा लक्ष्य के अनुसार कार्य नहीं किया जा रहा है उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही जल जीवन मिशन के तहत जो निविदाएं प्रकियाधीन है उन पर शीघ्र निर्णय लिया जाए।

उन्होंने कहा कि मिशन के तहत जिन योजनाओं की कार्य अवधि पूर्ण हो गई है उन्हें प्राथमिकता से पूर्ण करवाया जाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि भारत सरकार द्वारा स्वतंत्र एजेंसी के माध्यम से फंक्शनल एसेसमेंट करवाया जा रहा है, इसमें धरातल पर कोई कमी पाई जा रही है तो उसे शीघ्र तुरंत दुरुस्त करवाएं। बैठक में जलदाय सचिव डॉ. समित शर्मा, जल जीवन मिशन के मिशन निदेशक बचनेश अग्रवाल सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## हाइवे पर जाम को लेकर बैठक

**बहरोड/नीमराना, (निसं)।** बहरोड उपखंड अधिकारी रामकिशोर मीणा की अध्यक्षता में करीब 3 बजे उपखंड अधिकारी सभागार में गड्ढों में तब्दीली से हाईवे पर लगने वाले जाम को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें हाईवे पर अधिक से अधिक पेट्रोलिंग करने तथा बडे ट्रॉले हाईवे की सर्विस लाइन पर ना खडे रहने की बात का विशेष ध्यान रखने एवं बीकानेर स्वीट्स से मुख्य चौराहे तक गहरे गड्ढों को तुरंत प्रभाव से भरवाया जाने व हाईवे पर बने हुए अवैध कटों को बंद करने के लिए निर्देशित किया गया। ताकि बार बार लगने वाले जाम की समस्या से अनजान परेशान ना हों। इस दौरान अभिषेक यादव तहसीलदार, सुरेंद्र एएसआई थाना सदर, धर्मपाल जाट आयुक्त नगर परिषद, शैलेंद्र परिवहन विभाग, सलमान मलिक एनएचएआई, बुद्धराम एएसआई थाना बहरोड, ओमप्रकाश एनएचएआईआदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### हर घर तिरंगा बाइक रैली निकाली



**पावटा, (निसं)।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत स्वतंत्रता दिवस के मौके पर भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आव्हान पर मंगलवार को विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा पावटा व प्रागपुरा मंडल पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड द्वारा हरी झंडी दिखाकर हर घर तिरंगा विशाल बाइक रैली निकाली गई। हर घर तिरंगा विशाल बाइक रैली का शुभारंभ हीरामल जी मंदिर मण्ढा से हुआ व महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय प्रागपुरा में समापन किया गया। इस दौरान जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, पावटा उपखंड अधिकारी कपिल उपाध्याय, जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा, वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर रोहित सांखला, तहसीलदार प्रवीण सैनी, प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश मीणा, जेईएन दयाराम चौधरी सहित प्रशासनिक व विभागीय अधिकारियों ने लोगों को अपने घरों पर तिरंगा लगने के लिए प्रेरित किया गया। विधायक कुलदीप धनकड के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा रैली के कार्यक्रम में भाजपाइयों ने हाथ में तिरंगा लेकर यात्रा प्रारंभ की।

# सहकारी बैंक के अफसर-कर्मचारियों के लिए लंबित समर्पित अवकाश भुगतान की मांग

- सहकार नेता सूरजभान सिंह आमेरा ने सहकारिता मंत्री, सचिव और रजिस्ट्रार को ज्ञापन सौंपा

**जयपुर।** ऑल राजस्थान कोआपरेटिव बैंक एम्पलाईज यूनियन व ऑल राजस्थान को-ऑपरेटिव बैंक ऑफ़िसर्स एसोसिएशन के प्रान्तीय महासचिव सहकार नेता सूरज भान सिंह आमेरा ने प्रदेश के शीर्ष सहकारी बैंक, ज़िला केंद्रीय सहकारी बैंक, राज्य भूमि विकास बैंक व प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंक के कर्मचारियों व अधिकारियों को वित्तीय वर्ष 2024-25 लिए अप्रैल 2024 से नियमानुसार देय 15 दिवस समर्पित अवकाश का लंबित भुगतान किए जाने की मांग उठाई है। आमेरा ने सहकारिता मंत्री, शासन सचिव, रजिस्ट्रार व बैंक प्रबंधन को ज्ञापन सौंपकर इस संबंध में मांग उठाई है। यूनियन ने सहकारिता मंत्री गौतम दक, शासन सचिव शुचि त्यागी व रजिस्ट्रार अर्चना सिंह को ज्ञापन देकर बैंककर्मियों के नियमानुसार वाजिब लंबित समर्पित अवकाश एवजी भुगतान की माँग की है ।

आमेरा ने बताया कि वित्तीय वर्ष में बैंक के लाभ में होने पर नियमानुसार उस वित्तीय वर्ष में 15 दिवस समर्पित अवकाश एवजी सहकारी बैंक कर्मचारी व अधिकारी को अप्रैल माह से 15 दिन के वेतन का नक़द भुगतान किया जाता है यह सुविधा वर्षों से देय है । यह सुविधा राज्य कर्मियों को भी देय है । उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25के लिए पात्र सहकारी बैंको के लाभ में होने व अर्जित लाभ पर आयकर देने की मजबूत आर्थिक स्थिति के बावजूद अपैक्स बैंक , एसएलडीबी पात्र सीसीबी व पीएलडीबी सहकारी बैंकों केकर्मचारियों व अधिकारियों को अप्रैल 2024से किया जाने वाला समर्पित अवकाश नक़द भुगतान अगस्त माह तक भी नहीं किया गया है जिससे राज्य भर के सहकारी बैंक कर्मियों में सरकार के प्रति असंतोष व रोष व्याप्त है । उक्त भुगतान की देरी से बैंक कर्मियों के उपार्जित अवकाश लेप्स होने से भी दोहरा आर्थिक नुक़सान उठाना पड़ रहा है। आमेरा ने बताया कि सहकारी बैंक कर्मियों के उपार्जित अवकाश सहित सभी अवकाश नियमानुसार बैंक नियोक्ता सक्षम अधिकारी द्वारा बैंक स्तर पर ही स्वीकृत किया जाते है तो नियमानुसार उस अवकाश के एवजी नक़द वेतन भुगतान का अधिकार भी उसी नियोक्ता व अवकाश स्वीकृत अधिकारी को होता है तथा होना चाहिए, लेकिन रजिस्ट्रार या शासन सचिव या वित्त विभाग स्तर से स्वीकृति की अनावश्यक, अव्यवहारिक, अनुचित व नियम विरुद्ध व्यवस्था थोप कर नियमानुसार देय वाजिब आर्थिक भुगतान को प्रक्रिया में उलझाकर सहकारी विभाग द्वारा सहकारी बैंक कर्मियों को आर्थिक प्रताड़ित व परेशान किया जा रहा है जिससे बैंक कर्मियों में सहकारी विभाग की बैंक कर्मी विरोधी रीति नीति के विरुद्ध भारी रोष व्याप्त है । सहकारी विभाग द्वारा बैंक कर्मियों के वाजिब हक़ को विवादास्पद बना लंबित रख राज्य भर में बैंक कर्मियों में सरकारी विरोधी वातावरण बनाया जा रहा है ।

## इंडियन रोटी बैंक संस्था का प्रथम स्थापना दिवस समारोह आयोजित

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के गणगौरी बाजार स्थित श्री रामद्वारा भवन परिसर में इण्डियन रोटी बैंक का प्रथम स्थापना दिवस समारोह बाबूलाल बंजारा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि संस्था के राष्ट्रीय सलाहकार प्रो. रामदास परसीना रहे तो विशिष्ट अतिथि संस्था की प्रदेश अध्यक्षा गीता गुप्ता, प्रदेश सलाहकार चन्द्रकांत शर्मा, जिलाध्यक्ष जयपुर विजय प्रजापति, उपाध्यक्ष विजय कुमार टांक, महिला शाखा जिलाध्यक्ष संगीता धामा, उपाध्यक्ष ललिता कुमावत रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में आगन्तुक अतिथियों ने मां शारदे के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद कार्यक्रम में आगन्तुक अतिथियों का संस्था के सदस्यों द्वारा माला साफा व शॉल तथा स्मृति चिह्न देकर कर स्वागत अभिनन्दन किया गया। इसी क्रम में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गीता गुप्ता ने कहा कि इण्डियन रोटी बैंक संस्था आमजन के हितार्थ कार्य कर रही है। वहीं आगे बताया कि संस्था ने कार्य करते हुए एक वर्ष पूर्ण कर लिया है। इसके चलते आज प्रथम स्थापना दिवस संकल्प थीम पर आयोजित किया गया है। उपरोक्त जानकारी देते हुए संस्था की मीडिया प्रभारी कविता सैनी और पूर्वी गुप्ता ने बताया कि हमारी संस्था निर्धन और जरूरतमंद लोगों को नि:शुल्क भोजन उपलब्ध करवा रही है। इसी क्रम में संस्था की उत्तर प्रदेश राज्य की प्रभारी कृष्णा गुप्ता ने कहा कि ऐसे पुनीत कार्यों में सभी को बढ़ चढ़कर सहयोग करना चाहिए और प्रत्येक रविवार को दो रोटी दान देकर ईश्वरीय कार्य में सहयोग करना चाहिए। वहीं कार्यक्रम के अंतिम चरण में बाबूलाल बंजारा ने सभी आगन्तुकों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण मानव कल्याण सस्थांन काचरोदा के अध्यक्ष रामपाल कुमावत का हरियालो राजस्थान एक पेड मां के नाम अभियान के तहत विशेष सम्मान किया गया।

## स्वर्णकार समिति ने माइक सेट भेंट किया

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** हिंदू स्वाभिमान टीम के कार्यकर्ताओं द्वारा मंगलवार को रेलवे स्टेशन के पास सोनी बगीची में स्थित स्वर्णकारेश्वर शिव मंदिर में सावन के पवित्र माह में एक कंप्लीट लाउडस्पिकर सेट श्रीमैढ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज समिति श्रीमाधोपुर के सौजन्य से लगाया गया। टीम के विशाल बोहरा ने बताया कि सावन के माह में सोनी बगीची में स्थित शिव मंदिर में माइक सेट पर शिव भजनों के माध्यम से जलाभिषेक करना शिवभक्तों के लिए धार्मिक कार्यक्रमों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी।


**आम सूचना**

मै बाबू सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह निवासी पंडितपुरा तहसील पावटा जिला कोटपूतली बहरोड बयान करता हूं कि मेरा पुत्र धर्मेंद्र सिंह मेरी पुत्रवधू शिवानी व मेरा पुत्र विरेंद्र सिंह व मेरी पुत्रवधू काजल मेरे वह मेरी पत्नी के कहने सुनने से बाहर है हम दोनों अपने पुत्र व पुत्रवधू को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं भविष्य में कोई इनसे किसी प्रकार का लेनदेन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

रजि. 2656/एल स्थापना 1972
**मदरामपुरा गृह निर्माण सहकारी समिति लि., जयपुर**
कार्यालय-330, वसुन्धरा कॉलोनी, गोपालपुरा बाईपास, टोंक रोड, जयपुर
क्रमांक MPGNSS/2024/108 दि. 12/08/2024
**आम सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुन्नी देवी पत्नी श्री मनोहर लाल शर्मा निवासी दाऊजी का मंदिर, बडियालकलां, दौसा, राजस्थान ने समिति कार्यालय में शपथ-पत्र, गुमशुदगी क्रमांक 32 दिनांक 12/08/2024 को पुलिस थाना खोह नागोरियान में प्रस्तुत कर समिति की योजना नारायण विहार कानोता जयपुर में स्थित भूखण्ड संख्या 57 क्षेत्रफल 50 वर्गगज का डुप्लीकेट आवंटन पत्र जारी करने की प्रार्थना की है। यदि किसी व्यक्ति, संस्था व अन्य को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन की तिथि से 14 दिवसो में समिति कार्यालय में ऐतराज प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद गुजरे मियाद कोई ऐतराज स्वीकार नहीं होगा तथा डुप्लीकेट आवंटन पत्र जारी कर दिया जायेगा। (मंत्री)

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री रमेश नागपाल पुत्र स्व. श्री मोहनलाल नागपाल, निवासी बी-305, स्काई टेरेस, वी. टी. रोड़, मानसरोवर, जयपुर - 302020, के पुत्र हिमांशु एवं पुत्रवधु साक्षी जयसिंघाना, मेरे अभिभाष्य के कहने में नहीं है तथा अपनी मनमर्जी करते हैं एवं दुबई में गत 12 वर्ष से निवासरत हैं, जिनका मेरे अभिभाष्य एवं उसके परिवार से कोई भी सम्पर्क, सम्बन्ध नहीं है। मेरे अभिभाष्य के किसी भी संस्कार, समारोह में इनकी उपस्थिति नहीं है। सामाजिक रूप से मेलजोल नहीं नहीं होने के कारण परिवार की सामाजिक प्रतिष्ठा की हानि हो रही है। अतः मेरा अभिभाष्य, अपने पुत्र एवं पुत्रवधु के साथ भविष्य में कोई सम्बन्ध नहीं रखना चाहता है और उसे अपनी समस्त प्रकार की चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता है। हिमांशु एवं साक्षी से संबंध रखने वाले किसी भी व्यक्ति का मेरे अभिभाष्य से कोई सम्बन्ध-सरोकार नहीं होगा एवं भविष्य में यदि कोई व्यक्ति / संस्था इनसे कोई लेनदेन, संविदा, संव्यवहार करता है, तो वह व्यक्ति / संस्था उसके लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे ।
प्रमोद शर्मा (गौतम) एडवोकेट, मोबाईल : 9672977465

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर- 0141-4901853
**आम जाहिर सूचना**
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा फ्लैट संख्या 10/879, मालवीय नगर, जयपुर क्षेत्रफल 34.582 वर्ग मीटर का आवंटन श्री प्रेम चन्द शर्मा को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 953 दिनांक 22.08.1987 को जारी किया गया था। उनके द्वारा फ्लैट के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन उप पंजीयक, जयपुर प्रथम, जयपुर के कार्यालय में दिनांक 14.02.1995 को करवाया गया। श्री प्रेम चन्द शर्मा की मृत्यु दिनांक 13.12.2019 को हो जाने के कारण उनके पुत्र श्री अनीश शर्मा पुत्र स्व. श्री प्रेम चन्द्र शर्मा के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, हकत्याग पत्र की छाया प्रति एवं मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया प्रति, प्रस्तुत कर उक्त आवास का प्रतिस्थापन अपने नाम करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री अनीश शर्मा पुत्र स्व. श्री प्रेम चन्द शर्मा के पक्ष में उक्त आवास के प्रतिस्थापन की कार्यवाही कर दी जावेगी।
सम्पदा प्रबंधक
वृत तृतीय, रा.आ. मण्डल जयपुर

**कार्यालय उपायुक्त मालवीय नगर जोन, नगर निगम ग्रेटर जयपुर**
(नई विधानसभा के पास, लालकोठी, जयपुर)
क्रमांकः-एफ ()/न.नि.ज. ग्रेटर/ मा.न. जोन/ 2024/ 1390
**सार्वजनिक सूचना** दि. 13.08.2024
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मूल भूखण्ड सं.- 927, बरकत नगर, टोंक फाटक, जयपुर, न्यु पिंक सिटी गृह निर्माण सहकारी समिति का जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर के द्वारा श्रीमती माधुरी माथुर पत्नी श्री नरेन्द्र बिहारी माथुर को क्षेत्रफल 216.66 वर्गगज भूमि का पट्टा विलेख दिनांक 07.06.2000 को जारी किया गया था। मूल आवंटी श्रीमती माधुरी माथुर पत्नी श्री नरेन्द्र बिहारी माथुर का स्वर्गवास दिनांक 07.05.2004 को एवं इनके पति श्री नरेन्द्र बिहारी माथुर पुत्र श्री चतुर बिहारी माथुर का स्वर्गवास दिनांक 28.11.2019 हो चुका है। मुल पट्टेधारी श्रीमती माधुरी माथुर पत्नी श्री नरेन्द्र बिहारी माथुर के अन्य वारीस श्रीमती निधी माथुर पत्नी श्री विनोद माथुर पुत्री नरेन्द्र बिहारी माथुर के द्वारा रजिस्टर्ड हक त्याग पत्र दिनांक 19.12.2023 के द्वारा अपने भ्राता आवेदक श्री पियुष माथुर पुत्र श्री नरेन्द्र बिहारी माथुर के हक/ पक्ष में निस्पादित किया गया। श्री पियुष माथुर पुत्र श्री नरेन्द्र बिहारी माथुर के द्वारा आवेदन के साथ शपथ पत्र (अण्डरटेकिंग), रजिस्टर्ड पट्टा, मूल आवंटी का मृत्यु प्रमाण-पत्र, रजिस्टर्ड हक त्याग पत्र एवं अन्य दस्तावेजो की छायाप्रति प्रस्तुत कर भूखण्ड सं.- 927, बरकत नगर, टोंक फाटक, जयपुर, न्यु पिंक सिटी गृह निर्माण सहकारी समिति नाम हस्तान्तरण चाहा गया है। नगर निगम ग्रेटर जयपुर के द्वारा आवेदक श्री पियुष माथुर पुत्र श्री नरेन्द्र बिहारी माथुर के द्वारा प्रस्तुत किये गये दस्तावेजों के आधार पर मूल भूखण्ड सं.- 927, बरकत नगर, टोंक फाटक, जयपुर, न्यु पिंक सिटी गृह निर्माण सहकारी समिति का नाम हस्तान्तरण श्री पियुष माथुर पुत्र श्री नरेन्द्र बिहारी माथुर के पक्ष में किया जाना है। इस नाम हस्तान्तरण बाबत किसी भी व्यक्ति संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय (उपायुक्त, मालवीय नगर जोन नगर निगम ग्रेटर) में प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित समयावधि की समाप्ति के बाद, नियमानुसार नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी। **उपायुक्त, मालवीय नगर जोन, नगर निगम ग्रेटर जयपुर**


## हर घर तिरंगा अभियान को लेकर बैठक का आयोजन

**कोटपूतली, (निसं)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से भाजपा द्वारा देश भर में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 14 व 15 अगस्त को आयोजित किये जाने वाले हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की बैठक मंगलवार को राजमार्ग पर ग्राम खेडकी वीरभान स्थित होटल पैराडाईज में जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह के मुख्य आतिथ्य व विधायक हंसराज पटेल की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बैठक में पांचों मण्डलों के पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देशानुसार कार्यक्रम तय करते हुये आगामी 14 व 15 अगस्त को घर-घर पहुंचकर पूरी विधानसभा में तिरंगा लगाकर कार्यक्रम को सफल बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये सांसद राव राजेन्द्र सिंह ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में आज कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक का भारत सम्प्रभु बना है। कश्मीर से धारा 370 हटाकर प्रधानमंत्री ने भारत को एकता व अखण्डता के सूत्र में पिरोया है। पहले कश्मीर का अलग विधान और अलग ध्वज था लेकिन आज तिरंगा ही पूरे भारतवासियों की अस्मिता का प्रतीक है। इसी भावना को जन-जन तक पहुंचाने के लिये यह अभियान शुरू किया गया है। अध्यक्षता करते हुये विधायक पटेल ने कहा कि ऐसा कोई घर ना छुटे, जहाँ तिरंगा ना लहराये। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपार जोश व उत्साह के साथ राष्ट्रीय ध्वज को घर-घर पहुंचाने की अपील की। इस दौरान पूर्व प्रधान विक्रम सिंह तंवर, भाजयुमो के पूर्व प्रदेश मंत्री देवायुष सिंह, पूर्व जिला पार्षद धूडसिंह शेखावत, भाजपा नेता शंकर लाल कसाना आदि मौजूद रहे।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में चारदीवारी में जन आक्रोश रैली आज

- सर्व हिंदू समाज के प्रदर्शन में साधु-संत भी होंगे शामिल

जयपुर। बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में बुधवार को सर्व हिंदू समाज की ओर से जन आक्रोश रैली निकाली जाएगी। सुबह 11 बजे न्यू गेट स्थित रामलीला मैदान में जन आक्रोश प्रदर्शन होगा। इसके बाद रामलीला मैदान से सांगानेरी गेट, जौहरी बाजार, बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, चौड़ा रास्ता होते जन आक्रोश रैली निकाली जाएगी जो वापस न्यू गेट स्थित रामलीला मैदान पहुंच कर संपन्न होगी। इस आशय का निर्णय मंगलवार को राजपूत सभा भवन में सर्व हिंदू समाज की बैठक में लिया गया। बैठक में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने भाग लिया। सभी ने एक स्वर में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में बात रखते हुए जन आक्रोश रैली को हाथ उठाकर सफल बनाने का संकल्प लिया।

रैली में प्रमुख साधु-संत, विभिन्न समाजों के प्रमुख सहित शहर की जनता शामिल होगी। बांग्लादेश में हो रहे हिंदू अत्याचार पर आक्रोश व्यक्त किया जाएगा। न्यू गेट स्थित राम लीला मैदान में आयोजित आक्रोश प्रदर्शन में रामधुनि और देश भक्ति गीत होंगे। साधु-संतों के उद्बोधन के बाद विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि संबोधित करेंगे। इस मौके पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ भी होगा।

इससे पूर्व गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी और मानसरोवर के श्री वेदमाता गायत्री वेदना निवारण केन्द्र में सुबह सात बजे से बांग्लादेश में मारे गए हिंदुओं की आत्मा की शांति और वहां निवास कर रहे हिंदुओं के शौर्य जगाने के लिए के लिए विशेष हवन किया जाएगा। आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में हरिनाम संकीर्तन किया जाएगा। गोविंद देवजी मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि बांग्लादेश में शांति कायम हो और वहां रह रहे हिंदुओं पर अत्याचार रुके इसके लिए ठाकुरजी से प्रार्थना की जाएगी। उधर, गलताजी में तर्पण का कार्यक्रम होगा। बांग्लादेश में इस्लामिक कट्टरपंथियों द्वारा जिन हिंदुओं की हत्या की गई उनकी आत्मशांति के लिए तर्पण किया जाएगा। कई स्थानों पर कैंडल मार्च भी निकाले जाएंगे। छात्र संगठन भी अपने स्तर पर विरोध प्रदर्शन करेंगे। जयपुर व्यापार महासंघ, अन्य व्यापारिक संगठनो के साथ मिलकर बुधवार को दोपहर 12 बजे तक जयपुर बंद का स्वेच्छिक निर्णय लिया है बांग्लादेश में व्यापारिक नरसंहार के विरोध मैं दोपहर 12 बजे तक व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद करके विरोध प्रदर्शन करने के लिए जयपुर व्यापार महासंघ ने बंद का निर्णय लिया है।

## एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

**पावटा, (निसं)।** बांग्लादेश में हिंदू महिलाओं, पुरुषों और बच्चों पर हो रहे अत्याचार और बर्बरता को लेकर पूरे देश भर में रोष व्याप्त है। उसी क्रम में अभिभाषक संघ पावटा अध्यक्ष विष्णु कुमार शर्मा के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम उपखंड अधिकारी पावटा कपिल कुमार उपाध्याय को एक ज्ञापन सौप भारत सरकार से हिंदुओं की सुरक्षा की मांग की है। इस अवसर पर अभिभाषक संघ अध्यक्ष विष्णु कुमार शर्मा, सदस्य दिलीप सिंह शेखावत, अशोक सिंह गुर्जर, सुनील शर्मा, नरेश यादव, लोकेश कुमार शर्मा, अनिल कुमार यादव, मुकेश कुमार स्वामी, कमलकांत शर्मा, सुरेंद्र सिंह शेखावत, बीएल आर्य, निर्मल कुमार मौर्य, मेहर सिंह जाट, सुभाष मीणा, आकाश चौधरी, घनश्याम मीणा, हजारीलाल यादव, घनश्याम शर्मा, गौरव शर्मा, दिनेश कुमार दायमा, सीताराम सैनी, धर्मपाल यादव, अधिवक्ता गण व महेंद्र यादव, श्यामसुंदर शर्मा, बुधराम यादव, सुल्तान यादव, रामकिशन वर्मा, महेंद्र वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## विभिन्न किस्म के पाँच पेड़ लगाये

**कोटपूतली, (निसं)।** स्थानीय नगर परिषद पार्क में टीम स्वच्छता सेवा दल के कार्यकर्ताओं द्वारा मंगलवार को वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर विभिन्न किस्म के पाँच पेड लगाये गये। संयोजक प्रवीण बंसल ने बताया कि युवाओं की टीम को इन पेड-पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी का प्रण दिलवाया गया। टीम द्वारा लगातार विभिन्न अवसरों पर वृक्षारोपण अभियान के तहत विभिन्न किस्म के पेड पौधे लगाये जा रहे हैं। इस दौरान अभय पबडी, गोपीराम बंसल, अभिषेक शर्मा, गर्वित मीणा, कार्तिकेय सेहरा व लक्ष्य सेहरा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को अन्यत्र स्थानांतरित करवाने की मांग

- ग्रामीणों का धरना 46 वें दिन भी रहा जारी
- प्रशासन पर 500 साल पुराने गांव का अस्तित्व मिटाने के आरोप लगाये

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम चतुर्भुज स्थित साहबी नदी में लगाये जा रहे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को अन्यत्र स्थानांतरित करवाने की मांग को लेकर चतुर्भुज बचाओ आंदोलन के तहत ग्राम चतुर्भुज, तरियाला, ढाणी रामनगर के ग्रामीणों द्वारा दिया जा रहा धरना मंगलवार को लगातार 46वें दिन भी जारी रहा।

इस दौरान ग्रामीणों का कहना था कि स्थानीय प्रशासन ने 500 साल पुराने गांव का अस्तित्व मिटाने का प्रयास किया है। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट गांव या शहर की मुख्य आबादी से दूर लगाये जाते हैं। आरोप है कि कोटपूतली नगर परिषद पहला निकाय है जो सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट गांव की मुख्य आबादी के बीच में लगाने का प्रयास कर रही है। हम तब तक धरना प्रदर्शन करते रहेंगे जब तक सरकार इस सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को अन्यत्र स्थानांतरित करने का आदेश नहीं दे देती। सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि हमने जिला कलेक्टर, सचिव राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सचिव स्वायत शासन एवं नगरीय विकास को सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से होने वाली समस्याओं के संबंध में ग्रामवासियों के द्वारा हस्ताक्षरित प्रार्थना पत्र भेजे थे, लेकिन अब उनका जवाब नहीं मिला है, उनसे जवाब चाहने हेतु पुनः स्मरण पत्र भेजे जायेगें।धरने में चंद्रशेखर शर्मा, गिरिराज भारती, दिलीप यादव, सत्यनारायण शर्मा, प्रताप सरपंच, किशनलाल स्वामी, विक्रम सैन, खेमचंद स्वामी, रतनलाल आर्य, योगेन्द्र स्वामी, गंगादीन आर्य, अमीचंद धानका व अभिषेक शर्मा सहित महिलायें मौजूद रही।

# आजादी के अमृत महोत्सव के तहत घर-घर फहराया जाएगा तिरंगा : मदन राठौड़

- भाजपा 14 अगस्त को मनाएगी ''विभाजन की विभिषिका स्मृति दिवस''


**जयपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत ''घर-घर तिरंगा अभियान'' और ''विभाजन की विभिषिका स्मृति दिवस'' पर प्रेसवार्ता को संबोधित किया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव के तहत ''घर-घर तिरंगा'' फहराने की गौरवमयी अपील की है।

इसका मुख्य उद्देश्य देशवासियों में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करना, राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सद्भाव एवं स्वाधीनता के आंदोलन से जुड़े सेनानियों को याद करना है। तिरंगा देशवासियों की आन-बान और शान है।

राठौड ने कहा कि 15 अगस्त आजादी का महापर्व के तौर पर मनाया जा रहा है। देश के 140 करोड़ देशवासियों के लिए गौरव के इस पर्व को तिरंगा अभियान से जोड़कर दोगुना करने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष पर सभी अपने घर, प्रतिष्ठान, गली, मोहल्लों में तिरंगा फहराएंगे। भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता इस घर घर तिरंगा अभियान को लेकर आमजन को तिरंगा यात्रा निकालकर जागरूक भी कर रहे है। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि वहीं दूसरी ओर 14 अगस्त को भाजपा विभाजन की विभिषिका स्मृति दिवस के तौर पर मनाएगी। 14 अगस्त 1947 को लाखों लोग इधर से उधर हो गए, घर-बार छूटा, परिवार छूटा, लाखों की जानें गईं। यह दर्द विभाजन का था। ऐसे में भारत के लिए यह विभीषिका से कम नहीं था। इसी दर्द को याद करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाने का ऐलान किया था।

राठौड़ ने ''आजादी आई आधी रात'' पुस्तक की चर्चा करते हुए कहा कि 1947 के उस क्षण को यादकर आज भी लोगों की रूह काप जाती है। एक ओर आजादी की खुशी थी तो दूसरी ओर आजादी के बाद हुए विभाजन का दुःख भी था। कांग्रेसी नेताओं ने देश को धर्म के नाम पर विभाजित करने का काम किया। कांग्रेसी नेताओं ने नक्शे पर विभाजन तो कर दिया लेकिन इसके बाद हजारों-लाखों लोगों के जीवन पर गहरा संकट खड़ा हो गया था। कई जगहों पर बेकसूर लोगों का कत्लेआम किया गया, हजारों लोगों को घर बार छोड़ने को मजबूर होना पड़ा। अब एक बार फिर से विपक्षी ताकतें देश को धर्म और जाति के नाम पर बांटने का काम कर रही है लेकिन हम सब एकजुट है। विपक्ष के मंसूबों को पूरा होने नहीं देंगे। देश के नागरिक देशभक्ति के प्रति जागरूक है और विपक्ष के एजेंडे को समझ चुके है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ, सबका प्रयास और सबका विकास की नीति पर कार्य कर रहे है। इस दौरान मंच पर तिरंगा अभियान के संयोजक एवं पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह जोधा, भाजपा प्रदेश मंत्री भूपेंद्र सैनी और भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ उपस्थित रहे।


नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम पूजा धर्मानी से बदलकर पूजा मेंहदीरत्ता पत्नी श्री अमित धर्मानी कर लिया है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये। पता- सी-10, सी-10ए, सी-11ए, फ्लैट नंबर- 401, थर्ड फ्लोर, आर-आर हाइट्स, जेतराम नगर, खेजड़ो का बास, मानसरोवर, जयपुर, राजस्थान-302020

मैं आरती कुमारी पत्नी आर्मी नं. 15748095F रैंक- SIGMN (DVR MT) राजेश बैठा निवासी- बेलघाटी, जयसिंहपुर, पूर्वी चंपारण, बिहार ने भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए मेरे पति के सेवा रिकॉर्ड में मेरा नाम आरती देवी से बदलकर आरती कुमारी कर दिया है।

मैं कपिल सरीन निवासी 6144 ब्लॉक-36 रंगोली गार्डन्स, महाराणा प्रताप मार्ग, वैशाली नगर, जयपुर मैंने अपने पुत्र का नाम प्रीत सरीन से बदलकर करनवीर सरीन रख लिया है। भविष्य में इसे करनवीर सरीन के नाम से जाना पहचाना जावेगा।

मै दिव्या कंवर पत्नी आर्मी नंबर 17014704N हवलदार मेजर टेक्निकल लक्ष्मण सिंह गांव - मानसिंह की ढाणी, पोस्ट- गुढा गोड़जी, जिला - झुंझुनू (राज.) ने अपना नाम दिव्या कंवर से दिव्या राठौड एफिडेविट दिनांक 13.08.2024 समक्ष जिला कोर्ट जयपुर के द्वारा बदल चुकी हूं।

मै सोनिया कुमार धर्मपत्नी कमल कुमार निवासी 169 पार्वती मार्ग, पश्चिम विहार, वैशाली नगर, जयपुर, राजस्थान। मैंने अपना नाम सोनिया से बदलकर सोनिया कुमार रख लिया है भविष्य में मुझे सोनिया कुमार से जाना पहचाना जावे।

मै राजेश धींगडा, निवासी 30, जवाहर नगर कॉलोनी, टोंक रोड, जयपुर ने अपने पुत्र UJJAWAL का नाम बदलकर UJJWAL (उज्ज्वल) रख लिया है। भविष्य में मेरे पुत्र को इसी नाम से पहचाना जावे।

मैंने अपना नाम विष्णु कुमार बगडिया से बदलकर विष्णु बगडिया रख लिया है। भविष्य में मुझे विष्णु बगडिया के नाम से जाना जावे। पताः-1ई-28, सुभाष कॉलोनी शास्त्रीनगर, जयपुर, राजस्थान-302016

I have changed my name from Jadish Narain to Jagdish Bhadoria for all purposes R/o D-185 Kardhani scheme Kalwar road Jaipur

**खोया पाया**

मे दिपा मथुरिया पुत्री श्री रघुवर दयाल मथुरिया, मेरे स्वामित्व का मकान नंबर D/13/3, चिनाव अपार्टमेंट प्रताप नगर जयपुर की NOC जो की हॉउसिंग बोर्ड द्वारा दी गई थी, वैशाली नगर के आसपास कही रास्ते में कहीं खो गई है मिलने पर सूचित करें, 9024742841, 9799385466

मेरेप्लाट (प्लाट नं. 281, केडियाज कोरिडोर, ग्राम चंदलाई, तहसील चाकसू, जयपुर) के JDA पट्टे के साथ जारीकिया गया साईट प्लान कहीं खो गया है कृपया मिलने पर सूचित करें 9667867313

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 19/24
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम श्रीमती मंजू कंवर उर्फ गुणवंत कंवर पत्नी स्व.हीरालाल राव उर्फ हीरासिंह जाति राजपूत विवाद स्थान जी.पी.एफ. एवं राज्य बीमा दावा मृतक हीरालाल राव उर्फ हीरासिंह की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 23.08.2024
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम हीरालाल राव उर्फ हीरासिंह पुत्र लक्ष्मी नारायण राव जाति राजपूत निवासी 162/82 RHB प्रताप नगर सेक्टर-16, सांगानेर जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 23 माह 08 सन् 2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 12 माह 6 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
मोहर अदालत
आज्ञा से-शारिस्तेदार
अपर जिला एवं सैंशन न्यायालय संख्या 10, जयपुर महानगर-प्रथम न्यायालय सांगानेर

## संक्षिप्त

### एनिकट में डूबने से युवक की मौत

**दूदू, (निसं)।** जिले के अधीन नानण गांव में पैर फिसल कर एनिकट में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सद्दाम पुत्र निजामुद्दीन दोपहर में मवेशियों के साथ खेत पर गया था इस दौरान पांव फिसल कर वहां बने एनिकट में डूब जाने से मौत हो गई।

### स्कॉलरशिप में चार विद्यार्थी चयनित

**पावटा, (निसं)।** शहीद रामसिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कैरोडी के कक्षा 9 के विद्यार्थी हिना शेखावत, धन्नू शेखावत, कपिल गोठवाल, ज्योति शेखावत यादव का एनएमएमएस छात्रवृत्ति हेतु राज्य स्तर पर चयन होने पर विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. रतन लाल दायमा एवं समस्त स्टाफ ने छात्र-छात्राओं को बधाई देकर एवं माला पहनाकर उनका स्वागत किया। वही समस्त छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं गौरतलब है कि इन छात्रों को 4 वर्ष तक राजकीय विद्यालय में अध्ययन करने पर 12 हजार रुपए प्रतिवर्ष प्राप्त होगा। इस अवसर पर विद्यालय परिवार से मेघराज बसवाल, रामवीर सिंह शेखावत, नरपत सिंह शेखावत, बालमुकुंद डिगवाल, गोपीराम गिठाला, मुकेश गिठाला, प्रभारी सतीश कुमार बसवाल सहित स्टाफ मौजूद रहा।

### डीईओ ने किया औचक निरीक्षण

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर के निर्देशानुसार ब्लॉक के लेवल वन अध्यापकों का बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान से संबंधित प्रशिक्षण नीमकाथाना जिला शिक्षा अधिकारी राधेश्याम योगी द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। सीबीईओ विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षणार्थी शिक्षकों को योगी ने नई शिक्षा नीति 2020, बाल मनोविज्ञान, नामांकन अभिवृद्धि, विद्यार्थियों की रीडिंग हैबिट बढ़ाने हेतु निर्धारित कालांश का प्रभावी संचालन तथा शिक्षण में नवाचारों का प्रभावी उपयोग करने के बारे में निर्देशित किया। निरीक्षण दल में शामिल बाबूलाल सैनी सीबीईओ नीमकाथाना, मोहर सिंह मंगावा एसीबीईओ पाटन शामिल थे। इस अवसर पर प्रशिक्षण प्रभारी बाबूलाल यादव प्रधानाचार्य अणतपुरा, व्यवस्थापक पवन कुमार शर्मा आरपी एवं घासीराम सैनी सह व्यवस्थापक भी उपस्थित थे।

### पुस्तकालय भवन का लोकार्पण आज

**कोटपूतली, (निसं)।** विधायक हंसराज पटेल बुधवार को कस्बे के आजाद चौक में राजकीय जिला पुस्तकालय में नवीन भवन का लोकार्पण करेगें। वहीं डाबला रोड़ स्थित राजकीय कन्या महाविधालय में वनस्पति उद्यान का भी उद्घाटन करेगें।

### सांभर में आज लगेगा स्वास्थ्य मेला

**सांभरझील, (निसं)।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर राजकीय यूनानी औषधालय में बुधवार को राष्ट्रीय आयुष मिशन एवं यूनानी चिकित्सालय विभाग राजस्थान सरकार के संयुक्त तत्वाधान में आयुष्मान भव एक दिवसीय स्वास्थ्य मेला लगाया जाएगा। चिकित्सा अधिकारी आईशा सिद्दीकी ने बताया कि शिविर में बीपी, शुगर, यूरिन, टाइफाइड, डायबिटीज, प्रेगनेंसी से जुडी बीमारियों की निशुल्क चिकित्सा सेवा एवं जांच की जाएगी। स्थानीय यूनानी चिकित्सालय में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक शिविर आयोजित किया जाएगा।

### यूडीएच मंत्री ने पौधारोपण किया

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** क्षेत्रीय विधायक तथा यूडीएच मंत्री झाबर सिंह एक दिवसीय दौरे पर ढाल्यावास खण्डेला रहें। इस दौरान यूडीएच मंत्री खर्रा ने ढाल्यावास बालाजी मंदिर परिसर में पौधारोपण अभियान में पौधारोपण कर अधिक से अधिक पेड लगाने का आव्हान किया। इस दौरान मंत्री खर्रा ने बालाजी मंदिर में दर्शन कर प्रदेश में खुशहाली की कामना की। इसके बाद मंत्री एक नीजी सवामणी समारोह में शामिल होकर कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए। इसके बाद जयपुर के लिए प्रस्थान कर गए। इस दौरान भाजपा नेता अजय सिंह खर्रा, पूर्व जिला महामंत्री तेज प्रकाश सैनी, नगरपरिषद सीकर नेता प्रतिपक्ष अशौक चौधरी, पालिका अध्यक्ष हरिनारायण महंत,उपाध्यक्ष ओंकार सिंह राठौड रामनिवास खर्रा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# परीक्षा से वंचित परीक्षार्थी बैठे धरने पर, प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी



विद्यार्थियों ने डीवाईएसपी उमेश निठारवाल और एसडीएम अशोक रिणवा को ज्ञापन दिया।

**■ आर.एस.सी.आई.टी परीक्षा दोबारा कराने की मांग**

**शाहपुरा, (निसं)।** शहर में गत दिनों आयोजित हुई आरएससीआईटी की परीक्षा में वंचित रहे विद्यार्थियों के मामले ने एक बार फिर तूल पकड लिया है। मामले में दोषी कामिकों के खिलाफ कार्रवाई करने और वंचित रहे विद्यार्थियों की परीक्षा दोबारा करवाने की मांग को लेकर विद्यार्थियों ने एसडीएम कार्यालय के पास धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान गुस्साए विद्यार्थियों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की। बाद में भाजपा नेता उपेन यादव धरनास्थल पहुंचे।

विद्यार्थियों ने डीवाईएसपी उमेश निठारवाल और एसडीएम अशोक रिणवा को ज्ञापन भी दिया। भाजपा नेता उपेंन यादव ने विश्वास दिलाया कि उनके साथ न्याय होगा और लापरवाही करने वाले विद्यालय प्रशासन के कार्मिकों के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा दिलाने के बाद मामला शांत हुआ। इसके बाद अभ्यर्थियों ने धरना समाप्त किया। जानकारी के अनुसार 4 अगस्त को शहर के श्री कल्याण सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आर एससीआईटी की परीक्षा आयोजित की गई थी। इस दौरान श्री कल्याण सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में अव्यवस्थाओं के चलते करीब 323 विद्यार्थी परीक्षा देने से वंचित रह गए थे। इसको लेकर विद्यार्थियों में गुस्सा व्याप्त था। गुस्साए विद्यार्थियों ने सोमवार को सुबह 11 बजे एसडीएम कार्यालय के पास एकत्रित होकर धरना शुरू कर दिया। अभ्यर्थियों ने कहा कि समय से पूर्व पहुंचने के पश्चात भी उन्हें भेदभाव पूर्वक परीक्षा से वंचित करना दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसा लग रहा था कि विद्यालय प्रशासन की मनमानी के चलते वे परीक्षा से वंचित कर दिए गए।

उनकी बार-बार गुहार लगाने के बावजूद भी उन्हें परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रवेश नहीं दिया गया। विद्यार्थियों ने स्कूल प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई करने और परीक्षा दुबारा करवाने की मांग की। इसके साथ ही नारायण इन्फोटेक त्रिवेणी रोड के नारायण सैनी, बाबा भगवान दास इन्फोटेक महिला महाविद्यालय के सामने के प्रकाश चौधरी, त्रिवेणी इन्फोटेक खातेडी के मातादीन मीणा, गोविंदम कोचिंग क्लासेस राज सिनेमा के पीछे के सुरेंद्र टेलर, सिस्टम इन्फोटेक डाबर मोहल्ला के हरिनारायण सैनी, खंडेलवाल इन्फोटेक के सूरजमल, आईटीसी के विकास यादव आदि ने कहा कि 18 अगस्त को नोडल केंद्र श्री कल्याण सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आरएससीआईटी की परीक्षा आयोजित हो रही है जिसमें वंचित रहे सभी विद्यार्थियों को शामिल किया जाए। छात्रों के खिलाफ कोई भी कानूनी कार्रवाई नहीं की जाकर उन्हें न्याय दिया जाए जो भी मामले में दोषी हो उसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाए ताकि आगे कभी बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड नहीं हो सके। सूचना पर डीवाईएसपी उमेश निठारवाल व भाजपा नेता उपेन यादव मौके पर पहुंचकर समझाईश की। विद्यार्थियों ने डीवाईएसपी व एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

इधर थाना प्रभारी रामलाल मीणा ने कहा कि मामले की जांच जारी है। इस संबंध में एसडीएम अशोक कुमार ने बताया कि अभ्यर्थियों ने ज्ञापन दिया है जिसे संबंधित विभाग के उच्च अधिकारी को भिजवाया जाएगा।

### तिरंगा यात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत किया

**सांभरझील, (निसं)।** भाजपा के आव्हान पर संपूर्ण भारतवर्ष में चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज फुलेरा विधानसभा क्षेत्र के नरेना देहात मंडल की ओर से एक तिरंगा वाहन यात्रा का आयोजन किया गया जो की मंडल के मुख्य मार्ग एवं स्थानों से होते हुए स्थानीय धार्मिक और आस्था के केंद्र भंदे बालाजी पर जाकर पूर्ण हुई। भाजपा ओबीसी मोर्चा राष्ट्रीय मंत्री एवं पूर्व विधायक निर्मल कुमावत ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। नरेना देहात मंडल अध्यक्ष देवकरण गुर्जर ने सभी कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन किया। विशिष्ट अतिथि महामंत्री रामावतार कुमावत, अमरचंद मणेठिया, एमपीएस नेमीचंद कुमावत, नटवर पारीक, अतुल गौतम, मंडल उपाध्यक्ष हरीश बडीवाल, विष्णु कुमावत, जुगल किशोर, रतनलाल, महेंद्र गांधी, गुलाब चंद, राजेश निठारवाल, चेतन लांबा व रामनारायण थे। अतिथियों ने भारत माता की पूजा अर्चना कर तिरंगा बाइक यात्रा को रवाना किया तिरंगा बाइक यात्रा काचरोदा, रोजडी, हिरनोदा, भंदे बालाजी में निकाली गई।

# तिरंगा रन एवं मैराथन रैली कलेक्ट्रेट से शहीद स्मारक तक निकाली



रैली में विभिन्न महाविद्यालयों एवं स्कूलों के विद्यार्थी, स्काउट गाइड, नर्सिंग छात्राएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे।

**■ राष्ट्रीय ध्वज देशप्रेम की भावना को जागृत करता है : प्रतिष्ठा पिलानिया**

**टोंक, (निसं)।** स्वाधीनता दिवस के अवसर एवं हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को जिले भर में विभिन्न कार्यक्रम हुए। जिला मुख्यालय पर सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट से शहीद स्मारक, बहीर रोड तक तिरंगा रैली, तिरंगा रन एवं मैराथन सहित तिरंगा कैनवास, तिरंगा प्लेज सेल्फी, शपथ एवं हस्ताक्षर अभियान कर आदि गतिविधियां आयोजित की गई। इसके साथ ही, शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर टोंक जिले के शहीदों को श्रद्धाजंलि दी गई।

कार्यक्रम के तहत मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर से पवेलियन ग्राउंड शहीद स्मारक टोंक तक तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली को सीईओ प्रतिष्ठा पिलानिया, उपखंड अधिकारी राहुल सैनी, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. छोटूलाल बैरवा, नगर परिषद आयुक्त ममता नागर, विकास अधिकारी सविता राठौड समेत अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में विभिन्न महाविद्यालयों एवं स्कूलों के छात्र-छात्राएं, स्काउड गाइड, नर्सिंग छात्राएं, आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

इस अवसर पर सीईओ ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान से प्रत्येक व्यक्ति में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत होती है। यह समस्त देशवासियों को एकता के सूत्र में पिरोने का पर्व है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में हर वर्ग, हर श्रेणी के व्यक्ति का योगदान जरूरी है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए हम सभी को हर संभव प्रयास करने हैं। उन्होंने प्रत्येक घर पर तिरंगा फहराने की अपील भी की।

कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी ने रैली में उपस्थित विभिन्न महाविद्यालयों एवं स्कूलों के छात्र-छात्राएं, स्काउड गाइड, नर्सिंग छात्राएं, आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी को तिरंगा प्रतिज्ञा भी दिलवाई। इसके साथ ही तिरंगा कैनवास पर हर घर तिरंगा का संदेश देते हुए हस्ताक्षर कर राष्ट्र भक्ति का संदेश दिया। तिरंगा रैली में पीआरओ अपूर्व शर्मा, जनसम्पर्क कर्मी रिजवान अनीस, राजूलाल शर्मा, सीडीपीओ संगीता दीपक, महिला पर्यवेक्षक शगुफ्ता खान, कवि प्रदीप पंवार, स्काउट गाइड के सीओ गिरिराज गर्ग सहित अन्य मौजूद रहे।

### हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत निकला तिरंगा मार्च

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत श्रीमाधोपुर शहर के मुख्य मार्गों पर तिरंगा मार्च निकाला गया। तहसीलदार जगदीश प्रसाद बैरवा ने बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान से हाफ मैराथन, तिरंगा मार्च प्रारंभ हुआ।

तिरंगा मार्च में महात्मा गांधी पीजी कॉलेज, एसबीएन कॉलेज तथा सरदार पटेल कॉलेज के एनसीसी केडेट्स, विभिन्न विद्यालयों के स्काउट्स के अलावा लिटिल एंजेल स्कूल, महात्मा गांधी गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीमाधोपुर के विद्यार्थी हाथों में तिरंगे झंडे लेकर देशभक्ति नारे लगाते हुए स्टेशन रोड, अस्पताल चौराहा, सुराणी बाजार, चौपड, रींगस बाजार होते हुए गंतव्य स्थल राबाउमावि श्रीमाधोपुर में पहुंचे। तिरंगा मार्च में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार शर्मा, नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी नगरपालिका छगन लाल यादव, नोडल प्रधानाचार्य राजेश कुमार अंकुर, मीरा खर्रा शारीरिक शिक्षक समेत शहर के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के स्टाफ सदस्य मौजूद थे। महात्मा गांधी पी.जी. श्रीमाधोपुर में एनएसएस, स्काउट तथा एनसीसी छात्रों द्वारा संयुक्त रूप से हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत श्रीमाधोपुर में तिरंगा रैली निकाली गई। एनएसएस प्रभारी मांगीलाल कुमावत ने बताया कि महाविद्यालय निदेशक मोहर सिंह खर्रा, प्राचार्य डॉ. वी.के. सैनी,उपप्राचार्य विजेंद्र पूनिया, विज्ञान संकाय प्रभारी वीरेंद्र यादव ने हरी झंडी दिखाकर रैली को श्रीमाधोपुर शहर के लिए रवाना किया। रैली महाविद्यालय प्रांगण से रवाना होकर बस स्टैंड, उपखंड कार्यालय, नगर पालिका, सरकारी अस्पताल, जीण माता चौराहे से होते हुए रेलवे स्टेशन, पेट्रोल पंप, बावडी आश्रम से होकर महाविद्यालय पहुंची।

# जिन्हें पहले मिल चुका है आरक्षण का फायदा, उन्हें अब नहीं मिलना चाहिए : डॉ. किरोड़ी लाल

**■ आरक्षण समाप्त करना चाहती है केन्द्र सरकार : मुरारीलाल मीणा**

**दौसा, (निसं)।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाल ही में एसटी-एसटी के आरक्षण को लेकर दिये गये फैसले के बाद जहां अधिकांश नेताओं ने चुप्पी साध ली है। वही दूसरी ओर कांग्रेस के नेता एवं दौसा सांसद मुरारीलाल मीणा ने इस निर्णय को संविधान विरोधी बताया है। इधर प्रदेश के कृषि मंत्री डॉ. किरोडीलाल मीणा ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को गरीब तबके के हित में बताते हुये निर्णय का स्वागत किया है।

कृषि मंत्री डॉ. किरोडीलाल मीणा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला यदि लागू होता है तो यह समाज के गरीब तबके के लोगों के हित में होगा। उन्होंने कहा कि उनका भाई भी अफसर रह चुका है और भतीजा विधायक है, फिर भी वो गरीबों को इसका लाभ नहीं मिलने दें तो ये अच्छा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि नेताओं के पेट में दर्द हो रहा है। एससी-एसटी के नेता समाज को भ्रमित और गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट का निर्णय समाज के हित में नहीं होगा लेकिन उन्होंने मन से कहा कि वो हनुमान जी की तरह सीना चीर कर तो नहीं दिखा सकते हैं। वहीं, पपलाज माता और अपनी मां की कसम खा कर कहा कि आरक्षण से कभी छेड़छाड़ नहीं होगी। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला समाज के गरीब लोगों के हित में होगा। मंत्री डॉ. किरोडीलाल ने साफ शब्दों में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को समाज के गरीबों के हित में बताया। उन्होंने कहा कि जिनको आरक्षण का फायदा मिल गया है, उन्हें अब इसका फायदा नहीं मिलना चाहिए। अब आरक्षण का लाभ वंचितों को मिलना चाहिए।

दौसा सांसद मुरारीलाल मीणा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा आरक्षण कोटे में बंटवारे का फैसला दिया है। लगता है इस पर सरकार द्वारा सही पैरवी नहीं कर निश्चित रूप से लापरवाही की है। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित्त जन जाति का आरक्षण भारतीय संविधान में आर्थिक एवं पिछडेपन के आधार पर नहीं है। बल्कि अनुसूचित जन जाति का आरक्षण उनकी संस्कृति, आदिम काल से निवास परम्पराओं के कारण वहीं अनुसूचित जाति का आरक्षण छुआछूत व दलितीय स्थिति आदि के आधार पर दिया गया है। उन्होने कहा कि मैं सरकार से अनुरोध करता हू कि जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी के पक्ष का अध्ययन भी किया जावे तथा समय रहते इस फैसले पर विचार कर सुप्रीम कोर्ट में पुन: विचार हेतु अपील करें।

# तिरंगा यात्रा निकाल हर घर तिरंगा फहराने का दिया संदेश



विशाल तिरंगा यात्रा से भिवाड़ी और अलवर देशभक्तिमय हुआ।

**■ केंद्रीय मंत्री ने भिवाड़ी में सांसद सुविधा केंद्र का किया उद्घाटन**

**भिवाडी/अलवर, (निसं)।** केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री एवं सांसद भूपेंद्र यादव ने विशाल तिरंगा यात्रा को झंडा दिखाकर यात्रा आरंभ कर यात्रा में सम्मिलित हुए। तिरंगा यात्रा में राज्य वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन (स्वतंत्र प्रभार) मंत्री संजय शर्मा, तिजारा विधायक महंत बालक नाथ, जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर संजय नरूका सहित अन्य जनप्रतिनिधि सम्मिलित हुए। इसके बाद केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव अलवर की तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।

तिरंगा यात्रा में बाइक चालकों के साथ चल रहे अन्य सभी ने हाथों में तिरंगा लिए पूरे मार्ग में देशभक्ति के गीतों का प्रसारण कर वातावरण को राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत सा कर दिया। यह तिरंगा रैली मनसा चौक से होकर भिवाडी मोड होते हुए अपने गंतव्य स्थान कार्यालय रीको यूनिट द्वितीय पहुंचकर सम्पन्न हुई। रैली का समापन भारत माता की जय घोष के साथ किया। यात्रा में सैकडों की संख्या में स्थानीय लोगों ने बाइक, ट्रैक्टर, जेसीबी पर सवार होकर भाग लिया। यात्रा के दौरान बुलडोजर से पुष्प वर्षा की गई।

इस मौके पर केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव सहित राज्य वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री संजय शर्मा, विधायक तिजारा महंत योगी बालक नाथ ने रीको यूनिट द्वितीय कार्यालय में सांसद सुविधा केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह केंद्र प्रात: 9 बजे से शाम 6बजे तक आमजन की सेवा के लिए खुला रहेगा।

### मॉडल स्कूल निवाई ने लहराया परचम

**निवाई, (निसं)।** राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर के तत्वावधान में राज्य स्तरीय सोशल साइंस फेयर प्रतियोगिता का आयोजन स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल सहाडा भीलवाडा में हुआ। जिसमें राजस्थान के सभी मॉडल स्कूल के 13 क्लस्टर से सैकडों विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रधानाचार्य कुंभाराम चौधरी ने बताया कि राज्य स्तरीय सोशल साइंस फेयर की मॉडल प्रतियोगिता में निवाई विद्यालय के हर्षवर्धन सिंह जैसावत व मोहित पोसवाल एवं वाद विवाद प्रतियोगिता के पक्ष में राशि कुल्हेरी ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर टोंक जिले का नाम रोशन किया है। विजेता छात्र-छात्राओं को प्रधानाचार्य एवं विद्यालय परिवार के प्रतियोगिता प्रभारी राजवीर चौधरी, जीशान अहमद, उप प्रधानाचार्य ललितकुमार बेनीवाल, व्याख्याता विनोदकुमार शर्मा, योगेशकुमार शर्मा, कमलसिंह कसाना, विकास गुर्जर, कुंती शर्मा, हनुमानप्रसाद गुर्जर, मदनमोहन मीणा, सुनीता गुर्जर, सुदेश भाई, आरती तिवारी, सोनू सोनी, दिव्यानी शर्मा व अमित शर्मा आदि ने बधाई दी।

## सार-समाचार

### अंगदान व देहदान को लेकर कार्यशाला




**टोंक, (निसं)।** विश्व अंगदान दिवस के उपलक्ष में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी टोंक द्वारा अंगदान एवं देहदान को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव हनुमान सिंह सोलंकी ने बताया कि आज विश्व अंगदान दिवस के उपलक्ष में युवाओं को जागरूक किया गया। युवाओं को अंगदान एवं देहदान संबंधी जानकारी दी एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों को अंगदान देहदान से जोडने के बारे में विचार विमर्श किया गया। इस दौरान इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी राज्य शाखा द्वारा प्राप्त पोस्टर का विमोचन भी किया गया। निर्णय लिया गया कि इस तरह के पोस्टर सार्वजनिक स्थल पर लगाए जाएंगें।

### तिरंगा रैली को रवाना किया




**राजगढ, (निसं)।** कस्बे के राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों एवं स्काउट गाइड की ओर से हर घर तिरंगा अभियान को लेकर विद्यार्थियों ने तिरंगा रैली निकाली। रैली को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ केएल मीना ने झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य मीणा ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान देश में प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रीय स्वाभिमान एवं गौरव की भावना को जागृत करता है। आजादी की अमृत महोत्सव के दौरान शुरू हुआ अभियान जन आंदोलन बन चुका है। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी कपिल देव कुंडारा, संजय बमणावत, आयुषी गुप्ता, जितेंद्र यादव एवं अन्य संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

### जलभराव स्थलों का निरीक्षण किया

**राजगढ, (निसं)।** कस्बा राजगढ एवं अन्य स्थानों पर व्यापक वर्षा के कारण तहसीलदार विनोद कुमार शर्मा, नायब तहसीलदार छोटे लाल मीणा ने मंगलवार को स्थानों का दौरा कर निरीक्षण किया। महिला पुरुषों एवं बच्चों को जलभराव स्थलों पर एहतियात बरतने की सलाह दी। इस दौरान उन्होंने आमजन से गहरे पानी में नहीं जाने एवं पानी भराव स्थलों से दूर रहने का आव्हान किया। नायब तहसीलदार छोटेलाल मीणा ने जल भराव केंद्र पर चेतावनी बोर्ड लगाने सहित अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के लिए सरपंच एवं ग्राम विकास अधिकारियों को निर्देश दिया। अधिकारियों ने कस्बे के लोगों से जल भराव स्थलों पर सावधानी बरतने की अपील की। इसके बाद छाहरीन धाम हनुमान मंदिर पर आ रहे पानी एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर भारी संख्या में लोगों का जमावडा रहा।

### कार्यो को एस.डी.एम ने सराहा

**अलवर, (निसं)।** अशोक लीलैंड द्वारा वित्त पोषित सतत जल प्रबंधन परियोजना अलवर, द्वारा सुजल महिला महासंघ सदस्यों द्वारा मालाखेडा उपखंड अधिकारी देवी सिंह को अपने द्वारा मालाखेडा क्षेत्र में किये जा रहे कार्यो जैसे वर्षा जल को बचाना, माहवारी स्वच्छता के बारे में किशोरी बालिकाओं को जागरूक करना, सरकारी योजनाएं समुदाय को बताना और उनके लाभ दिलाया इत्यादि के बारे में विस्तार से बताया। उनके इन कार्यो की उपखंड अधिकारी ने बहुत तारीफ की। उन्होंने कहा की आप जो कार्य कर रहे हैं वो बहुत ही सराहनीय है। हम आपके कार्य की प्रशंसा करते है, एवं आपको किसी भी प्रकार का सहयोग चाहिए तो आप हमें जरूर बताएं हम आपका पूरा सहयोग करेंगे। इस दौरान अंबुजा फाउंडेशन से प्रोजेक्ट एजीकुटिव विष्णु कुमार, यतिका, हरिसिंह, रेखा, सुमनलता, उर्मिला, आरती, संगीता मौजूद रहे।

### बाइक तिरंगा रैली का आयोजन

**खाटूश्यामजी, (निसं)।** कस्बे की धार्मिक नगरी में घर-घर तिरंगा हर घर तिरंगा अभियान के तहत बाइक तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली तोरण द्वार से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार से होते हुए समापन किया गया। इससे पहले उपखंड अधिकारी गोविंद सिंह भींचर, तहसीलदार महिपाल सिंह राजावत, अधिशासी अधिकारी अरुण शर्मा व थाना अधिकारी राजाराम लेघा,भाजपा नेता पवन पुजारी के नेतृत्व में देशभक्ति स्लोगन लिखकर श्याम श्रद्धालुओं को देश के प्रति सजग एवं जागरूक किया गया।तिरंगा रैली के अवसर पर तोरण द्वार पर शिक्षाविद् श्यामसुंदर शर्मा, छोटूराम शेरावत, ओमप्रकाश हरनाथका, विकास सोनी,अंकित हरनाथका, सोनू जोशी, मोहन मावलिया, मुकेश वैष्णव, सोनू तुलछानी, स्वास्थ्य निरीक्षक विरेन्द्र सिंह चंदेलिया, नगर पालिका के कनिष्ठ अभियंता अजय मीणा सहित अनेक युवाओं ने भारत मां के जयकारों के साथ तिरंगा रैली में भाग लिया और लोगों को घर-घर तिरंगा हर घर तिरंगा अभियान का शुरुआत की गई। गौरतलब है कि केंद्र सरकार व राज्य सरकार के द्वारा आजादी का जश्न मनाने के लिए हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा अभियान का जोर जोर से प्रचार कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है उसी कडी में उपखंड प्रशासन द्वारा व्यापार मंडल व स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से बाइक तिरंगा रैली का आयोजन किया गया।

### डिग्गी कल्याण जी की पदयात्रा रवाना

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के श्रीरामनगर स्थित शिव मन्दिर माली सैनी समाज भवन परिसर से मंगलवार को प्रात: 10:15 बजे डिग्गी कल्याण की 23वीं पदयात्रा रवाना हुई। इस दौरान मन्दिर के पुजारी हनुमान प्रसाद शर्मा व अद्वैत वेदान्त आश्रम के महन्त सत्यनारायण महाराज ने मंत्रोच्चार के साथ विशेष पूजा अर्चना करवाई गई। इसके पूर्व वहीं माली (सैनी) समाज फुलेरा अध्यक्ष तेजकरण सैनी ने यात्रा संयोजक नन्दलाल सैनी का साफा पहनाकर सम्मान किया। इसके बाद महन्त सत्यनारायण महाराज के द्वारा यात्रा को हरी झण्डी दिखाकर रवाना की गई। इस अवसर पर पार्षद मदन गढ़वाल, राजेन्द्र वर्मा, पूजा भाटी, कमला डेनवाल, रामजीलाल तुन्दवाल, प्रेमचन्द, प्रदीप गहलोत, कैलाश पापटवान, पूरणमल, रामेश्वर लाल, किशन लाल, गणेश लाल, गणपत, घीसालाल,राहुल, राजेन्द्र, जितेन्द्र, नीतु, कानाराम, गोपाल, दौलत राम, रामजीलाल, राकेश, राजु सहित अन्य कई धर्मप्रेमी लोग उपस्थित रहे।

### श्री श्याम बाबा का सजाया दरबार

**शाहपुरा, (निसं)।** शाहपुरा शहर में पुलिस थाने के पीछे स्थित श्री श्याम मंदिर में पांच दिवसीय चतुर्थ श्री श्याम झूला महोत्सव का आयोजन शुरू हुआ। श्री श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद अजमेरी, मंदिर संचालक शंकर लाल सैनी, कोषाध्यक्ष राजेश मंडोवरा व सचिन अनिल कुमार नरवल ने बताया कि झूला महोत्सव के दौरान श्याम बाबा का दरबार सजाया गया और रात भर भजन सरिता बही। कोषाध्यक्ष राजेश मंडोवरा ने बताया कि झूला महोत्सव का शुभारंभ त्रिवेणी धाम के संत रिछपाल दास महाराज के सानिध्य में शाहपुरा नगर पालिका अध्यक्ष बंशीधर सैनी, शाहपुरा प्रधान मंजू शर्मा, समाजसेवी महेंद्र शर्मा ने महा आरती कर झूला महोत्सव का शुरुआत की। कार्यक्रम में सभी भक्तों ने भगवान को झूला झुलाया। मंदिर कमेटी के संस्थापक शंकर लाल सैनी, रोहिताश यादव, उपाध्यक्ष मालीराम सैनी व गोवर्धन लाल सैनी ने बताया कि श्री श्याम झूला महोत्सव 16 अगस्त शुक्रवार तक चलेगा। प्रतिदिन श्याम बाबा का आकर्षक श्रंगार किया जाएगा। इस दौरान परमेश्वर दयाल पलसानिया, कालूराम सैनी, बाबूलाल सैनी, सीताराम यादव, कमल ब्रह्म भट्ट, मनोहर लाल मामोडिया, छाजू लाल सैनी सहित मंदिर कमेटी के कार्यकर्ता मौजूद थे।



हमें पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए खेल मंत्रालय से बहुत कम या कोई व्यक्तिगत वित्तीय सहायता नहीं मिली और यहां तक कि कोच के लिए उनके अनुरोध को भी खारिज कर दिया गया। - अश्विनी पोनप्पा

स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी, खेल मंत्रालय के प्रति असंतोष प्रकट किया।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी

## इयान बेल



श्रीलंका ने पूर्व इंग्लिश बैटर इयान बेल को 21 अगस्त से शुरू हो रहे इंग्लैंड दौरे के लिए बैटिंग कोच बनाया है। वे दौरा समाप्त होने तक टीम के साथ रहेंगे। श्रीलंका क्रिकेट ने बताया कि इयान बेल 16 अगस्त से टीम के साथ जुड़ेंगे, और तीन टेस्ट मैचों की सीरीज समाप्त होने तक तक टीम के साथ रहेंगे। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के एशले डी सिल्वा ने कहा, हमने इयान को इसलिए नियुक्त किया है, इयान को इंग्लैंड में खेलने का काफी अनुभव है और हमें विश्वास है कि उनके इनपुट से इस महत्वपूर्ण दौरे में हमारी टीम को मदद मिलेगी।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारत के बीएस चन्द्रशेखर विश्व के एकमात्र ऐसे खिलाड़ी है जिन्होंने अपने टेस्ट कैरियर में बनाए गए रनों से अधिक विकेट प्राप्त किये। उन्होंने टेस्ट मैचों में 166 रन बनाए और 242 विकेट लिये।

### भारत को लगा बड़ा झटका

# टोक्यो में बैडमिंटन में गोल्ड दिलाने वाले प्रमोद भगत हुए सस्पेंड

## डोपिंग संबंधी नियमों के उल्लंघन के कारण पैरालंपिक बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत पर 18 महीने का लगा प्रतिबंध

कुआलालंपपुर, 13 अगस्त। बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन ने घोषणा की है कि भारत को टोक्यो पैरालंपिक में गोल्ड मेडल दिलाने वाले प्रमोद भगत को डोपिंग संबंधी नियमों के उल्लंघन के कारण 18 महीने के लिए निलंबित कर दिया गया है। वह पेरिस पैरालंपिक खेलों में हिस्सा नहीं लेंगे। पेरिस में पैरालंपिक 28 अगस्त से 8 सितंबर तक चलेगा।

डब्ल्यूएफ ने बयान देते हुए कहा कि, टोक्यो 2020 पैरालंपिक चैंपियन प्रमोद भगत को 18 महीने के लिए निलंबित कर दिया गया है। वह पेरिस 2024 पैरालंपिक खेलों में भी हिस्सा नहीं लेंगे। कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट ने भगत को 12 महीनों के भीतर तीन बार पता न बता पाने का



दोषी पाया। बयान में आगे कहा है कि, 1 मार्च 2024 को कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन ऑफ स्पोर्ट एंटी डोपिंग डिवीजन ने भगत को 12 महीनों के भीतर तीन बार ठिकाने की जानकारी न देने के लिए बीडब्ल्यूएफ एंटी डोपिंग नियमों का उल्लंघन करते हुए पाया।

वहीं अपील के बावजूद सीएएस अपील डिवीजन ने निलंबन की पुष्टि करते हुए निर्णय को बरकरार रखा। एसएल 3 एथलीट भगत पेरिस 2024 पैरालंपिक खेलों में हिस्सा नहीं लेंगे। 29 जुलाई 2024 को सीएएस अपील डिवीजन ने भगत की अपील को खारिज कर दिया। 1 मार्च 2024 के सीएएस एंटी-डोपिंग डिवीजन के फैसले की पुष्टी की। उनकी अयोग्यता की अवधि अब प्रभावी है।

## बीसीसीआई ने भारत के बांग्लादेश और इंग्लैंड के होने वाले टी-20 मैच के स्थानों में किया बदलाव

मुम्बई, 13 अगस्त। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारत के बंगलादेश और इंग्लैंड के साथ होने वाली टी-20 श्रृंखला के मैचों के स्थानों में बदलाव किया है। बीसीसीआई ने अंतरराष्ट्रीय घरेलू सत्र के लिए नया कार्यक्रम जारी किया है। नये कार्यक्रम के अनुसार भारत बनाम बंगलादेश के बीच खेली जानी वाली टी-20 श्रृंखला का छह अक्टूबर को होने वाला पहला मैच अब धर्मशाला के बजाय ग्वालियर में खेला जाएगा। धर्मशाला के स्टेडियम के ड्रेसिंग रूम में जारी मरम्मत कार्य के कारण स्थान में बदलाव किया गया है।

ग्वालियर के नए स्टेडियम 'श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्टेडियम' में यह पहला अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेला जायेगा। 2010 में सचिन तेंदुलकर ग्वालियर में ही दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में दोहरा शतक लगाने वाले पहले पुरुष क्रिकेटर बने थे। इसके बाद ग्वालियर ने किसी भी अंतरराष्ट्रीय मैच की मेजबानी नहीं की है। बीसीसीआई ने इसके साथ ही अगले साल जनवरी में इंग्लैंड के साथ होने वाली टी-20 श्रृंखला के पहले दो मैच के स्थानों में भी फेरबदल किया गया है।


**कार्यालय नगर निगम ग्रेटर जयपुर**
(पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंक रोड, जयपुर)

क्रमांक :- ज.स.अ./2024/94 दिनांक :- 12/08/2024

**ई-निविदा सूचना सं. अति0 आयुक्त (मुख्यालय) 13/2024-2025**

केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में कार्य करने का अनुभव रखने वाले एवं नगर निगम, जयपुर के पंजीकृत इच्छुक निविदाताओं से नगर निगम ग्रेटर जयपुर द्वारा कराये जाने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रमो, समारोह, उत्सव, पर्वो, सेमीनार, महोत्सव, अभियान, शिविर, रैनबसेरे एवं अन्य कार्यक्रमों में टेन्ट संबंधित सामान किराये पर लेने हेतु दर संविदा कार्य हेतु ई-निविदा क्रमांक 13/2024-2025 दिनांक 28.08.2024 को सायं 06:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्यों की अनुमानित लागत, बिड बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, बिड के नियम, शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण नगर निगम, ग्रेटर जयपुर की वेबसाईट **www.jaipurmc.org.com** व राजस्थान सरकार के पोर्टल **http://sppp.raj.nic.in** तथा **http://eproc.rajasthan.gov.in** पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है।

UBN No. :- JMC2425GLOB00445

राज.संवाद/सी/24/3696 अतिरिक्त आयुक्त

**कार्यालय नगर निगम ग्रेटर, जयपुर**
(पं. दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंक रोड़, जयपुर-15)
(राजस्व-द्वितीय प्रकोष्ठ)

क्रमांक:-एफ 6 ( ) उपा. राज. द्वितीय (सा.प्र.) ननिज/2024/799 दिनांक : 13.08.2024

**सार्वजनिक सूचना**

मूल भूखण्ड संख्या सी-245 मोती डूंगरी योजना, जयपुर का अर्बन इम्प्रुवमेंट बोर्ड, जयपुर द्वारा श्री मदन मोहन स्नेही के नाम से क्षेत्रफल 708.3 वर्गगज भूमि का आवंटन/विनिमय किया गया था। श्री मदनमोहन स्नेही द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर भूखण्ड संख्या सी-245, मोती डूंगरी योजना, जयपुर अपने पिताजी श्री सूरज नारायण स्नेही के पक्ष में हस्तानान्तरण करने हेतु दिनांक 30.10.1964 को द इम्प्रुवमेंट ट्रस्ट, जयपुर द्वारा भूखण्ड संख्या सी-245, मोती डूंगरी योजना जयपुर श्री सूरज नारायण स्नेही के नाम से हस्तानान्तरण पत्र जारी किया गया। दिनांक 25.07.1970 को नगर विकास न्यास, जयपुर द्वारा भूखण्ड संख्या सी-245, मोती डूंगरी योजना जयपुर क्षेत्रफल 708.3 वर्गगज श्री सूरज नारायण स्नेही पुत्र श्री गुलाब चन्द के नाम से पट्टा जारी किया गया। दिनांक 01.12.1966 को श्री सूरज नारायण स्नेही द्वारा भूखण्ड संख्या सी-245, तिलक नगर, दयानन्द मार्ग, जयपुर श्रीमती शान्ति देवी पत्नी श्री राधाकिशन गुप्ता को बेचान किया गया। दिनांक 29.01.1971 को नगर विकास न्यास, जयपुर द्वारा भूखण्ड संख्या सी-245 मोती डूंगरी योजना, जयपुर श्रीमती शान्ती देवी पत्नी श्री राधा किशन गुप्ता के नाम से हस्तान्तरण पत्र जारी किया गया। दिनांक 28.10.2011 को श्रीमती शान्ती देवी गुप्ता पत्नी स्व. श्री राधा किशन गुप्ता द्वारा भूखण्ड संख्या सी-245, दयानन्द मार्ग, तिलक नगर, जयपुर की वसीयत अपनी पूर्व में की गई वसीयत दिनांक 18.02.2011 एवं अन्य कोई वसीयत हो तो उसको निरस्त करते हुये अपने दोनो पुत्रों डॉ. दिनेश गुप्ता व श्री उमेश गुप्ता में बराबर-बराबर निष्पादित की गई। दिनांक 17.11.2011 को श्रीमती शान्ती देवी गुप्ता की मृत्यु हो गई। दिनांक 26.07.2024 को नगर निगम ग्रेटर, जयपुर द्वारा भूखण्ड संख्या सी-245 तिलक नगर जयपुर का श्री दिनेश गुप्ता एवं उमेश गुप्ता पुत्रान श्री राधा किशन गुप्ता के नाम से ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण जारी किया गया। दिनांक 05.08.2024 को श्री दिनेश गुप्ता एवं श्री उमेश गुप्ता पुत्रान श्री राधा किशन गुप्ता द्वारा भूखण्ड संख्या सी-245 (मोती डूंगरी योजना) दयानन्द मार्ग, तिलक नगर, जयपुर क्षेत्रफल 708.3 वर्गगज श्री अनिल कुमार पुत्र श्री जगदीश लाल को बेचान किया गया। आवेदक द्वारा प्रस्तुत रजिस्टर्ड विक्रय पत्र, हस्तान्तरण पत्र, वसीयतनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र, नाम हस्तान्तरण पत्र, अण्डरटेकिंग एवं अन्य दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड का नगर निगम ग्रेटर जयपुर द्वारा श्री अनिल कुमार पुत्र श्री जगदीश लाल के पक्ष में क्षेत्रफल 708.3 वर्गगज का ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण जारी किया जाना है। इस ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने बाबत् किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय (उपायुक्त, राजस्व-द्वितीय) में प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद, नियमानुसार ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।

उपायुक्त (राजस्व-द्वितीय), नगर निगम ग्रेटर, जयपुर


## श्रीलंका से सीरीज हारने के बाद भी भारत वनडे में नंबर वन

नयी दिल्ली, 13 अगस्त। भारत और श्रीलंका के बीच हाल ही में तीन मैचों की वनडे सीरीज संपन्न हुई। भारतीय टीम ने 27 साल बाद श्रीलंका के हाथों द्विपक्षीय वनडे सीरीज गंवाई। श्रीलंका ने अपने घर में टीम इंडिया को तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से मात दी। हालांकि, भारतीय टीम का वनडे टीम रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ, टीम अभी भी टॉप पर काबिज है। वहीं श्रीलंका दौरे पर भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को बेहतर बल्लेबाजी का फायदा मिला जबकि स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को एक स्थान का नुकसान हुआ। भारतीय टीम के बाएं हाथ के गेंदबाज कुलदीप यादव ने आईसीसी वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में पांच स्थान की लंबी छलांग लगाई है। दूसरी तरफ आईसीसी वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग पर ध्यान दें तो पाकिस्तान के बाबर आजम नंबर 1 पर हैं। भारत के ओपनर शुभमन गिल 782 अंक के साथ दूसरे स्थान पर काबिज हैं।

# ऑस्ट्रेलिया भारत को 3-1 से हराएगा : पोंटिंग

### ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए भविष्यवाणी की

सिडनी, 13 अगस्त। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा कि आगामी बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में आस्ट्रेलियाई टीम भारत को 3-1 के अंतर से हरायेगा। आस्ट्रेलिया इस पांच टेस्ट मैचों की सीरीज की मेजबानी कर रहा है।

पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू में कहा, मैं स्पष्ट रूप से ऑस्ट्रेलिया को जीत का दावेदार मानता हूं। मैं कभी भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दांव नहीं लगाऊंगा। कोई न कोई मैच ड्रॉ हो सकता है और किसी न किसी मैच में मौसम



खराब भी हो सकता है। इसलिए मैं 3-1 से ऑस्ट्रेलिया की जीत की भविष्यवाणी करता हूं। उन्होंने कहा, यह एक प्रतिस्पर्धी श्रृंखला होने जा रही है। मुझे लगता है कि यहां पिछली दो श्रृंखलाओं में जो हुआ है, उसके आधार पर ऑस्ट्रेलिया के पास भारत के खिलाफ खुद को साबित करने का अच्छा अवसर है।

उन्होंने कहा, यह श्रृंखला इस मायने में भी खास है कि इसमें फिर से पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे। पिछले कुछ अवसरों पर केवल चार टेस्ट मैच ही खेले गए थे। मुझे लगता है कि हर कोई पांच टेस्ट मैचों को लेकर उत्साहित है और मुझे नहीं लगता कि इस श्रृंखला के दौरान ज्यादा मैच ड्रॉ होंगे।

उन्होंने स्टीव स्मिथ की ओपनिंग को लेकर कहा, शायद ऑस्ट्रेलिया के लिए एकमात्र सवाल यह हो सकता है कि क्या स्मिथ बल्लेबाजी की शुरुआत करने के लिए सही विकल्प है, लेकिन यह स्पष्ट रूप से कैमरन ठीन को टीम मे वापस लाने के बारे में भी है। उल्लेखनीय है कि भारत ने इससे पहले 2020-21 और 2018-19 में ऑस्ट्रेलिया को 2-1 के अंतर से हराया था। भारत ऑस्ट्रेलिया में 10 साल पहले 2014-15 में टेस्ट श्रृंखला हारा था।

## श्रीजा अकुला हुई चोटिल, अल्टीमेट टेबिल टेनिस टूर्नामेंट नहीं लेगी भाग



नयी दिल्ली, 13 अगस्त। भारत की स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीजा अकुला स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण 22 अगस्त से शुरू होने वाले अल्टीमेट टेबल टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं। अकुला ने अपने बयान में कहा, मुझे यह बताते हुए दुख हो रहा है कि मुझे स्ट्रेस फ्रैक्चर हो गया है और चिकित्सक की सलाह पर मुझे छह हफ्ते आराम करने की जरूरत है, अकुला को यूटेटे 2024 में जयपुर पैट्रियट्स के लिए खेलने के लिए चुना गया था। अकुला के चोटिल होने के बाद टीम में अंडर-19 युवा राष्ट्रीय चैंपियन और यूटेटे की नई खिलाड़ी निथ्याश्री मणि को जगह दी गई है।


**भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड**
**CONTAINER CORPORATION OF INDIA LTD.**
(भारत सरकार का उपक्रम, रेल मंत्रालय)
(A GOVT. OF INDIA UNDERTAKING, MINISTRY OF RAILWAYS)
कॉनकॉर CONCOR NSIC New MDBP Building, 2nd Floor, Okhla Indl. Estate (Opp. NSIC Okhla Metro Station), New Delhi-110020

**निविदा सूचना (केवल ई-निविदा मोड)**

एमएमएलपी/काठूवास राजस्थान में स्थापित अग्निशमन और फायर अलार्म सिस्टम के संचालन और रखरखाव के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध के लिए 36 महीने के लिए ई-टेंडरिंग मोड के माध्यम से एकल बोली प्रणाली में ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। बोली दस्तावेज केवल वेबसाइट (www.tenderwizard.com/CCIL) से ऑनलाइन माध्यम से 1000.00 रुपये का भुगतान करने के बाद ही डाउनलोड किया जा सकता है।

| निविदा संख्याः CON/AREA-1/MMLP KATUWAS/TECH/O&M OF FIRE FIGHTING SYSTEM/2024 | |
|---|---|
| अनुमानित लागत | रु. 66,43,709/- (जीएसटी सहित) |
| अनुबंध की अवधि | 36 महीने (24 महीने+12 महीने) (धारा-II के खंड-6 के अनुसार) |
| बयाना राशि जमा | धारा-I के खंड 2.1 (ए) के अनुसार रु.1,32,874/- (ई-भुगतान के माध्यम से) |
| दस्तावेज की लागत* | ई-भुगतान के माध्यम से सभी करों और शुल्कों सहित रु.1000/- |
| निविदा प्रसंस्करण शुल्क* | ई-भुगतान के माध्यम से रु.3540/- (18% जीएसटी सहित) जो वापस नहीं किया जाएगा |
| बिक्री की तिथि (ऑनलाइन) | 14.08.2024 को 15:00 बजे से 03.09.2024 को 16:00 बजे तक |
| जमा करने की तिथि और समय | 04.09.2024 को 15:00 बजे तक (केवल ई-टेंडरिंग मोड) |
| खोलने की तिथि और समय | 05.09.2024 को 15:30 बजे |

* ई-भुगतान के माध्यम से
CONCOR बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। पूरी जानकारी के लिए www.tenderwizard.com/CCIL पर लॉगऑन करें।

समूह महाप्रबंधक/तकनीकी (क्षेत्र-I)


## बुची बाबू टूर्नामेंट : श्रयेस मुंबई के लिए तथा ईशान झारखंड के लिए खेलेंगे





तमिलनाडु, 13 अगस्त। श्रेयस अय्यर गुरुवार से शुरू होने वाले बुची बाबू टूर्नामेंट में मुंबई के लिए खेलेंगे और विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन झारखंड की कामन संभालेंगे। श्रयेस अय्यर 27 अगस्त को मुम्बई के जम्मू कश्मीर के साथ होने वाले मुकाबले के लिए उपलब्ध रहेंगे।

ईशान किशन ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनकी वापसी के बारे में झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन को बताया तथा फिर उन्हें टीम में शामिल किया गया। वह बुधवार को झारखंड की टीम से जुड़ेंगे। अय्यर पिछले सत्र प्रथम श्रेणी के कुछ मैच पीठ में चोट के चलते नहीं खेल पाए थे। हालांकि आईपीएल के दौरान उन्होंने वापसी की। फरवरी में भारत का केंद्रीय अनुबंध गंवाने के बाद अय्यर हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में भारतीय टीम का हिस्सा थे। तीन मैचों में उन्होंने 23,7 और 8 रनों की पारी खेली।

अय्यर इस वर्ष की शुरुआत में इंग्लैंड के साथ घरेलू टेस्ट श्रृंखला के पहले दो टेस्ट में भारतीय टीम में थे। मार्च में वह मुंबई के सफल रणजी ट्रॉफी अभियान का भी हिस्सा थे। उन्होंने फाइनल में विदर्भ के खिलाफ दूसरी पारी में 95 रनों की पारी खेली थी। अय्यर ने अब तक कुल 72 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 48.82 की औसत से 5664 रन बनाए हैं। इस दौरान अय्यर ने 13 शतक और 30 अर्धशतक लगाए हैं। इसके अलावा भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव भी इस टूर्नामेंट में मुंबई का हिस्सा होंगे। इस टूर्नामेंट में सरफराज खान मुंबई की कप्तानी करेंगे।

## स्वतंत्रता दिवस पर कबड्डी को तवज्जों मिलना बड़ी बात होगी : असलम

नई दिल्ली, 13 अगस्त। स्वतंत्रता दिवस पर प्रो कबड्डी लीग सीजन 11 के खिलाड़ियों की नीलामी को लेकर उत्साहित कबड्डी स्टार असलम इनामदार ने कहा कि कबड्डी भारत का खेल है और स्वतंत्रता दिवस के दिन इस खेल को तवज्जो मिलना बहुत बड़ी बात होगी।

असलम प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 10 के सबसे कीमती खिलाड़ी रहे हैं। पुणेरी पल्टन के कप्तान असलम इनामदार ने पिछले सीजन में अपनी टीम को पहली बार पीकेएल खिताब दिलाया था। गत चैंपियन ने एक बार फिर अपनी विजयी टीम पर भरोसा दिखाया है और सीजन 11 के लिए 12 खिलाड़ियों को अपने साथ बरकरार रखा है।

नये सीजन के लिए अपनी टीम के बारे में असलम ने कहा, मुझे खुशी है कि हमने अपने खिलाड़ियों के मुख्य समूह को अपने साथ



बरकरार रखा है। हम युवा पल्टन अकादमी से आने वाले और प्रो कबड्डी लीग में अच्छा प्रदर्शन करने वाले इतने सारे खिलाड़ियों को देखकर भी खुश हैं। पिछले सीजन में हमारी टीम के सभी खिलाड़ियों का रिश्ता बहुत मजबूत था और अब बरकरार रखे गए खिलाड़ियों के साथ यह रिश्ता इस सीजन में भी जारी रहेगा।

उन्होंने कहा 15 अगस्त जैसे खास दिन पर खिलाड़ियों के लिए फ्रेंचाइजी द्वारा बोली लगाना एक अलग एहसास होगा। खिलाड़ियों को यह भी याद रहेगा कि उन्हें स्वतंत्रता दिवस पर किसी फ्रेंचाइजी ने खरीदा था। असलम ने कहा कि किसी भी खेल में किसी भी टीम के लिए खिताब बचाना हमेशा एक अलग चुनौती होती है। हालांकि, असलम ने इस बात पर जोर दिया कि टीम अगले सीजन में कोई अतिरिक्त दबाव नहीं लेगी।

उन्होंने कहा, हम पर बिल्कुल भी अलग दबाव नहीं है। हम पिछले सीजन में चैंपियन थे और हमें फिर से लीग जीतने की कोशिश करनी होगी। इस सीजन में हम सब कड़ी मेहनत करेंगे और मैट पर अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे।


**AU SMALL FINANCE BANK**

**Registered Office :** 19-A Dhuleshwar Garden, Jaipur, Rajasthan, India, 302001.
**www.aubank.in**

**LOAN AGAINST GOLD - AUCTION NOTICE ON "AS IS WHERE IS" BASIS**

The below mentioned borrower/s have been issued notices to pay their outstanding amounts towards the loan against gold facilities availed from AU Small Finance Bank Limited ("Bank"). Since the borrower/s has/have failed to repay his/their dues, we are constrained to conduct an auction of pledged gold items/articles on **20 Aug 2024 between 11:00 AM - 3:00 PM (Time)** at below mentioned branches according to the mode specified therein. In the case of deceased borrowers, all conditions will be applicable to legal heirs. Please note that in the event of failure of the above auction, the bank reserves its right to conduct another auction without prior intimation.

**E-Auction Branch Details (E-auction will be conducted by using Weblink https://gold.samil.in)**

**BAGRU_BABA MARKET** - 9001090137094720 9001090140251740 9001090139236260 9001090139048150 9001090434964540 | **BALESAR_NH 114** - 9001090139455070 9001090140048550 9001090139350710 | **BARAN_CHARMURTI CIRCLE** - 9001090134719850 | **BARMER_ROY COLONY** - 9001090139456370 9001090136084010 9001090139249670 | **BASSI** - 24660000935898 24660001211074 | **BEAWAR_JODHPUR ROAD** - 9001090134959860 | **BEEJOLIYA** - 9001090134488770 9001090435421530 | **BEHOR_GOSWAMI SADAN** - 9001090139691910 | **BIKANER_PAWAN PURI** - 9001090137119520 9001090139220860 | **BIKANER_RANI BAZAR** - 9001090136574600 | **BUNDI_CIVIL LINE ROAD** - 9001090136944740 9001090136462870 | **CHAKSU_KOTKHAVADA MOD** - 9001090440629310 | **CHIRAWA_PILANI ROAD** - 9001090139531450 9001090140197960 | **CHOMU_NEW ANAJ MANDI** - 9001090136595280 | **DHOLPUR** - 9001090139429690 | **DIDWANA_EDGAH ROAD** - 9001090134502390 9001090435016410 9001090139527130 9001090134941340 9001090439958260 9001090139527200 9001090139353830 9001090135625300 | **DUDU_MAIN CHAURAHA** - 9001090139757780 9001090138593130 | **DUNGARPUR** - 24660000705222 24660000873004 9001090140395990 9001090139609220 | **FATEHNAGAR_POST OFFICE ROAD** - 9001090136557710 9001090138553990 9001090140291050 9001090140023570 9001090138776600 | **FATEHPUR_JP TOWER** - 9001090134758060 | **GANGAPUR** - 9001090138137310 | **JAIPUR_ KALWAR ROAD** - 9001090136270860 9001090134985030 9001090140375300 | **JAIPUR_PRATAP NAGAR** - 9001090435283840 | **JAIPUR_VKL** - 9001090434714130 9001090135049540 | **JAIPUR-TRIVENI NAGAR** - 23660001896024 | **JAISALMER_SATYA KUNJ** - 9001090136683150 | **JHALAWAR** - 24660000828850 | **JHUNJHUNU_GANDHI CHOWK** - 9001090135669200 | **JOBNER_KALWAR ROAD** - 9001090136622400 9001090134280230 9001090140599770 | **JODHPUR ITI CIRCLE** - 24660000790419 24660000870269 24660001323933 | **KOTA -GHODE WALA CIRCLE** - 23660001810188 23660001891653 23660001918405 23660002355926 24660000734106 24660000767384 24660000838331 24660000873384 24660000924209 | **KOTPULI_PUNJABI SINDHI COLONY** - 9001090138451270 9001090137628640 | **KUCHAMAN CITY_KUCHAMAN DEEDWANA ROAD** - 9001090136846650 9001090139663460 9001090137933370 9001090139216170 9001090136271020 9001090137102710 9001090135292160 | **LAXMANGARH** - 23660001985677 | **LUNKARANSAR_NEW DHAN MANDI** - 9001090139667050 9001090139475680 | **MANSAROVAR** - 23660001963459 23660002057407 23660002258159 | **MERTA CITY_KRISHIMANDI ROAD** - 9001090137672990 | **NAGAUR** - 9001090138804310 9001090134981380 | **NASIRABAD_SUBHASH GANJ** - 9001090134843800 | **NOHAR_BIHANI ROAD** - 9001090139475770 | **NOKHA** - 24660000118636 24660000577321 | **POKARAN_JODHPUR ROAD** - 9001090140608600 | **RAJSAMAND_KANKROLI** - 9001090136554180 | **RATANGARH** - 24660000272004 | **REENGUS_BUS STAND ROAD** - 9001090139831820 | **RENWAL_AGRASEN MARKET** - 9001090137974870 | **SAGWARA** - 23660001739152 23660001949286 24660000886489 24660000917163 | **SANGOD_KOTA ROAD** - 9001090135033780 | **SARDARSHAHAR** - 9001090140054430 | **SAWAI MADHOPUR** - 24660000755546 24660000813038 24660000840916 | **SHAHPURA_OLD DELHI ROAD** - 9001090136966080 | **SIKAR_STATION ROAD** - 9001090139755680 9001090434880440 9001090434662750 | **SIROHI** - 9001090136527140 | **SRI VIJAINAGAR_GOL BAZAR** - 9001090134635580 9001090140178340 | **SUMERPUR_PALI ROAD** - 9001090135567740 | **TONK** - 9001090140103250 | **UDAIPUR_DELHI GATE** - 9001090134867400 | **UDAIPURWATI_JHUNJHUNU ROAD** - 9001090137678240 |

Note: The auction is subject to certain terms and conditions mentioned in the bid form, which is made available before the commencement of auction.

Sd/-
Manager
AU Small Finance Bank Limited


## विनेश 'फाइटर', पदक की हकदार, लेकिन नियमों का ध्यान रखना जरूरी : पीआर श्रीजेश



नयी दिल्ली, 13 अगस्त। भारतीय हॉकी स्टार पीआर श्रीजेश ने मंगलवार को यहां विनेश फोगाट के जज्बे की तारीफ करते हुए कहा कि जो कुछ उनके साथ हो रहा था, उसके बावजूद 'स्पेन के खिलाफ कांस्य पदक मुकाबले से पहले वह मेरे पास आई और कहा भाई गुड लक, आप तो दीवार हो, अच्छे से खेलो।' उन्होंने विनेश को 'फाइटर' करार करते हुए कहा कि वह कम से कम एक पदक की हकदार हैं, लेकिन साथ ही यह घटना सभी के लिए सबक होनी चाहिए क्योंकि खेल को चलाने के लिए नियम जरूरी हैं। पेरिस ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम के कांस्य पदक जीतने के बाद संन्यास लेने वाले श्रीजेश ने यहां वरिष्ठ संपादकों से बातीचत के दौरान कहा, "विनेश रजत पदक की हकदार है क्योंकि फाइनल में पहुंचकर उन्होंने एक पदक पक्का कर लिया था। रजत या फिर स्वर्ण पदक उन्हें मिलता ही। अंतिम समय में कहना कि आप फाइनल में खेलने के लिए अयोग्य हो...।" उन्होंने कहा, "अगर मैं उनकी जगह होता तो पता नहीं क्या करता। वह 'फाइटर' है। कांस्य पदक मैच से पहले वह मिली थीं। उन्होंने कहा, 'भाई गुड लक, आप तो दीवार हो' अच्छे से खेलो। मुझे लगा कि वह मुस्कुराते हुए अपना दर्द छुपा रही थीं, वह सचमुच 'फाइटर' है। उसने पिछले एक साल में जो झेला है, उसके बाद ट्रेनिंग करते हुए ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया और फिर जीतते हुए फाइनल तक पहुंची।"

## नदीम को पाक सरकार ने एक करोड़ और कार पुरस्कार में दी



लाहौर, 13 अगस्त। ओलंपिक भाला फेंक चैंपियन अरशद नदीम को हाल ही में संपन्न पेरिस खेलों में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने के लिए पंजाब सरकार ने मंगलवार को एक करोड़ रुपये और एक नयी कार से पुरस्कृत किया। पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज जब नदीम और उसके परिवार से मिलने मियां चुन्नू स्थित उसके गांव गयी तो उन्होंने नदीम को नकद पुरस्कार और कार की चाबियां भेंट की।

उन्होंने कहा, "अरशद हर उस चीज का हकदार है जो उसे मिल रहा है क्योंकि वह देश के लिए बहुत खुशी और गौरव लेकर आया है।" मुख्यमंत्री ने नदीम को जब 92.97 नंबर प्लेट वाली नयी कार की चाबियां सौंपी तब वहां उनके माता-पिता भी मौजूद थे। नदीम ने 92.97 मीटर की ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ पेरिस में स्वर्ण पदक जीता था। मरियम नवाज के साथ आए 'डिप्टी कमिश्नर' ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर चेक और कार से जुड़ी कागजी कार्रवाई को रिकॉर्ड समय में पूरा किया गया क्योंकि वह नदीम से मिलना चाहती थी।


**कार्यालय ग्राम पंचायत बिन्जारी पंचायत समिति चौथ का बरवाडा जिला सवाई माधोपुर (राज.)**

क्रमांक/ग्राम./2024-25/2 दिनांक-12/8/24

**ई-निविदा सूचना संख्या-01/2024-25**

ग्राम पंचायत बिन्जारी वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत निर्माण कार्यो हेतु आनुसांगिक सामग्री आपूर्ति/निर्माण उपकरण/निर्माण मशीनरी सेवाओ इत्यादि हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेन्ट पद्वति से निविदाऐ आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण बेबसाइट http://sppp.rajasthan.gov.in www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

NIB NO.-PK2425A00004
UBN NO.-PK2425WS0B00004

सरपंच ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बिन्जारी ग्राम पंचायत बिन्जारी
पं.स.चौथ का बरवाडा पं.स.चौथ का बरवाडा

**कार्यालय ग्राम पंचायत चौथ का बरवाडा पंचायत समिति चौथ का बरवाडा जिला सवाई माधोपुर (राज.)**

क्रमांक/ग्राम./2024-25/46 दिनांक-12/8/24

**ई-निविदा सूचना संख्या-01/2024-25**

ग्राम पंचायत चौथ का बरवाडा वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत निर्माण कार्यो हेतु आनुसांगिक सामग्री आपूर्ति/निर्माण उपकरण/निर्माण मशीनरी सेवाओ इत्यादि हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेन्ट पद्वति से निविदाऐ आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण बेबसाइट http://sppp.rajasthan.gov.in www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

NIB NO.-Pk12425A0005
UBN NO.-Pk12425WS0B00005

सरपंच ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत चौथ का बरवाडा ग्राम पंचायत चौथ का बरवाडा

**कार्यालय नगर निगम, कोटा उत्तर**
राजीव गांधी भवन, दशहरा मैदान, कोटा
email : nnkota@gmail.com, websites : www.kotamc.org, Ph.: 0744-501903

क्रमांक : ननिको(उ0)/निर्माण/2024/61-74 दिनांक : 12.08.2024

**-:: निविदा संशोधन सूचना ::-**

नगर निगम कोटा उत्तर द्वारा जारी ई-निविदा सूचना संख्या 04/2024-25 क्रमांक 987-999 दिनांक 25.07.2024 में अपरिहार्य कारणों से निम्नानुसार संशोधन किया जाता है एवं निविदा में शर्त जोडी गई है। शर्त को का भी पढा जावें।

| क्र.सं. | विवरण | पूर्व में | संशोधन तारीख |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा डाउनलोड व अपलोड की दिनांक | 01.08.2024 से 12.08.2024 तक | 01.08.2024 से 15.08.2024 |
| 2 | धरोहर राशि/निविदा शुल्क/प्रोसेसिंग फीस जमा कराने के साक्ष्य की प्रति की तिथि | 13.08.2024 (दोपहर 2.00 बजे) | 16.08.2024 (दोपहर 02:00 बजे तक) |
| 2 | निविदा/तकनीकी बिड खोलने की दिनांक | 13.08.2024 (सायं 4.00 बजे) | 16.08.2024 (सायं 04:00 बजे) |

शेष शर्ते यथावत रहेगीं।
राज.संवाद/सी/24/3731 अधिशाषी अभियन्ता


# 10 सितंबर से पहले हॉकी टीम से मिलकर भविष्य की योजना बनायेंगे : मांडविया

नयी दिल्ली, 13 अगस्त। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को बताया कि वह 10 सितंबर से पहले कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम के साथ बैठक करेंगे ताकि 2028 लॉस एंजिल्स खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के प्रयासों के मद्देनजर भविष्य की योजना बना सकें।

उन्होंने मंगलवार सुबह पेरिस से लौटने के बाद स्टार गोलकीपर पीआर श्रीजेश, डिफेंडर संजय, अमित रोहिदास और स्ट्राइकर अभिषेक को सम्मानित किया। मांडविया ने कहा, "आप लोगों का प्रदर्शन शानदार रहा, हम स्वर्ण पदक नहीं जीत पाए, लेकिन हम इसके बहुत करीब पहुंच



गए थे और सेमीफाइनल में हार के बाद जिस तरह से आपने प्रदर्शन किया, वह सराहनीय है।" उन्होंने कहा, "लेकिन यह सफर का अंत नहीं है और मैं 10 सितंबर तक आपके साथ बैठकर भविष्य की रणनीति पर विचार करूंगा ताकि हम लॉस एंजिल्स से स्वर्ण पदक लेकर लौटें। मैं इस बारे में आपकी राय लूंगा कि इसे कैसे आगे बढ़ाया जाए और सरकार की ओर से आपको हर संभव सहायता प्रदान करने का प्रयास करूंगा।"

खेल मंत्री ने यह भी कहा कि भारतीय दल भले ही पिछले तोक्यो ओलंपिक के पदकों की बराबरी नहीं कर सका लेकिन वह उनके प्रदर्शन से संतुष्ट हैं। तोक्यो में भारत ने एक स्वर्ण सहित सात पदक जीते थे लेकिन पेरिस में देश केवल छह पदक ही जीत सका जिसमें पांच कांस्य पदक और एक रजत पदक शामिल है। हालांकि भारतीय खिलाड़ी सात स्पर्धाओं में पदक से चूककर चौथे स्थान पर रहे। उन्होंने कहा, "तोक्यो में हमने सात पदक जीते लेकिन पेरिस में हम छह ही पदक जीत पाये।


**राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान**
दुर्गापुरा, जयपुर 302018 राजस्थान (राजस्थान सरकार द्वारा स्थापित)

क्रमांक :- एफ (3)/स्याम/स्टोर/2024-25/5646 दिनांक :- 01/08/2024

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान, दुर्गापुरा, जयपुर के परिसर में स्थित निम्न कम्प्यूटर आईटम्स से सम्बन्धित अनुपयोगी सामानो की नीलामी **"जहां है जैसी स्थिति में है"** उसी स्थिति में की जायेगी।

| क्र. सं. | सामान का विवरण | पुस्तक मूल्य (राशि रूपये लाखों में) | नीलामी की दिनांक व समय | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कम्प्यूटर हार्डवेयर, कम्प्यूटर प्रिन्टर, लेपटॉप, यू.पी.एस., टी.वी फोटोकॉपीयर्स प्रोजेक्टर इत्यादि। | 12.35 | 29.08.2024 को दोपहर 12.00 बजे | 24,700/- |

अतः राज्य प्रदूषण बोर्ड द्वारा जारी E Waste Licence प्राप्त इच्छुक व्यक्ति/फर्म निर्धारित दिनांक व समय पर उपस्थित होकर धरोहर राशि जमा कराकर बोली में भाग ले सकता है। बोली की अन्य शर्तो कार्यालय के नोटिस बोर्ड, विभागीय वेबसाइट **www.agriculture.rajasthan.gov.in, sppp.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है।

राज.संवाद/सी/24/3704 निदेशक



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को करौली, हिण्डौन व सपोटरा में अतिवृष्टि के कारण जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वे किया।

# मु.मंत्री ने करौली-हिंडौन में अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया

करौली, 13 अगस्त (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को करौली जिले के जल भराव क्षेत्र हिण्डौन व सपोटरा क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण कर जल भराव व अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने राजकीय पी.जी. महाविद्यालय करौली में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की व कुशल आपदा प्रबंधन के सम्बंध में आवश्यक निर्देश दिए।

- **मु.मंत्री भजनलाल करौली के राजकीय पी.जी. कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक ली तथा राहत कार्यों के संबंध में निर्देश दिए।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल भराव से प्रभावित क्षेत्र में पेयजल, खाद्य साम्रगी, दूध, चिकित्सा, आवास सहित अन्य व्यवस्थाओं की समुचित व्यवस्था की जाये। उन्होंने इससे संबंधित सुविधाओं को शीघ्र बहाली करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने अब तक किये गये राहत एवं पुनर्वास कार्यों की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने करौली एवं हिण्डौन शहर में जल भराव का स्थाई समाधान करने के लिये भी अधिकारियों को निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री ने बताया कि हमारी सरकार जल भराव से प्रभावित लोगों व आमजन को त्वरित एवं प्रभावी सहायता तथा समुचित राहत प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री, शिखर अग्रवाल, जिला प्रभारी सचिव आशुतोष पेडनेकर, संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा, भरतपुर के आई.जी. राहुल प्रकाश, जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना, पुलिस अधीक्षक बृजेश उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## महाराष्ट्र में हड़ताल पर जायेंगे 18 लाख राज्य कर्मचारी

मुंबई, 13 अगस्त। महाराष्ट्र में 18 लाख से ज्यादा सरकारी कर्मचारी 29 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने वाले हैं। इसे लेकर राजपत्रित अधिकारी महासंघ की ओर से मंगलवार को राज्य सरकार को नोटिस भेजा गया है। इसमें कहा गया कि राज्य सरकार के 18 लाख 70 हजार अधिकारी, कर्मचारी और शिक्षक 29 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर होंगे। राजपत्रित अधिकारी महासंघ के अध्यक्ष विनोद देसाई ने कहा कि जब तक सरकार अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए संशोधित पेंशन को लेकर नोटिफिकेशन जारी नहीं करती, तब तक हड़ताल जारी रहेगी।

माना जा रहा है कि अगर इतने बड़े पैमाने पर हड़ताल हुई तो राज्य के आम लोगों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। इसे देखते हुए यह सलाह भी दी जाने लगी है कि सरकारी दफ्तर में कोई काम हो तो उसे जल्द से जल्द निपटा लिया जाए। बता दें कि महाराष्ट्र के सरकारी कर्मचारी यह मांग कर रहे हैं कि उन्हें पुरानी व्यवस्था के हिसाब से पेंशन दी जाए। इसे लेकर सरकारी कर्मचारियों और शिक्षकों ने पिछले साल मार्च में भी हड़ताल की थी, जो 7 दिन तक चली। राज्य सरकार पर इसका असर पड़ा और कर्मचारी व शिक्षक यूनियनों से बातचीत शुरू की गई।

- **महाराष्ट्र के राजपत्रित अधिकारी महासंघ ने 29 अगस्त से हड़ताल पर जाने की घोषणा की।**

मुख्यमंत्री की ओर से लिखित में यह भरोसा दिया गया कि कर्मचारियों और शिक्षकों को पुरानी पेंशन व्यवस्था के तहत ही आर्थिक व सामाजिक सुरक्षा मिलेगी। मगर, दिसंबर 2023 तक इसे लेकर सरकार की ओर से कोई कदम नहीं उठाया गया। इस पर कर्मचारियों ने 14 दिसंबर, 2023 से फिर से अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा कर दी। इसके बाद, कर्मचारी संगठनों के दबाव के चलते सरकार ने अगले बजट सेशन में सुधारित राष्ट्रीय निवृत्ति वेतन योजना का ऐलान किया था। मगर, सरकार ने अभी तक अपना वादा पूरा नहीं किया।

# मु.मंत्री भजनलाल बाणगंगा में डूबे 7 युवकों के घर गए



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार को बयाना पहुंचे और गत 11 अगस्त को बाणगंगा नदी में डूबकर मरने वाले 7 युवकों के घर जाकर उनके परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। मु.मंत्री ने झील का बाड़ा हैलीपैड पर प्रशासनिक अधिकारियों से भी राहत कार्यों की जानकारी ली।

भरतपुर, 13 अगस्त (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को भरतपुर जिले के वर्षा से प्रभावित क्षेत्रों एवं जलभराव व गम्भीर नदी के तटीय क्षेत्रों का हवाई सर्वे किया। उन्होंने झील का बाड़ा हैलीपेड पर प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेकर पानी निकासी एवं राहत कार्यों की जानकारी ली।

भरतपुर दौरे में मुख्यमंत्री ने गत 11 अगस्त को बयाना उपखंड के पिदावली गांव के पास बाण गंगा नदी के गड्ढे में डूबे श्रीनगर ग्राम के 7 युवकों के घर गए एवं परिवारजनों को ढांढस बंधाया । उन्होंने कहा कि राज्य सरकार दुःख की इस घडी में परिजनों के साथ है। ग्रामीणों ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक मृतक के परिजनों को 4-4 लाख रुपए की सहायता राशि दी गई है। परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए और पात्रता के अनुसार अन्य योजनाओं का लाभ दिलाया जायेगा। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार द्वारा दुःख की इस घडी में प्रत्येक परिवार को हर सम्भव सहायता प्रदान कर समस्याओं का निराकरण किया जायेगा।

- **मुख्यमंत्री ने मृत युवकों के परिजनों को ढाढंस बंधाया तथा हर संभव सहायता देने का आवासन दिया।**
- **मु.मंत्री ने झील का बाड़ा हैलीपैड पर प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता कर राहत व पुनर्वास कार्यों की जानकारी ली।**

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के झील का बाड़ा स्थित हैलीपेड पहुंचने पर शासन सचिव सहकारिता एवं जिला प्रभारी सचिव शुचि त्यागी, जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव व जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने जिले में अत्यधिक वर्षा से प्रभावित क्षेत्रों में बचाव एवं राहत कार्यों की जानकारी दी। इस दौरान बयाना विधायक ऋतु बानावत, वैर विधायक बहादुर सिंह कोली, डीग-कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेश सिंह, एडवोकेट मनोज भारद्वाज, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

## बांग्लादेश हिंसा...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

14,586.86 डॉलर पर पहुँच गया था।

2012-13 के बजट में शामिल किये गये इस प्रोजैक्ट का उद्घाटन भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तथा बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना ने गत वर्ष नवम्बर में किया था। इन वर्षों में प्रोजैक्ट की लागत जो 2013-14 में 557 करोड़ रूपए थी, से बढ़कर 2015-16 में 887 करोड़ रूपए तथा अन्त में 972.52 करोड़ रूपए हो गई थी। भारत की तरफ वाले काम की फंडिंग मिनिस्ट्री ऑफ डवलपमैंट ऑफ द नॉर्थ-ईस्टर्न रीज़न ने की थी, जबकि बांग्लादेश के हिस्से की राशि भारतीय विदेश मंत्रालय द्वारा दी गई थी।

## जयपुर ग्रामीण ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

में कांग्रेस प्रत्याशी रहे अनिल चोपड़ा को भाजपा के राव राजेन्द्र सिंह ने 1615 वोटों के अंतर से पराजित किया था।

## भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक 17 अगस्त को

नई दिल्ली, 13 अगस्त। भाजपा का नया अध्यक्ष कौन होगा? इसे लेकर अभी आलाकमान ने किसी एक नाम पर सहमति नहीं बनाई है। इस बीच देश की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा ने 17 अगस्त को अपने राष्ट्रीय पदाधिकारियों की एक बैठक बुलाई है, जिसमें पार्टी के सदस्यता अभियान को अंतिम रूप दिया जाएगा।

नए पार्टी अध्यक्ष के चुनाव से पहले यह अभियान पूरा करने का लक्ष्य है। इस बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों के अलावा विभिन्न राज्यों में पार्टी संगठन के प्रभारी महासचिव और प्रदेशों के अध्यक्ष भी शामिल होंगे। लंबे समय से चर्चा है कि अध्यक्ष के औपचारिक चुनाव पहले भाजपा एक 'कार्यकारी अध्यक्ष' नियुक्त कर सकती है।

## केन्द्रीय सरकार व राज्य सरकार...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

में दी गई हो। उसके बाद रिकवरी प्रक्रिया शुरु कर दी गई थी।

राज्य के मंत्री ने सुप्रीम कोर्ट के हाल के एक फैसे का हवाला देते हुए कहा कि यदि किसी भूमि को वन विभाग की भूमि मान लिया जाता है तो वह हमेशा के लिए वन विभाग की भूमि रहती है। उन्होंने आगे कहा कि पर्यावरण नागरिक अधिकारों से अधिक महत्वपूर्ण होता है। वन विभाग के मंत्री ने अतिरिक्त मुख्य सचिव से कहा कि वह एच.एम.टी. की 559 एकड़ भूमि में से 281 एकड़ भूमि को रिकवर करने के कदम उठाए। सूत्रों ने बताया कि यह कदम पुनरुद्धार योजना को लेकर केन्द्रीय मंत्री के एच.एम.टी. के दौरे के बाद उठाया गया क्योंकि उनके दौरे का उद्देश्य सरकार के प्रयासों पर पानी फेरना था।

कुमारास्वामी ने कहा कि पूरी भूमि एच.एम.टी. की है। उन्होंने इस संबंध में साठ और सत्तर के दशक में पूर्व प्रधानमंत्रियों जवाहर लाल नेहरू और इंदिरागांधी के एच.एम.टी. में किए गए दौरों का उद्धहरण देते हुए कर्नाटक के लिए इसे महत्वपूर्ण बताया। एच.एम.टी. ने वर्ष 1970 में 270 करोड़ का लाभ कमाया था और हैदराबाद, उत्तराखण्ड, अजमेर तथा केरल में भी अपनी शाखाएं खोली थीं।

टाटा के ट्रैक्टर बिज़नैस में आगमन से पहले तक एच.एम. टी. की पिंजोर स्थित ट्रैक्टर मैकिंग यूनिट भारी सफलता प्राप्त कर रही थी। टाटा द्वारा उसके 350 कर्मियों को तोड़ लेने के बाद ही उसका पतन शुरु हुआ।

कुमारास्वामी ने वन मंत्री से प्रश्न किया कि वह इतने वर्षों तक क्यों चुप रहे। उन्होंने एच.एम.टी. की भूमि को रिकवर करने के समय को लेकर उनसे सवाल किया।

केन्द्रीय मंत्री कुमारास्वामी के मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के करीब 40 उपक्रम हैं। उन्होंने दुःख प्रकट करते हुए कहा कि उनमें से करीब 7 बंद होने की कगार पर है तथा वह उन्हें पुनर्जीवित करने का प्रयास कर रहे हैं।

कुमारास्वामी ने राज्य सरकार के दावे का विरोध करते हुए कहा कि एच.एम.टी. ने भूमि के बदले धन अदा किया था और राज्य सरकार को भूमि की रिकवरी प्रक्रिया शुरु करने का कोई अधिकार नहीं है।

## सिंघानिया ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सुनवाई के दौरान आर.एम.सी. की ओर से कहा कि उन्होंने गलती से याचिकाकर्ताओं से फीस ले ली थी और उन्हें इंटरव्यू के लिए बुला लिया था। इसके लिए आर.एम.सी. ने अदालत में खेद प्रकट कर कहा कि एन.एम.सी. एक्ट के तहत मान्यता लिए बिना एम.बी. बी. एस. कोर्स को मंजूरी नहीं दे सकते। वहीं यूनिवर्सिटी की दलील थी कि ऐसी कई अन्य यूनिवर्सिटी भी हैं, जो बिना मान्यता और कानूनी प्रावधानों के बिना ही कोर्स चला रही हैं।

वहीं याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता सुनील कुमार सिंगोदिया का कहना था कि उन्होंने नीट के जरिए ही यूनिवर्सिटी में प्रवेश लिया था और वे मेडिकल कोर्स करने के पात्र भी थे। उनकी ओर से प्रवेश लेने में कोई दुर्भावना व अनियमितताएं नहीं की गई हैं।

वहीं 18-20 साल के छात्र-छात्राओं से यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि उन्हें यूनिवर्सिटियों से जुड़े तकनीकी व कानूनी प्रावधानों की भी जानकारी हो। ऐसे में उनकी एम.बी.बी. एस. की डिग्री को वैध करार देते हुए आर.एम.सी. में उनका रजिस्ट्रेशन करवाया जाए। अदालत ने सभी पक्षों की बहस सुनने के बाद फैसला बाद में सुनाया जाना तय किया है।

## 'बहिन सुप्रिया के खिलाफ पत्नी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जाना उल्लेखनीय था।

उपमुख्यमंत्री ने ये टिप्पणियाँ अपनी "जन सम्मान यात्रा" के दौरान कीं। उनकी इस यात्रा का उद्देश्य विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं खास तौर से, "मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना" (एम.एम.एल.बी.वाई.) को प्रचारित प्रसारित करना है। इस योजना के अन्तर्गत, राज्य सरकार की योजना राज्य की सभी महिलाओं को 1500 रु. की मासिक वित्तीय सहायता प्रदान करने की है। यह राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में ट्रांसफर की जायेगी।

समाचार एजेंसी पी.टी.आई. के अनुसार, जब अजित पवार से पूछा गया कि वे अगले सप्ताह आ रहे रक्षाबन्धन के त्योहार पर अपनी चचेरी बहिन सुप्रिया सुले के पास जायेंगे अथवा नहीं, तो उन्होंने कहा कि इस समय वे दौरे पर है तथा अगर उस दिन वे और उनकी बहिनें एक ही जगह हुये, तो वे त्योहार पर उनसे निश्चित रुप से मिलेंगे।

उपमुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उन्होंने तय किया है कि इस यात्रा के दौरान वे उनकी आलोचनाओं पर प्रतिक्रिया देने के बजाय, केवल किसानों, महिलाओं तथा युवाओं के लिये लाई गई विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं के बारे में ही बातचीत करेंगे।

अजित पवार ने यह भी कहा कि शरद पवार वरिष्ठ नेता हैं तथा "पूरे परिवार के मुखिया" हैं तथा वे अपने चाचा द्वारा की गई किसी भी आलोचना पर प्रतिक्रिया नहीं देंगे।

यह पूछे जाने पर कि क्या सीनियर पवार पर सत्तारुढ़ भाजपा तथा शिवसेना निशाना साध रही हैं, एन.सी.पी. नेता ने कहा कि "महायुति" के घटक दलों को यह बात समझनी चाहिये कि वे क्या बोल रहे हैं। उन्होंने कहा, "जब हम साथ-साथ बैठते हैं, तब मैं अपनी राय व्यक्त करता हूँ।"

पिछले वर्ष जुलाई में, अजित पवार, बहुत से अन्य विधायकों के साथ, शिवसेना- भाजपा सरकार में शामिल हो गये थे। अजित पवार के इस कदम के फलस्वरुप, शरद पवार द्वारा स्थापित नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एन.सी.पी.) टूट गई थी। बाद में, चुनाव आयोग ने अजित के नेतृत्व वाले गुट को "असली" एन.सी.पी. घोषित कर दिया था।

सत्तारुढ़ गठबन्धन 'महायुति' के घटक दलों में गम्भीर मतभेद पहले से चल रहे हैं क्योंकि भाजपा का एक वर्ग पूरी तरह ऐसा मानता है कि अजित पवार को गठबन्धन में लाना एक बहुत बड़ी गलती थी।

उपमुख्यमंत्री के अपनी गलती के स्वीकरण से सत्तारुढ़ गठबन्धन की एकजुटता निश्चित रुप से प्रभावित होगी। शिवसेना (शिन्दे) के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि आगामी सप्ताहों में राज्य की राजनीति में हलचल पैदा होने की संभावना है।

## 'सिविक वॉलन्टियर स्कीम' क्या है...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अस्पताल में एक सिविक वॉलंटियर कार्यकर्ता द्वारा नृशंस प्रहार और बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई। सिविक वॉलन्टियर्स की नियुक्ति राज्य सरकार द्वारा "पैरा पुलिस फोर्स" के रूप में की जाती है। ये किसी भी पुलिस संगठन के कर्मचारी नहीं होते बल्कि इनका काम कुछ संस्थाओं में औपचारिक पुलिस फोर्स की सहायता करना होता है।

- **ममता बनर्जी सरकार द्वारा जिस लापरवाही से प्रदेश के आम नागरिकों व अब तो मैडिकल स्टूडैन्ट्स की सुरक्षा से खिलवाड़ किया गया है, उससे काफी बेचैनी फैली है तथा हाई कोर्ट ने मामले इस प्रकरण का स्वतः संज्ञान लेकर मामले की जाँच सी.बी.आई. को सौंपने का आदेश दिया है।**

सिविक वॉलन्टियर्स राज्य के मूलतः एक ऐसी राजनीतिक नियुक्ति है जिनमें युवकों को प्रतिमाह एकमुश्त 12,000 रूपए दिए जाते हैं, हालांकि अधिकांश मामलों में ये सिविक वॉलन्टियर्स स्वयं को पुलिस फोर्स का अंग बताकर असामाजिक हो जाते हैं।

इनमें से एक सिविक वॉलन्टियर आर.जी. कार मेडिकल कॉलेज तथा अस्पताल में मनमाने तरीके से घूमता-फिरता रहता था। उसका आना-जाना अस्पताल के इनर वार्ड्स तथा पेशेन्ट्स -ज़ोन्स में भी था। ज्ञातव्य है कि इन स्थानों तक केवल अधिकृत मेडिकल प्रैक्टिशनर तथा पैरा-मेडिकल ही जा सकते हैं।

सन्दर्भित मेडिकल स्टुडेन्ट ने लगातार 36 घंटे की ड्यूटी की थी तथा एक खाली कॉन्फ्रेन्स रुम में सोने के लिये चली गई थी। सन्दर्भित सिविक वॉलन्टियर उस कमरे में पहुँच गया, वहाँ उसने उस मेडिकल स्टुडेन्ट के साथ दुष्कर्म किया और फिर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद हुई पोस्ट-मॉर्टम रिपोर्ट बताती है कि उस पर क्रूरता से प्रहार किये गये, जिससे उस छात्र की गर्दन एवं हड्डियाँ टूट गईं।

इस दिल दहला देने वाली घटना से हमारा ध्यान राज्य में जवाबदेही तथा सुरक्षा के अभाव पर केन्द्रित हो जाता है। सन्दर्भित अपराधी इससे पहले अस्पताल में घूमता था तथा वहाँ लोगों को धमकाता था। अपने गले में सोने की मोटी चेन पहने वाला यह सन्दर्भित व्यक्ति अपने वस्त्रों पर कोलकाता पुलिस के राजकीय चिन्ह तथा बैच लगाये हुये होता था।

सिविक वॉलन्टियरों की नियुक्ति तथा हाल ही में इनके बारे में हुये अनुभव दर्शाते हैं कि इन लोगों का चयन और नियुक्ति कितने गैर जिम्मेदाराना तरीके से हुई हैं।

चयन और नियुक्ति की पूरी प्रक्रिया अनियमितताओं तथा मनमानीपूर्ण है। लेकिन सरकार अपनी बात पर अड़ी हुई है तथा वास्तविकता को देखने से इनकार कर रही है।

सबसे बुरी बात यह है कि पुलिस मंत्री स्वयं मुख्यमंत्री ही हैं तथा इस समय पुलिस प्रशासन जिस तरह से चलाया जा रहा है, उसमें किसी प्रकार की कोई जवाबदेही नहीं है।

मेडिकोज़ तथा जनसामान्य की न्यूनतम सुरक्षा के ऐसे उल्लंघन, एवं उसकी ऐसी विफलता के बाद भी, पुलिस मंत्री उदासीन एवं भावविहीन बनी हुई हैं।






राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908